# स्वच्छकों को भुगतान सीधे बैंक खातों में करें

## मंडलायुक्त दीपक रावत ने महिला अस्पताल की पीएमएस को दिए निर्देश, जनसुनवाई में कई समस्याओं का समाधान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में समस्याओं पर जन सुनवाई की। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया।

जनसुनवाई में महिला अस्पताल की स्वच्छकों ने बताया कि उन्हें ठेकेदार की ओर से प्रतिमाह 5500 रूपये मानदेय मिलता है जो कि न्यूनतम है। ठेकेदार वेतन का भुगतान नगद देता है। उपश्रमायुक्त ने मंडलायुक्त को जानकारी दी कि स्वच्छक अकुशल श्रेणी में आते है जिनका वेतन लगभग 10,500 रूपये प्रतिमाह है। इस पर मंडलायुक्त ने महिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्साधीक्षक को स्वच्छकों का मानदेय ऑनलाइन बैंक खाते में देने और बीते दो वर्षों का एरियर के भुगतान करने का निर्देश दिए। रुद्रपुर की गोकुलधाम रिद्धी कॉलोनी वासियों ने बताया कि कॉलोनी में नाले पर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे बारिश में पानी निकासी नहीं होती है। इस पर मंडलायुक्त ने अतिक्रमणकारी को तलब कर नाले से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जगदीश चन्द्र निवासी निगलाट ने बताया कि कुछ व्यक्तियों ने उनकी कब्जे की भूमि किसी दूसरे के नाम कर दी है जबकि वह बीते 60 वर्षों से भूमि पर काबिज हैं। मंडलायुक्त ने तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर भूमि की जांच कर नियमानुसार दाखिल खारिज के निर्देश दिए। ममता बिष्ट निवासी ग्राम देवलातल्ला गौलापार ने बताया कि प्रार्थिनी की जो भूमि है विरासतन उनके ससुर के नाम है। उस भूमि में प्रार्थिनी व बच्चों को हिस्सा दिलाने की मांग की। बंसत कुमार निवासी हल्द्वानी ने बताया कि आवागमन का रास्ता बन्द कर दिया है। इस पर मंडलायुक्त ने जांच कर आख्या पेश करने के निर्देश दिए।


कैंप कार्यालय में जनसुनवाई करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

### भूमि क्रय से पूर्व राजस्व निरीक्षक से करवाएं जांच

मंडलायुक्त रावत ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में जमीनों के झूठे अभिलेखों से रजिस्ट्रेशन व दाखिल खारिज होता है इसकी रोकथाम के लिए जरूरी है कि खतौनी में खेत नंबर अवश्य चेक किया जाएगा। भूमि क्रय से पूर्व राजस्व निरीक्षक से स्थलीय निरीक्षण कराया जाए ताकि भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। उन्होंने सब रजिस्ट्रारों को रजिस्ट्री व दाखिल खारिज करने से पूर्व सभी अभिलेखों का भलीभांति जांच करने के निर्देश दिए।

### निजी संस्थान में काम करने वाले नियुक्ति पत्र अवश्य लें

मंडलायुक्त रावत ने कहा कि निजी संस्थानों में जो भी लोग काम करते हैं, संस्थान का नियुक्ति पत्र अवश्य लें। संस्थान में कार्य करने वाले लोगों को संस्थान की ओर से मिलने वाले देयकों के भुगतान की जानकारी होनी आवश्यक है ताकि भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। उन्होंने उपश्रमायुक्त को शहर के निजी संस्थानों में कार्यरत सभी लोगों के नियुक्ति पत्रों की जांच करने के निर्देश दिए।


## एक नजर

### पछासं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी : परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) की हल्द्वानी इकाई ने शनिवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु व अवतार सिंह संधू 'पाश' की शहादत दिवस पर एमबीपीजी कॉलेज के सामने डीडी पंत पार्क पर श्रद्धांजलि सभा व परिचर्चा का कार्यक्रम किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की शहादत को 93 वर्ष बीत गए हैं। यह सभी क्रांतिकारी देश के अंदर ब्रिटिश साम्राज्यवादियों-पूंजीपतियों के लूट, शोषण-उत्पीड़न, दमन के खिलाफ एक बराबरी का समाज बनाना चाहते थे। इन शहीदों के शहादत के इतने वर्षों बाद भी उनके सपनों का भारत बनाना अभी बाकी है। कहा कि शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है। सरकारी कॉलेज-संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बजाए केवल सर्टिफिकेट बांटने के अड्डे बनते जा रहे हैं। बेरोजगारी पिछले 40-45 सालों में अपने सबसे ऊंचे दौर में है। छात्र-नौजवान डिग्रियां लेकर नौकरी के लिए भटकने को मजबूर हैं। वहां पर महेश, चंदन, हेमा, रूपाली और विपिन आदि मौजूद रहे।

### आचार संहिता के चलते नहीं हो पाया डीएसए पार्किंग का टेंडर

**नैनीताल, अमृत विचार:** आचार संहिता के चलते डीएसए पार्किंग का चौथी बार भी टेंडर नहीं हो पाया। इस बार पालिका ने डीएसए का बेस प्राइज एक करोड़ 15 लाख कर टेंडर अपलोड किए थे। इसका टेंडर शनिवार को किया जाना था। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि आचार संहिता के कारण टेंडर नहीं किया। चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बाद टेंडर किया जाएगा।




# समस्याओं के निस्तारण को जनता से संवाद कर रही सरकार

**आयोजन**

- प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर हुई विचार गोष्ठी में भाजपा विधायकों व पदाधिकारियों ने रखे विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मुखानी स्थित बैंक्वेट हॉल में विचार गोष्ठी हुई।

गोष्ठी में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि सभी जाति, वर्गों, धर्मों का सम्मान किया जा रहा है। सरकार जन-जन तक पहुंच कर काम कर रही है। विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि सरकार लगातार जनता से संवाद कर रही है ताकि उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जा सके। मंडी बोर्ड के चेयरमैन अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी देवभूमि का मूल स्वरूप कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। निवर्तमान मेयर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला ने कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उनकी जनसमस्याओं का निदान कर रही है। पानी, सड़क, बिजली हर बुनियादी जरूरतों के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का संगठन है। बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख संगठन की रीढ़ है। बूथ टोलियां बन चुकी हैं। संगठन सरकार के साथ लगातार सामंजस्य बनाकर मजबूती से काम कर रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, विधायक सरिता आर्या, अल्का जीना, राशि जैन, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, दिनेश आर्या, चंदन बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, भुवन भट्ट, योगेश रजवार मौजूद रहे।


हल्द्वानी में आयोजित विचार गोष्ठी में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### केंद्रीय मंत्री भट्ट ने राज्य सरकार की दो साल की उपलब्धियां गिनाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाजपा की प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

शनिवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई प्रेस वार्ता में केंद्रीय मंत्री भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार में 24 माह में 48 गारंटी दी हैं। समान नागरिक संहिता लागू कर देश का पहला राज्य बना। नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी, दंगारोधी कानून, महिलाओं को 30 प्रतिशत और राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, लखपति दीदी, नारी सशक्ति, एक जनपद दो उत्पाद, होम स्टे, अपणि सरकार पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, मानसखंड, शारदा एवं हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, रोपवे कनेक्टिविटी, सैन्य धाम, शहीद सैनिक के परिवार को नौकरी, हेली सुविधा, सीएम अंत्योदय निशुल्क गैस रिफिल योजना, एएनटीएफ गठन, नई फिल्म नीति जैसे दर्जनों उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जन-जन तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, कार्तिक हर्बोला, हरिमोहन अरोरा आदि मौजूद रहे।




### आईवीआरआई मुक्तेश्वर में बकरी पालन पर दिया जोर


आईवीआरआई मुक्तेश्वर में बकरी पालन पर प्रशिक्षण में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**भीमताल, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) मुक्तेश्वर में जन जाति उप योजना के अंतर्गत बकरी पालन पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 पशुपालकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान साईलेज बनाने की वैज्ञानिक विधि, पशुओं के शरीर का तापमान लेने की विधि, पशु गोबर की जांच आदि जानकारियां दी गईं। इस मौके पर संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. बी मंडल, मुख्य समन्वयक डॉ. मधुसूदन एपी, डॉ. अमोल गुरव, अमीर समल, नीतिश खड़ायत आदि मौजूद रहे।

### हेम चन्द्र अध्यक्ष, गंगा प्रसाद बने कोषाध्यक्ष


फरसौली रोडवेज कार्यशाला में नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**भीमताल, अमृत विचार :** फरसौली रोडवेज कार्यशाला में उत्तराखंड रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन का चुनाव विनोद पुड़ियाल, पूनम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव की अध्यक्षता लाखन लाल ने की। सर्वसहमति से हेम चन्द्र बेलवाल को शाखा अध्यक्ष, अखिलेश जोशी को शाखा मंत्री, जितेंद्र सिंह, ललित मेहरा को उपाध्यक्ष, जितेंद्र मेलकानी संगठन मंत्री, गंगा प्रसाद कोषाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार, कौशल किशोर संयुक्त मंत्री, बिशन सिंह को लेखा परीक्षक, ललित जोशी को प्रचार मंत्री, कार्यालय सचिव भवान सिंह, क्षेत्रीय प्रतिनिधि लखन लाल हरभजन सिंह, प्रांतीय प्रतिनिधि सतनाम सिंह, वीपी जैन को चुना गया।










### वृद्धजनों को मतदान के लिए जागरूक किया

**भीमताल, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने और दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को मतदान के लिए जागरुक किए जाने के लिए समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में शिविर आयोजित हुआ। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नोडल अधिकारी दिपांकर घिल्डियाल ने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष सक्षम एप जारी किया गया है, जिसमें लोक सभा चुनाव में 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले या फिर किसी कारणवश छूटे दिव्यांगजन घर बैठे एप के जरिए अपना वोट बनवा सकते हैं। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांगजन पहचान पत्र में फोटो और त्रुटियों का सुधार भी किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रबन्धक निर्वाण नशा मुक्ति केन्द्र रश्मि पंत, दिनेश आगरी, ललिता कोश्यारी, मनीष बिष्ट, गिरीश रेखाड़ी, आनंद सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।






आज रात्रि में 11.30 से 12.45 बजे तक होलिका दहन किया जा सकता है, शहर के सभी पुरोहितों ने मिलकर निर्णय लिया

# आज होगा होलिका दहन, कल खेला जाएगा रंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** इस साल रंगों का पर्व होली पूरे हर्षोल्लास के साथ सोमवार, 25 मार्च को मनाई जाएगी लेकिन होली के ठीक एक दिन पहले फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर पूरे दिन भर भद्रा होने की वजह से होलिका दहन आज 24 मार्च को रात में ही किया जा सकेगा।



पट्ल चौक स्थित आंवलेश्वर मंदिर के पुजारी व रामलीला कमेटी के व्यास पं. पुष्कर चंद्र भट्ट गोपाल जी शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष आज होलिका दहन किया जाएगा लेकिन फाल्गुन की पूर्णिमा में भद्रा के बाद ही होलिका दहन का विधान होता है। आज रात्रि में 11.30 से 12.45 बजे तक होलिका दहन किया जा सकता है।

ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को होली का उत्सव मनाया जाता है। हालांकि, इस बार 25 और 26 को दो पूर्णिमा होने की वजह से असमंजस की स्थिति पैदा हो रही है। रविवार, 24 मार्च की रात भद्रा समाप्त हो जाएगी, जिसके बाद पूर्णिमा को होली का उत्सव मनाया जा सकता है। देशभर में 25 मार्च को ही होली का उत्सव मनाया जा रहा है। हालांकि, यह होली काशी पंचांग के अनुसार मनाई जाएगी।

व्यास पं. पुष्कर चंद्र भट्ट ने कहा कि शहर के सभी पुरोहितों ने मिलकर निर्णय लिया है कि सोमवार, 25 जनवरी को होली मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता के लिए सभी को त्योहारों में एकरूपता लाने का प्रयास करना चाहिए।

## आज सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी ने कहा कि आज 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। साथ ही, आज सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है।



उन्होंने कहा कि होलिका दहन पर कुछ उपाय करने से जीवन में बदलाव आ सकते हैं, लंबे समय से आर्थिक परेशानी से जूझ रहे जातकों को घर के मुख्य द्वार पर गुलाल डालकर दोमुखी दीपक जलाना चाहिए। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से जूझ रहे जातकों को होलिका दहन के समय अग्नि के सात फेरे लगाकर होलिका दहन की राख से तिलक करना चाहिए, स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। तनाव ग्रसित जातकों को होलिका दहन के दिन सफेद वस्तुओं का दान करना शुभ रहेगा। साथ ही, चंद्र दर्शन करना शुभ फल कारक रहेगा। उन्होंने कहा कि होली की भस्म का टीका लगाने से दृष्टि दोष तथा प्रेत बाधा से मुक्ति मिलती है। होलिका दहन की अग्नि के दर्शन एवं परिक्रमा करने से राहु-केतु के नकारात्मक प्रभाव दूर होते हैं।

# एसएसपी ने ड्यूटी से नदारद सिपाही को किया सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दफ्तर जा रहे एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा की गाड़ी अग्रसेन चौक पर जाम में उलझी तो ड्यूटी पर तैनात सिपाही की कलई खुल गई। वह ड्यूटी से नदारद था। जबकि वहां तैनात एक महिला होमगार्ड अकेले ही यातायात संभाल रही थी। एसएसपी ने महिला होमगार्ड को प्रशस्ति पत्र दिया और ड्यूटी से गायब सिपाही को सस्पेंड कर दिया।

दरअसल, लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए अपने दफ्तर पुलिस बहुउद्देशीय भवन जा रहे थे। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह वह अग्रसेन चौराहा और सिंधी चौराहा पहुंचे तो वहां यातायात बाधित था और एसएसपी की कार भी जाम में फंस गई। इस पर वह कार से उतरे खुद यातायात सुचारू करने लगे। साथ ही पता किया कि चौराहे पर किसकी ड्यूटी थी। पता लगा कि जिस सिपाही ताज मोहम्मद की वहां ड्यूटी लगाई गई थी वह मौके से गायब था। एसएसपी ने कोतवाल उमेश मलिक और मंगलपड़ाव चौकी इंचार्ज दिनेश चंद्र जोशी को मौके पर बुलाया और एक घंटे सिंधी चौराहे पर ड्यूटी देने के निर्देश दिए। एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि महिला होमगार्ड चंपा पनेरू अकेले सिंधी चौराहे से अग्रसेन चौक तक यातायात को सामान्य करने में लगी हुई थी।

## एक नजर

### होली पर कल बंद रहेंगे सरकारी दफ्तर

**हल्द्वानी :** सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि होलिका दहन रविवार (24 मार्च) की रात्रि को किया जाएगा जबकि होली का पर्व सोमवार (25 मार्च) को मनाया जाएगा। सोमवार को ही सभी सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे और मंगलवार को विधिवत कार्यालय खुलेंगे। उन्होंने बताया कि प्राचीन होली मैदान में रविवार की रात को विधिवत पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया जाएगा। अगले दिन सुबह सोमवार को होली पर्व मनाया जाएगा।

### रोडवेज कार्मिकों को मिलेगा दो हजार रुपये अग्रिम भुगतान

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड परिवहन निगम ने होली के पर्व पर कर्मचारी संगठनों की मांग पर नियमित कार्मिकों, तकनीकी, संविदा, विशिष्ठ, बाह्य स्रोत के कार्मिकों को भी दो हजार रुपये अग्रिम का भुगतान करने का निर्णय लिया है। निगम के वित्त नियंत्रक मो. गुलफाम अहमद ने निगम के अधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि कार्मिकों को अग्रिम भुगतान के लिए लिखित प्रार्थना पत्र प्रेषित करना होगा। प्रार्थना पत्र पर सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। नियमित कार्मिकों के अग्रिम की कटौती प्रत्येक दशा में 4 प्रतिशत डीए की द्वितीय किश्त से की जानी होगी।

### रानीखेत एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल चोरी

**हल्द्वानी :** काठगोदाम से दिल्ली जा रहे एक यात्री की सीट पर रखे बैग से उसका मोबाइल चोरी हो गया। काठगोदाम स्थित गायत्री नगर फेज-दो निवासी चंद्र भान सिंह रावत ने जीआरपी थाने में दी तहरीर में बताया कि 19 मार्च को वह दिल्ली की यात्रा के लिए काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। बताया कि रानीखेत एक्सप्रेस के कोच संख्या बी 2 में उनकी सीट पर बैग रखा था। किसी ने मोबाइल चोरी कर लिया।

# करोड़ों डकारने वालों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

चिट फंड फ्रॉड : हल्द्वानी, कालाढूंगी, दन्या और बागेश्वर में दर्ज हैं मुकदमे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अलग-अलग जिलों में चिट फंड कंपनी खोल कर करोड़ों के वारे-न्यारे करने वाले एक गैंग पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। कई फर्जी कंपनियां खोलकर उसने कुमाऊं के कई जिलों में अपना जाल फैलाया और हजारों लोगों की गाढ़ी कमाई हड़प ली। गैंग लीडर अरविंद पंत गिरोह पर हल्द्वानी कोतवाली के अलावा कालाढूंगी, दन्या और बागेश्वर में मुकदमे दर्ज हैं।

हल्द्वानी कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद अरविन्द पंत निवासी सोल्जर्स कालोनी बिठौरिया नंबर एक मुखानी, संतोष पंत निवासी गायत्री नगर शारदा फैक्ट्री के पीछे थाना काठगोदाम और आनंद सिंह मेहरा निवासी ज्वाहर ज्योति दमुवाढूंगा थाना काठगोदाम के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। इसमें गैंग का लीडर अरविंद पंत है। ये गैंग लोगों से आरडी, एफडी व बचत खाते खुलवाकर इनवेस्टमेंट कराते थे और उनकी मेहनत की गाढ़ी कमाई हड़प लेते थे। अनुमान है कि गैंग ने अभी तक 15 करोड़ रुपये से अधिक का गबन किया है।

## जिन्हें नौकरी दी उन्हें भी नहीं बख्शा

**हल्द्वानी :** बरमधार नाई धारी नैनीताल निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र नारायण सिंह उन्हीं में से एक हैं, जिन्हें पंत ने नौकरी दी और फिर उन्हें ही ठग लिया। राजेंद्र 10 हजार रुपये महीने में पंत की गाड़ी चलाता था। पंत ने राजेंद्र को झांसे में लिया और राजेंद्र ने अपने दोस्तों, चाचा व अन्य रिश्तेदारों के करीब 25 लाख रुपये आरडी, एफडी, एमआईएस और दैनिक लघु बचत योजनाओं में इनवेस्ट करा दिए। इस कंपनी में 7 हजार से अधिक लोगों के खाते खुलवाए गए थे।

- फर्जी कंपनियां खोलकर कुमाऊं के कई जिलों में जाल फैलाया
- गैंग पर 15 करोड़ रुपये से अधिक का गबन करने का है अनुमान

### ये हैं शातिर ठग पंत की फर्जी कंपनियां

1. विजन सोशल सोसाइटी
2. अतुल विजन वेलफेयर सोसाइटी
3. विदित अक्षय विजन निधि लिमिटेड
4. अपूर्व कुमाऊ सदस्य विकास निधि लिमिटेड
5. एराइज गैलेक्सी

### 21 लोगों का सवा दो करोड़ गबन किया

**हल्द्वानी :** ये मामला वर्ष 2022 का है। तब गैंग लीडर अरविंद पंत अक्षय विजन निधि लिमिटेड कंपनी के नाम से फर्जीवाड़ा कर रहा था। इस वर्ष उसने 21 लोगों से सवा दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की थी। पंत खुद को इस कंपनी का सीएमडी बताता था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने कमोला निवासी हरीश चंद्र बधानी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था।

## टैक्सी के नाम पर चल रही प्राइवेट स्कूटी सीज की

**नैनीताल:** निजी स्कूटी को टैक्सी के नाम पर किराए पर देने पर पुलिस की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी है। बिना लाइसेंस स्कूटी चलाने पर यातायात पुलिस ने युवक के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है।

शनिवार को नैनीताल में यातायात पुलिस की ओर से अभियान चलाया गया। इस दौरान तल्लीताल क्षेत्र में एक युवक पुलिस को देख स्कूटी लेकर भागने लगा तो पुलिस ने उसको रोक लिया। पूछताछ में पता चला कि युवक झारखंड से नैनीताल घूमने आया था उसने बिना लाइसेंस के 1500 रुपये में प्राइवेट स्कूटी किराए में ली थी।

टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि झारखंड निवासी शाहिल कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पवन कुमार की यूके 04 एएफ 6132 स्कूटी सीज कर दी है। वहीं प्रतिबंध के बाद नैनीताल में टैंपो ट्रेवलर लाने पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने कहा कि यातायात दुरुस्त करने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# परिजनों ने डांटा तो किशोरी ने जहर खाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** परिजनों की डांट से नाराज से एक किशोरी ने जहर खा लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे एसटीएच लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक गोरापड़ाव निवासी 13 वर्षीय किशोरी ने गेहूं में डालने वाली दवा खा ली। अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन डॉ.सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मेडिकल चौकी पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजा और शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया।

पुलिस के मुताबिक परिजनों से शुरूआती बातचीत में परिजनों के डांटने के बाद विषैला पदार्थ खाने की बात सामने आई है। चौकी प्रभारी मेडिकल प्रवीण तेवतिया ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले को लेकर जांच की जाएगी।

**दुखद**
- गेहूं में रखने वाली जहरीली दवा निगलने से हुई मौत
- गंभीर हालत में लाई गई एसटीएच, इलाज के दौरान मौत

### किसान की मौत, जहर खाने की आशंका

**हल्द्वानी :** एक किसान की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सूफी रामगढ़ निवासी चंदन सिंह (37 वर्ष) शुक्रवार की शनिवार को ही अचानक तबियत बिगड़ी थी। परिजन एसटीएच लेकर पहुंचे जहां रात करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। शुरूआती जांच में जहरीला पदार्थ खाने की बात सामने आई है। चंदन सिंह के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं।

# सिगरेट पीने के बाद बिगड़ी हालत, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कौसानी घूमने गए एक टैक्सी चालक की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। एक सिगरेट पीने के बाद उसकी हालत बिगड़ी तो फिर काबू में नहीं आई। दो अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मेडिकल चौकी पुलिस के मुताबिक अल्मोड़ा के दन्या निवासी विनोद कुमार (35) टैक्सी चालक था। शुक्रवार की सुबह वह कौसानी घूमने गया था।

बताया कि वहां उसने सिगरेट पी और कुछ देर बाद अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। उसके साथियों ने नैनीताल स्थिति बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद हल्द्वानी एसटीएच में रेफर कर दिया गया।

यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस के अनुसार मामले को लेकर जांच की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई होगी।

**मामला**
- पहले नैनीताल और फिर इलाज के लिए लाया गया एसटीएच
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का चलेगा पता

# डीआईजी ने तलब की अपराधियों की रिपोर्ट, रडार पर रिश्तेदार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने सख्त रवैया अपना लिया है। डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत ने सभी जिलों के एसएसपी से पेशेवर अपराधियों की तलब ली है। साथ ही कहा है कि इन जेल में बंद और जेल से बाहर अपराधियों की निगरानी के साथ इनके रिश्तेदारों और करीबियों की निगरानी की जाए।

बताया जा रहा है कि सिर्फ नैनीताल जिले में 52 लोगों की एक सूची तैयार की गई है। इनमें जिलाबदर, हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के आरोपी हैं। पुलिस ने इनकी जानकारी जुटाकर इनके परिवार और रिश्तेदारों की कुंडली भी तैयार की है।

इन पर लगातार नजर रखते हुए संदिग्धता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि जिलाबदर हुए अपराधियों की लोकेशन पर भी पुलिस ने नजर पैनी कर दी है। मोबाइल ट्रेसिंग से लेकर मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है।

## हारिश की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली से मॉनिटरिंग

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा हिंसा के बाद से सुरक्षा एजेंसियों सीधे दिल्ली और देहरादून से हल्द्वानी की मॉनीटरिंग कर रही है। बता दें कि बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी। इसके बाद तीन दिन पहले असम में गिरफ्तार हुए भारत में आईएसआईएस प्रमुख हारिश फारुखी की गिरफ्तारी के बाद बाद सामने आई बम ट्रायल की बात ने और भी सनसनी फैला दी।

- लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी जिलों की पुलिस को निर्देश
- मोबाइल ट्रेसिंग, खुफिया और स्थानीय पुलिस जुटाएगी डाटा

> आपराधिक गतिविधियों में शामिल हर व्यक्ति की मॉनटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। भौतिक और सोशल मीडिया सेल से निगरानी को बढ़ा दिया गया है। किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
> **पीएन मीणा**, एसएसपी नैनीताल

# सिपाही ने रोकी एसएसपी की कार, डिग्गी खुलवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आधी रात सुरक्षा व्यवस्था भांपने निकले एसएसपी को एक सिपाही ने रोक लिया और उनकी कार की तलाशी ले डाली, लेकिन जैसे ही उसे पता लगा कि वह जिसकी तलाशी ले रहा है वह जिले के कप्तान हैं, वह सकते में आ गया, लेकिन कप्तान ने सिपाही की कार्यशैली के लिए उसे प्रोत्साहित किया।

आचार संहिता और होली के पर्व को देखते हुए पूरे जिले में पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश हैं। इसे देखते हुए रात करीब साढ़े 12 बजे एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा अपनी प्राइवेट कार और एक साथी के साथ जिले में भ्रमण पर निकल पड़े। हल्द्वानी से वह रामनगर रूट पर निकले।

वह आम्रपाली चौकी पहुंचे तो वह बेरीकेडिंग कर एक सिपाही ने उनकी कार रोक ली। आने-जाने का कारण पूछा और फिर कार की तलाशी देने को कहा। एसएसपी ने भी बगैर कोई सवाल किए कार की डिग्गी खोल दी। डिग्गी खाली थी, लेकिन कुछ ही दूर खड़ा एक सिपाही एसएसपी को पहचान गया। उसने चेकिंग कर रहे साथी सिपाही को आगाह किया तो उसके हाथ-पैर फूल गए।

- आधी रात प्राइवेट कार में सुरक्षा भांपने निकले थे एसएसपी
- आम्रपाली और नयागांव चौकी पर रोक कर चेक की कार

## मधुमक्खियों के हमले में एक गंभीर

**चोरगलिया:** बाजार स्थित शौचालय में काम करने वाले कर्मचारी मंगल सिंह पर सैकड़ों मधुमक्खियों ने एक साथ हमला कर दिया। मंगल सिंह शौचालय के छत पर पानी की टंकी का पाइप ठीक कर रहे थे। बड़ी मुश्किल से छत से उतरे और वहीं पर गिरकर बेहोश हो गए। लेकिन मधुमक्खियां उन्हें छोड़ नहीं रही थीं। उनका छोटा बेटा छोटू सिंह उन्हें बचाने आया तो मधुमक्खियों ने उस पर भी हमला कर दिया। वह अपनी जान बचाकर भागने लगा। दुकानदार अपनी दुकान का शटर गिराकर अंदर ही छुप गए। मंगल सिंह 20 मिनट तक अपने शौचालय के आगे ही पड़े रहे। फॉरेस्ट के कर्मचारी दीपू बिष्ट ने धुआं लगाकर मधुमक्खियों को मंगल सिंह से अलग किया। बेहोशी की हालत में उन्हें हल्द्वानी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**सतर्कता** खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चलाया चेकिंग अभियान, साफ-सफाई के दिए निर्देश

# खाद्य सामग्रियों के वाहनों की जांच, नमूने लिए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** होली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा टीम ने बाहरी क्षेत्र से खाद्य पदार्थ लाने वाले वाहनों की चेकिंग कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। साथ ही मिष्ठान प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया।

शनिवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन देहरादून के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी/लालकुआं कैलाश चन्द्र टम्टा ने टीम के साथ हल्द्वानी में बाह्य क्षेत्रों से खाद्य पदार्थ लाने वाले खाद्य कारोबारियों के वाहनों का निरीक्षण अभियान चलाकर विभिन्न वाहनों से खोया, दूध आदि के नमूने लिये। जिसमें खोया के दो, दूध के दो नमूने लिये गए। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने विभिन्न मिष्ठान विक्रेता प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण कर नमूने एकत्र किये। कुसुमखेड़ा स्थित एक प्रतिष्ठान से गुजियों का नमूना और एक अन्य प्रतिष्ठान से खोया का नमूना जांच के लिए लिया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी टम्टा ने खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई से खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय करने के निर्देश दिये। साथ ही मानकों का अनुपालन न करने की स्थिति में खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की चेतावनी भी दी।


हल्द्वानी में खाद्य पदार्थ लाने वाले वाहनों से दूध के नमूने लेती टीम। ● अमृत विचार

### नैनीताल में भी खाद्य सामग्री के भरे सैंपल

**नैनीताल :** होली पर मिलावटी की आशंका पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने चार दुकानों से मिठाई व खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे गए। शनिवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह के नेतृत्व में विभागीय व राजस्व कर्मियों ने तल्लीताल व मल्लीताल क्षेत्र में अभियान चलाया। तल्लीताल मिठाई दुकानों के निरीक्षण के दौरान टीम ने आनंद स्वीट हाउस से गुजिया, साह जनरल स्टोर से पापड़, मल्लीताल स्थित नयना स्वीट्स से खोया व साह एंड कंपनी से घी के सैंपल भरे। विक्रेताओं को मिठाई में एक्सपायरी तिथि अंकित करने के निर्देश दिए गए हैं।



# होली पर डायवर्ट रहेगा रूट बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** होली को देखते हुए पुलिस ने शहर में डायवर्जन लागू कर दिया है। रूट डायवर्जन के दौरान शहर में कहीं से भी बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा। पर्व के दौरान पुलिस ने वाहनों के लिए पार्किंग का प्रबंध भी किया है। डायवर्जन 24 मार्च से 26 मार्च तक सुबह 9 से रात 9 बजे तक लागू रहेगा।

डायवर्जन के तहत बडे वाहन (रोडवेज बस, निजी बस, सिडकुल की बस, ट्रक) शहर में प्रवेश नहीं करेंगे। रामपुर रोड और बरेली रोड के वाहन तीनपानी तिराहा से गौला बाईपास होते हुए काठगोदाम जाएंगे। भीमताल और नैनीताल की ओर से आने वाले भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगे। कालाढूंगी की ओर से आने वाले लालडाठ तिराहा से पनचक्की, हाईडिल होते हुए नैनीताल रोड पर निकलेंगे। गौलापुल/रेलवे कासिंग से शहर के अन्दर बडे वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी से बरेली रोड और रामपुर रोड जाने वाली बसें केमू स्टेशन से ताज चौराहा से गौला बाईपास की ओर जाएंगी। रोडवेज से कालाढूंगी रोड की ओर जाने वाली रोडवेज बसें केमू स्टेशन तिराहे से तिकोनिया, हाईडिल, पनचक्की होते हुए लालडॉट तिराहे पर निकलेंगी।

**सतर्कता**

- सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक लागू रहेगा डायवर्जन
- गौलापुल रेलवे क्रासिंग से बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

### छोटे वाहनों के लिए तय किया गया ये रूट

**हल्द्वानी :** बरेली रोड की ओर से आने वाले गौला बाईपास से होकर जाएंगे। शेष छोटे वाहनों को गांधी इंटर कॉलेज तिराहा से एफटीआई तिराहा, आईटीआई तिराहा होते हुए मुखानी चौराहे से हाइडिल, कॉलटैक्स तिराहा नैनीताल रोड होते हुए भीमताल रोड की ओर भेजा जाएंगे। रामपुर रोड की ओर से आने वाले आईटीआई तिराहा से डायवर्ट होकर उक्त रूट का उपयोग करेंगे। कालाढूंगी रोड की ओर से आने वाले नवाबी रोड तिराहे से कुल्यालपुरा चौराहा होते हुए नैनीताल रोड निकलेंगे। नैनीताल रोड से आने और बरेली रोड जाने वाले नारीमन तिराहासे गौला बाईपास होकर निकलेंगे।

### तिकोनिया तिराहे से मंगलपड़ाव तक सभी वाहन रहेंगे प्रतिबंधित

**हल्द्वानी :** किसी भी प्रकार के छोटे-बड़े वाहन सिंधी चौराहे, सिटी चौराहा, कालाढूंगी चौराहा, ओके होटल चौराहा और ताज चौराहे से बाजार के अन्दर प्रवेश नहीं करेंगे। तिकोनिया तिराहे से मंगलपडाव तक कोई भी वाहन प्रवेश नहीं करेंगे।

### यहां होगी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था

**हल्द्वानी :** दो पहिया वाहनों की पार्किंग मिनी स्टेडियम टैम्पो स्टैंड पर रोड के बायी तरफ, सिंधी स्वीट्स के बगल में मैजिक स्टैण्ड पर, लक्ष्मी शिशुमन्दिर (मंगलपडाव), सरस बाजार और एचएन इंटर कॉलेज में चार पहिया वाहनों की पार्किंग होगी। दोपहिया और चौपहिया वाहन तहसील परिसर में पार्क हो सकेंगे।

### यहां से मिलेंगे ऑटो

**हल्द्वानी :** भोलानाथ ऑटो स्टैण्ड जेल रोड तिराहे से संचालित होगा। इसी तरह ओके होटल ऑटो स्टैण्ड बर्फ वाली गली से, सिंधी स्वीट्स मैजिक स्टैंड और सरगम ऑटो स्टैंड एचएन इंटर कालेज रामपुर रोड से संचालित होगा।

# नशे में धुत फौजी ने सिपाही को पीटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- एक कार में टक्कर मारने के बाद बीच सड़क किया फौजी ने हंगामा
- सड़क पर लगा जाम, सिपाही ने टोका तो फौजी ने की मारपीट

**अमृत विचार :** कोतवाली के पास यातायात ड्यूटी पर तैनात एक सिपाही को नशे में धुत फौजी ने पीट दिया। घटना से बीच सड़क जाम लग गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फौजी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम दिनेशपुर ऊधमसिंहनगर निवासी सौरभ सिंह बिष्ट बताया जा रहा है।

यातायात के सिपाही आकाश कुमार की शनिवार को नैनीताल डिस्ट्रिक बैंक तिराहे पर ड्यूटी लगी थी। दोपहर काठगोदाम की ओर से एक बैंक तिराहे से मुड़कर कालाढूंगी रोड की ओर जा रही थी। तभी तिराहे पर पीछे आई कार ने आगे जा रही कार में टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों कार चालकों ने कार सड़क के बीच में खड़ी कर दी और बहस शुरू कर दी। जाम की स्थिति बनने लगी। मौके पर मौजूद सिपाही आकाश ने बीच-बचाव किया तो टक्कर मारने वाली कार में सवार दो लोग उससे भिड़ गए। दोनों खुद को फौजी बता रहे थे और नशे में धुत थे। लाख समझाने पर भी दोनों नहीं मानें और एक ने आकाश को पीट दिया। इस बीच वहां जाम लग गया। जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

### काठगोदाम से नैनीताल और कालाढूंगी से नैनीताल रूट वनवे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पर्यटन सीजन पर हर बार जाम से जूझने वाली हल्द्वानी और उसकी सड़कों पर पुलिस जाम मुक्त करने की तैयारी है। इसको लेकर पुलिस रविवार को काठगोदाम से नैनीताल और कालाढूंगी रोड के छोटी हल्द्वानी तिराहे से नैनीताल जाने वाले रूट को वनवे रखेगी। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी नहीं होगी, लेकिन पर्यटक और टैक्सी वाहनों को वनवे का पालन करना होगा।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि रविवार से एक सप्ताह का ट्रायल शुरू होने जा रहा है। काठगोदाम से नैनीताल को जाने वाले बाहरी राज्यों के पर्यटक वाहन व स्थानीय टैक्सियों वापसी में कालाढूंगी होकर आएंगी। काठगोदाम से नैनीताल जाने के बाद इन वाहनों को नैनीताल से काठगोदाम वापसी की इजाजत नहीं होगी। उनका कहना है कि इससे स्थानीय लोगों व वाहन चालकों को कोई परेशानी नहीं होगी। ट्रायल के रूप में यह नियम लागू किया जा रहा है।

### पैरोल पर बाहर आया फिर कर डाली चोरी, गिरफ्तार

**रामनगर :** पैरोल पर बाहर आए व्यक्ति अपनी चोरी करने की आदत से बाज नही आया। पुलिस ने उसे चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर फिर जेल भेज दिया है। बता दें कि शनिवार को निर्मल चन्द पन्त निवासी रेलवे स्टेशन रोड खताड़ी ने पुलिस को तहरीर दी कि शुक्रवार की रात उसकी खताड़ी स्थित दुकान में ताला तोड़कर चोरी हो गई। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में पुलिस टीम ने आरोपी निसार उर्फ नीशु निवासी कार्बेट कालोनी गुलरघट्टी को दुकान से चुराए गए तीन हजार रुपये और तीन पासबुक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चोरी के मामले में जेल में बन्द था और 10 दिन के पैरोल में घर पर आया था। पैसे न होने के कारण उसने स्टेशन रोड खताड़ी में दो दुकानों के ताले तोडकर चोरी की। इससे पूर्व भी कई दुकानों के ताले तोडकर जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।


SAHAS Homeo Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज
डॉ. यश पाण्डेय्
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
Call for Appointment 9456727473 9410514531
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरूद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी



आप सभी को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बेचैनी एवं नींद न आना।
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944



॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
Celebrating 10 Years Anniversary 2nd Feb 2023 SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस, स्ट्रिक्चर यूरेथरा/किडनी रोग, नेत्र रोग, सफेद दाग, स्पाइनल समस्याएँ, बालों की समस्या, पाचन समस्याएँ, पोस्ट कोविड समस्याएँ, सर्दी खाँसी-दमा, सोरायसिस, थाइरायड समस्या, माइग्रेन/मानसिक रोग, स्पोर्ट्स इंजरी, इन्फर्टिलिटी, बच्चों के रोग, गॉल ब्लैडर स्टोन, सौंदर्य समस्याएँ, स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण, गर्भ संस्कार, लीच थैरेपी, नेत्र तर्पण, उत्तर बस्ती, शिरोधारा, स्वर्ण प्राशन, पत्र पोट्टलि, अग्निकर्म
Google Top Rated
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com



जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर) फिस्चुला (भगंदर) फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478



होम्योपैथिक हैल्थकेयर क्लीनिक
डॉ. गौरव बिष्ट
(बी.एच.एम.एस., एन.डी.डी.वाई.)
होम्योपैथिक फिजिशियन
होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जो बीमारी को दबाने के बजाय बिना किसी साइड इफेक्ट के उसे जड़ से खत्म करती है।
उपलब्ध सुविधायें :-
चर्म रोग
• मुंहासे, मस्से, स्किन एलर्जी • सफेद दाग • बालों का झड़ना, डैण्ड्रफ
नाक व श्वास के रोग
• अस्थमा, बार-बार जुकाम होना • टॉसिल • साइनस संबंधित रोग
पेट के रोग
• अपच, कब्ज, गैस • अल्सर, आँत में सूजन • फैटी लिवर
हड्डी के रोग
• जोड़ों का दर्द • गठिया, सर्वाइकल • कमर दर्द, साइटिका
मानसिक रोग
• माइग्रेन, सिरदर्द, मिर्गी के दौरे • नींद न आना, डिप्रेशन, तनाव
बच्चों के रोग
• चिड़चिड़ापन, भूख न लगना • दांत देरी से और दिक्कत से आना • बिस्तर गीला करना • बच्चे का विकास सही से न होना
पुरुष रोग
• प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्यायें • नपुंसकता, शीघ्रपतन • वैरिकोसील
स्त्री रोग
• मासिक धर्म की अनियमितता • सफेद पानी • बच्चेदानी में गांठ, पीसीओडी • बांझपन
अन्य जटिल रोग
• गुर्दे की पथरी, ब्लड प्रेशर पीलिया • डायबिटीज, टाइफाइड बार-बार होना • शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी • लकवा इत्यादि
क्लीनिक में आने का रास्ता
Chambal Pull Road, Dhamuadhunga Road, Panchakki Chauraha, Govt. High School Bamori, Dev Durga Banquet Hall, Lal Singh Colony, Shivalik Vihar, Homoeopathic Clinic, Sacred Heart School, Bangari Chuna Bhatti, Laldanth Road, Mukhani Road, Matrix Hospital
बिना ऑपरेशन बवासीर, पथरी, शरीर में गांठ आदि जटिल बीमारियों का सफल इलाज
समय
सुबह 10:00 AM से 02:00 PM
सायं 05:00 PM से 08:00 PM
रविवार पूर्ण अवकाश
लालडांट रोड, शिवालिक विहार के सामने, निकट देवदुर्गा वैडिंग प्वाइंट, हल्द्वानी
7737269262



आप सभी को रंगोत्सव होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Multi Speciality NEELKANTH HOSPITAL
ई.एस.आई. एवं हेल्थ इंश्योरेंस (TPA) कार्ड द्वारा कैशलेस उपचार की सुविधा
छाती रोग/ICU विभाग
सुविधाएं
कम्प्यूटर द्वारा फेफड़ों की जाँच (P.F.T., D.L.C.O.) दूरबीन विधि से फेफड़ों की अंदरुनी जाँचें (BRONCHOSCOPY) स्लीप स्टेडी आदि
• लम्बे समय से खांसी व बुखार से परेशान हैं? • सांस फूलने की समस्या रहती है। • टी.बी. की समस्या रहती है। • चलने में थकान महसूस करते हैं। • नींद में खर्राटे भरने की समस्या है।
हृदय रोग विभाग
24 घंटे हार्ट अटैक मरीजों व अतिगंभीर मरीजों के लिए ICU की सुविधा
24 घंटे हृदय रोग विशेषज्ञ, ईको कार्डियोग्राफी/एंजियोग्राफी/एंजियोप्लास्टी/पेसमेकर की सुविधा
हृदय रोग के लक्षण: छाती में दर्द होना, घबराहट होना, उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) होना, बहुत जल्दी थकना व सांस फूलना, डायबिटीज (शुगर), हाई कोलेस्ट्रोल
उपलब्ध उपचार एवं जाँचें: ईको-कार्डियोग्राफी, एन्जियोग्राफी (Angiography), छल्ला प्रत्यारोपण (Angioplasty), पेस मेकर / I.C.D. (हृदय गति का कम होना/हृदय गति का तेज होने का उपचार), BMV सिकुड़े वाल्व का उपचार, Device Closure - ASD/VSD/PDA
हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
• घुटने व कूल्हे के जोड़ का प्रत्यारोपण (TKR & THR) • हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित समस्त रोगों का इलाज • जन्मजात या चोटों के उपरान्त उत्पन्न हुई विकृतियों का इलाज
न्यूरो सर्जरी विभाग
• माइक्रोस्कोप द्वारा न्यूरो की जटिल ऑपरेशन की सम्पूर्ण सुविधा • ब्रेन ट्यूमर • सायटिका • रीढ़ की हड्डी एवं नसों का उपचार • सिर व रीढ़ की चोट • सिर दर्द • कमर दर्द • हाथ व पैरों में नसों का दर्द • शियाटिका • सुन्नपन • झनझनाहट का सम्पूर्ण इलाज • रीढ़ की हड्डी का छोटे छेद से ऑपरेशन • ब्रेन हैमरेज • स्ट्रोक • फालिस पड़ना (लकवा) • मिर्गी के दौरे • चक्कर आना • बेहोशी आना • सभी प्रकार के सिर दर्द • माईग्रेन-चेहरे का दर्द
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
• दूरबीन विधि द्वारा पथरी, हार्निया एपेन्डिक्स, बच्चेदानी गांठ का ऑपरेशन • पैनक्रियाज के ट्यूमर एवं समस्त रोगों का इलाज • पेट के अल्सर व पेट और आंत की टी.बी. का इलाज • पीलिया, पाइल्स, फिस्तुला का इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
बच्चेदानी एवं अंडाशय के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
• कॉस्मेटिक गायनोकोलॉजी की सुविधा • दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है। • बच्चेदानी एवं अंडाशय के सभी ऑप्रेशन दूरबीन विधि द्वारा।
नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग
• जन्म से 18 साल तक के बच्चों का इलाज • NICU → Low Birth Weight, Premature • PICU • Adolescent Clinic • Latest टीकाकरण (Vaccination) American Association of Pediatries Recommendation • दिमागी रोग : मिर्गी के दौरे, दिमागी कमजोरी, पक्षाघात आदि • सांस और छाती के रोग : अस्थमा, पुराना निमोनिया • पेट और जिगर के सभी रोग • दिल के रोग :- दिल के छेद • जोड़ों के रोग :- दर्द आदि • मोटापा और वजन न बढ़ाना, कुपोषण • ताँतवा • Diabetes और Thyroid रोग • नवजात बच्चों के पीलिया का इलाज
यूरोलॉजी विभाग
• मूत्र संबंधी रोगों का इलाज • किडनी की पथरी का दूरबीन द्वारा इलाज (PCNL) & (UPSL) • गदूद (Prostate) का दूरबीन विधि द्वारा इलाज (TURP) • किडनी, पेशाब की थैली, अण्डकोष एवं लिंग संबधी कैंसर का इलाज
OTHER FACILITIES
• Pulmomology & Critical Care • Orthopaedic & Joint Replacement • Neurosurgeon Advanced Cath Lab • Respiratory Medicine • Gynae & Obs • C.T. Scan, X-ray & Pathology • 24 Hrs ICU with Ventilators
सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के पास, नई आई.टी.आई. रोड, रामपुर रोड, हल्द्वानी
Ph. 05946-254050,7534818001/02

## सार संक्षेप

### ब्राह्मणों को गौरव सम्मान से नवाजा



हल्द्वानी में कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण गौरव सम्मान के साथ पदाधिकारी।

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय ब्राह्मण उत्थान महासभा द्वारा ब्राह्मण गौरव सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को रुद्राक्ष बैंक्वट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कथा व्यास पं. शशांक भारद्वाज एवं संस्कृत विद्यालय रामनगर के प्राचार्य पं. दिनेश प्रकाश हर्बोला, महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष हेम भट्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पं. विशाल शर्मा ने बताया पूरे कुमाऊं एवं उत्तर प्रदेश के संभल जिले से कई ब्राह्मणों को ब्राह्मण गौरव सम्मान से नवाजा गया। संचालन हिमांशी जोशी ने किया। इस दौरान हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेनू अधिकारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संध्या डालाकोटी आदि मौजूद रहे।

### बेबी टैलेंट हंट में बच्चों ने छोड़ी अमिट छाप



टेलेंट हंट में बच्ची को सम्मानित करती अतिथि।

**रामनगर :** किडजी प्री स्कूल और माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में आयोजित बेबी टैलेंट हंट प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य रितु पंत ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य लक्ष्य बच्चों के अंदर आत्मविश्वास में वृद्धि करना था। कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक के रूप में डायरेक्टर स्किल हंटर एकेडमी रामनगर के योग गुरु प्रेम सिंह बोरा, रीता हुंडीवाल, मोना अग्रवाल उपस्थित रहे। डायरेक्टर स्पर्श अग्रवाल ने उपहार एवं प्रमाण पत्र दिए। मंच संचालन उमा तिवारी तथा अर्चना रावत ने किया। कार्यक्रम में पूनम देवराडी, आयुषी अग्रवाल, रश्मि गैरोला, मंजू तिवारी, प्रभजोत साहनी, सलोनी अग्रवाल उपस्थित रहे।

### 10 पेटी देसी शराब के साथ धरा गया तस्कर



गिरफ्तार शराब तस्कर के साथ पुलिस।

**हल्द्वानी :** आचार संहिता के दौरान पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। टीपीनगर पुलिस ने शातिर तस्कर को 10 पेटी देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने बताया कि चेकिंग के दौरान शनिवार को आरोपी मानिक उर्फ प्रताप पुत्र हरपत निवासी क्वीरा काठगोदाम को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 10 पेटी देसी शराब बरामद की गई। आरोपी को ट्रांसपोर्ट नगर से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, हेड कांस्टेबल दिगम्बर सनवाल और कांस्टेबल अनिल टम्टा थे।

### ब्रिटिशकालीन पैडल रिक्शा को संजोकर रखेगी पालिका

**नैनीताल :** ब्रिटिशकाल से माल रोड की शान रहे पैडल रिक्शे पूरी तरह से बंद हो रहे हैं। पैडल रिक्शा का इतिहास जीवित रखने के लिए पालिका की ओर से एक पैडल रिक्शा को सजावट के तौर पर पार्क में रखा जाएगा। अंग्रेजी शासनकाल के दौरान यातायात संसाधनों के तौर पर सबसे पहले शहर में हाथ रिक्शों की शुरूआत की थी। लंबे समय तक हाथ रिक्शों के संचालन के बाद 1942 में पैडल रिक्शों की शुरूआत हुई। जो शहर की माल रोड पर आवागमन का मुख्य साधक बने थे। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पैडल रिक्शा का इतिहास जीवित रखने के लिए एक पैडल रिक्शा को पार्क में सजाकर रखा जाएगा।

### यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील

**नैनीताल :** नैनीताल में होली के त्योहार व पर्यटन सीजन में व्यवस्थाओं को लेकर कोतवाल हरपाल सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक की। कोतवाल ने व्यापारियों से यातायात व अन्य व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की। इस दौरान बैठक में मल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन नेगी, महासचिव त्रिभुवन सिंह फर्तयाल, उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, रईस खान व भारती कैड़ा मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी के रोड शो में उमड़े कार्यकर्ता

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के गढ़वाल संसदीय सीट से प्रत्याशी अनिल बलूनी का शनिवार को रामनगर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने बलूनी के साथ नगर में रोड शो किया।

पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी दोपहर करीब दो बजे शिवलालपुर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पहुंचे। बलूनी ने यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकास की गारंटी के साथ देश में मोदी की लहर चल रही है। इसलिए इस चुनाव में पार्टी को विजयी बनाकर विकासयात्रा में सहभागी बनें। इसके बाद बलूनी का रोड शो शुरू हुआ। रोड शो भवानीगंज, पुरानी तहसील , बाजार के पांचों प्रमुख सड़कों के बाद रानीखेत रोड से लखनपुर होते हुए डिग्री कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने होली मिलन कार्यक्रम में भी भाग लिया।



रोड शो में अभिवादन स्वीकार करते अनिल बलूनी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पौड़ी संसदीय क्षेत्र से रामनगर प्रभारी हेमंत द्विवेदी, पूर्व चेयरमैन भगीरथ लाल चौधरी, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, नगर अध्यक्ष मदन जोशी मौजूद रहे।

उधर, शाम को पैठपड़ाव स्थित पार्टी के चुनाव कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में बलूनी ने कार्यकर्ताओं से बूथस्तर पर सरकार के विकास कार्यों को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाने को कहा। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान 'मैं हूं मोदी परिवार' स्लोगन के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।

### मंच पर ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत की अनदेखी बनी चर्चा का विषय

**रामनगर :** भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के शनिवार को रामनगर में रोड शो और सभाओं में क्षेत्रीय ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत को मंच पर स्थान नहीं मिलना पूरे कार्यक्रम में चर्चा का विषय रहा। बता दे कि वर्तमान में रामनगर से ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत भाजपा की नेता हैं, उनके पति इंदर रावत भी वर्तमान सांसद तीरथ रावत के प्रतिनिधि हैं। संपर्क करने पर ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत का दर्द छलक उठा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं हो रहा, इससे पहले भी ऐसी उपेक्षा हो चुकी है।

# 15 लाख की शराब और 14 लाख नगदी जब्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आचार संहिता लागू होने के आठ दिन के अंदर ही नैनीताल पुलिस 14 लाख से ज्यादा कैश और 15 लाख रुपये से ज्यादा की शराब जब्त की है।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि लोक सभा चुनाव 2024 के तहत जिले भर में आचार संहिता लागू है। 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के बाद से पुलिस ने अभी तक अभी तक 1421870 रुपये जब्त किए हैं। यह वह रकम है जिसका हिसाब किताब पुलिस को नहीं मिला है। यह रकम ट्रेजरी विभाग में जमा कराई गई है। वहीं आठ दिन में पुलिस ने 1551176 लाख रुपये की 3641.29 लीटर शराब भी बरामद की है। इसकी बिक्री अवैध रूप से की जा रही थी। इसके अलावा अभी तक पुलिस 760200 रुपये की स्मैक और 373500 रुपये का गांजा भी पकड़ चुकी है। जिला पुलिस ने अभी तक 74 आरोपियों के खिलाफ गुंडा एक्ट और दो के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बाइक सवार से एक लाख रुपये बरामद

**भीमताल :** पहाड़पानी में चेकिंग बैरियर पर मुक्तेश्वर पुलिस और एसएसटी की टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान बाइक सवार अल्मोड़ा निवासी सौरभ रस्तोगी से एक लाख की नगदी बरामद की है। सौरभ की ओर से कोई भी संतोषजनक जवाब मिलने पर टीम ने एक लाख की धनराशि को कब्जे में ले लिया। टीम में धानाचूली चौकी प्रभारी विजय कुमार, पूरन चंद्र मेलकानी मौजूद रहे।

# भाविप हल्द्वानी की कमान फिर से भवानी शंकर को



हल्द्वानी में भाविप के चुनाव कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से दूसरी बार भवानी शंकर नीरज को अध्यक्ष चुना गया।

शनिवार को रामपुर रोड स्थित अतिथि रेस्टोरेंट में कार्यक्रम का शुभारंभ भाविप के क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता, शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रुद्रपुर से आए चुनाव अधिकारी एवं प्रांतीय संरक्षक विजय भूषण गर्ग द्वारा वार्षिक चुनाव संपन्न कराए गए। इसमें सर्वसम्मति से दूसरी बार भवानी शंकर नीरज को अध्यक्ष, अभिषेक मित्तल को सचिव और अमित अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर पाला मेहता, डॉ. अतुल राजपाल, डॉ. एनके मेहता, हेमा बिष्ट, डॉ. निधि गुप्ता, जितेंद्र साहनी, हरिमोहन अग्रवाल, तरुण बंसल, विवेक कश्यप, नीतू देवल, मीनू गुप्ता, साकेत अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, डॉ. पुनीत गोयल आदि मौजूद रहे।

### कार्यशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया



**चोरगलिया :** देव वाणी परोपकार मिशन की ओर से उत्तराखंड जल विद्युत निगम देहरादून के सहयोग से हल्द्वानी ब्लॉक स्थित हेरिटेज स्कूल मैदान में उत्तराखंड की संस्कृति पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम संयोजक ईश्वर सुयाल ने कहा कि कार्यक्रम में 10 सांस्कृतिक दलों ने भाग लिया। प्रथम स्थान कुमाऊनी नृत्य सरगम संगीत केंद्र चोरगलिया, द्वितीय स्थान छोलिया नृत्य हेरीटेज कान्वेंट स्कूल इंदरपुर, तृतीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर लखन मंडी हल्द्वानी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष भवन राणा, ग्राम प्रधान राजेंद्र जांगि, पूर्व प्रधान नेत्र सिंह बिष्ट, प्रबंधक उर्मिला आदि उपस्थित रहे।

### नैनीताल जनपद के 630 मतदान केंद्रों में होंगे 1010 मतदेय स्थल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अपर जिला अधिकारी/नोडल अधिकारी आदर्श आचार सहिता शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि लोकसभा चुनाव -2024 को शांति पूर्ण और निष्पक्ष तरीके कराने के लिए जनपद की 6 विधानसभा सीटों में 630 मतदान केंद्र और 1010 मतदेय स्थल (बूथ) बनाए गए हैं। 630 मतदेय केंद्रों में 140 शहरी और 490 केंद्र ग्रामीण इलाकों में बनाए गए हैं।

द्विवेदी ने बताया कि शहरी मतदान केंद्रों में विधानसभा लालकुआं में 11, भीमताल में 4, नैनीताल में 23, हल्द्वानी में 49, कालाढूंगी में 34 और रामनगर में 19 केंद्र स्थल है। इसी प्रकार ग्रामीण मतदान केंद्रों की बात करें तो लालकुआं में 71, भीमताल में 145, नैनीताल में 113, कालाढूंगी में 83 और रामनगर में 78 केंद्र बनाएं गए हैं। इसी तरह 6 विधानसभाओं के अंतर्गत शहरी में 413 और ग्रामीण में कुल 597 मतदेय स्थल (बूथ) बनाए गए हैं। शहरी मतदेय स्थल लालकुआं में 29, भीमताल में 7, नैनीताल में 48, हल्द्वानी में 183, कालाढूंगी में 101 और रामनगर में 45 मतदान केंद्र होंगे जबकि ग्रामीण इलाकों में लालकुआं में 113, भीमताल में 150, नैनीताल में 117, कालाढूंगी में 116 और रामनगर में 101मतदेय स्थल रहेंगे।


### सड़क खोदकर सही से नहीं किया भरान

**कालाढूंगी :** जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार ने गुलजापुर बंकी चकलुवा में कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे को खोद कर ढंग से भरान नहीं किया है। इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण कई दुपहिया वाहन गिरने से लोग घायल हो चुके हैं। जल संस्थान के जेई खगेन्द्र जोशी ने बताया कि मिट्टी दब गई है। जल्द मिट्टी भरान कर सड़क को ठीक किया जाएगा।









# बलमा घर आयो फागुन में, जबसे पिया परदेस...

## एमबीपीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया, गीतों पर जमकर थिरके

संवाददाता, हल्द्वानी


एमबीपीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में थिरकते युवा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एमबीपीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने वाटिका बैंक्वट हॉल में होली मिलन कार्यक्रम किया। इसमें छात्रों ने जमकर धमाल मचाया। इस अवसर पर निवर्तमान सांसद अजय भट्ट, विधायक सुमित हृदयेश, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, रेनू अधिकारी, छात्र संघ नेता सूरज रमोला, अमल सिंह बिष्ट, कविता बोहरा, सौरभ बिष्ट, कमल सिंह बोहरा, गौरव कांडपाल, विवेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

इधर, उत्तराखंड महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागीरथी देवी के आवास देवभूमि अकादमी में होली का आयोजन किया गया। महिलाओं ने होली में- सिद्धि के दाता विघ्न विनाशक होली खेलते गिरजापति, बलमा घर आए फागुन में, जबसे पिया परदेस सिधारे, कैले बांधी चीर हों रघुनंदन राजा आदि गीत गाए।.इस अवसर पर जया कर्नाटक, नीलू नेगी, आशा मेहरा, नीमा भट्ट, विमला सांगुडी, भवानी बिष्ट, चंपा चिलवाल, रेनू तोमर, मीमांसा आर्य आदि मौजूद रहे।

डीके पार्क, पटेल चौक में रवि रोटी बैंक ने भी होली महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें लोक कलाकार राजेंद्र ढैला ने कुमाऊनी होली गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में विधायक सुमित हृदयेश उपस्थित रहे। रामपुर रोड स्थित श्रीरामपुरम कॉलोनी में राधेश्याम कांडपाल के घर पर पुरुषों ने होली उत्सव कार्यक्रम मनाया, जिसमें सुरेंद्र प्रताप सिंह, अजय पांडे, नंदा वल्लभ कांडपाल, प्रेम कांडपाल, हरीश सिंह बिष्ट, चंद्रशेखर पांडे, गोविंद बल्लभ जोशी, हरिश्चंद्र जोशी, प्रेम सिंह चौहान, प्रेम जोशी, प्रिया, आदि उपस्थित रहे। वार्ड-58 हल्द्वानी तल्ली वसुन्धरा कालोनी में महिलाओं ने होली गायन व नृत्य किया। इधर, महिलाओं ने पार्वती उत्थान मंच में होली समारोह कार्यक्रम आयोजित किया।

### अधिवक्ताओं ने जजी में जमकर खेली होली

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन में शनिवार को होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया और अधिवक्ताओं ने जजी में जमकर होली खेली। इस दौरान बार के अध्यक्ष किशोर पंत, उपाध्यक्ष सुनील पुंडीर, सचिव मोहन सिंह बिष्ट, महिला उपाध्यक्ष भगवती पडलिया, संयुक्त सचिव योगेश लोहनी, कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार, संयुक्त सचिव प्रेस योगेन्द्र पाठक, लेखाधिकारी आरपी पांडेय, पुस्तकालयाध्यक्ष भरत भंडारी, पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र चुफाल, उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य सचिव मेहरमान सिंह कोरंगा, पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, चंद्रशेखर जोशी, गोविन्द डंगवाल, पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा, रोहन कपकोटी, पंकज बिष्ट, हरेंद्र पडियार, पंकज कबड़वाल, अजय जोशी, इन्द्र सिंह मेहता, बसन्ती बिष्ट, तनुजा तिवारी आदि थे।


जजी में होली मिलन कार्यक्रम में होली खेलते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# वितरक बंधुओं ने धूमधाम से मनाई होली

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ग्रीन सिटी वितरक कल्याण समिति, हल्द्वानी ने शनिवार को खानचंद मार्केट में धूमधाम से होली मिलन कार्यक्रम किया। वितरक बंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर कुमाऊनी गीत गाकर होली का धमाल मचाया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी, मनोज डालाकोटी, अजय जायसवाल, विपिन गुणवंत, रामू तिवारी, दुआ जी, प्रकाश जोशी, विवेक गुप्ता, योगेश, जीवन सनवाल, पूरन चंद्र बुडलाकोटी, अमृत विचार अभिकर्ता कृष्णा नंद जोशी, गिरीश चौधरी, राजू जोशी, डब्बू पटवाल, मनोज कुड़ाई, दान सिंह पटवाल आदि मौजूद रहे।


ग्रीन सिटी वितरक कल्याण समिति के होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद वितरक बंधु।


होली मिलन कार्यक्रम के दौरान गीत गाकर नृत्य प्रस्तुत करते वितरक बंधु।

### तू कर ले सोलह श्रृंगार राधिका, तेरे अंगना होली आई रही



**रामनगर :** भरतपुरी में मंजू भट्ट एवं नीमा मठपाल, पुष्पा मासीवाल, रंजना तिवारी आदि के घरों में बैठकी होली का आयोजन हुआ। इस दौरान समाज कल्याण बोर्ड पूर्व अध्यक्ष डॉ. धनेश्वरी घिल्डियाल, महिला आयोग उपाध्यक्ष अमिता लोहनी, मंजू भट्ट, रंजना तिवारी, रेखा मठपाल, आशा बिष्ट आदि मौजूद रहे। महिलाओं ने तू करले सोलह सिंगार राधिका, तेरे अंगना होली आई रही...आदि गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान देवकी मिश्रा, कमला जोशी, अनीता भट्ट, गंगा मनराल, जया जोशी, गीता भट्ट, गीता बिष्ट, हेमा सनवाल, जसोदा, बेबी, दीपा मौजूद रहे। पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता के उमेदपुर स्थित आवास पर शनिवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक रणजीत रावत, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, देशबन्धु रावत मौजूद रहे।


देवभूमि व्यापार मंडल के होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### देवभूमि व्यापार मंडल के होली मिलन कार्यक्रम में होल्यारों ने मचाई धूम

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के कठघरिया रोड बिष्णु प्रिया बैंकट हॉल में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में महिला होल्यारों व संजय कृष्ण म्यूजिकल ग्रुप ने शानदार प्रस्तुति दी। होली के रागों में माहिलाओं के साथ पुरुष भी खूब नाचे। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर, पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल, विधायक सुमित हृदयेश, महेश शर्मा, राजकुमार केसरवानी, मुकेश बेलवाल, मनोज खुल्बे, घनश्याम बिष्ट, अजय कृष्ण गोयल, विपिन कांडपाल, खीम सिंह बिष्ट, अतुल गुप्ता, दीपक खुलवें, भूपेश बिष्ट, बीना कुंवर आदि मौजूद रहे।

### कुमाउनी होली प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में मची धूम



**भीमताल :** आजकल ध्येय संस्था की ओर से आयोजित कुमाऊनी होली प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में पुरुषों एवं महिलाओं की संगीतबद्ध होलियों की धूम मची है। बता दें कि राहुल जोशी द्वारा पिछले तीन सालों से कुमाउनी संस्कृति को सहेजकर प्रचारित प्रसारित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें कलाकारों को प्रोत्साहन के लिए नकद पुरस्कार भी दिए जा रहे हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिता में कुमाऊं के नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चम्पावत से कई कलाकारों ने शिरकत की है। राहुल जोशी ने कहा कि 26 मार्च को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर प्रतिस्पर्धा जीतने वालों के नाम प्रसारित किए जाएंगे।

### नैनीताल में न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने मनाई होली

नैनीताल। जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों ने होली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। शनिवार को जिला बार सभागार में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल गर्ग, द्वितीय अपर जिला जज विजय लक्ष्मी विहान, सिविल जज (सीडी) पुनीत कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योत्सना, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम / द्वितीय रुचिका गोयल, आयशा फरहीन आदि मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

### फागोत्सव में खेली गई फूलों की होली

**नैनीताल।** फागोत्सव के तहत शनिवार को राम सेवक सभा प्रांगण में बाल कलाकारों ने कृष्ण राधा नृत्य नाटिका का सुंदर मंचन किया। इस दौरान राधा कृष्ण बने कलाकारों पर पुष्प वर्षा की गई। सभा अध्यक्ष जगदीश बवाड़ी ने बताया कि शनिवार को रामसेवक सभा के बाल कलाकारों ने नृत्य नाटिका का आयोजन किया। रविवार को होली जुलूस का निकाला जाएगा। संचालन ललित तिवारी, मीनाक्षी कीर्ति ने किया। इस दौरान गिरीश जोशी, मनोज साह, अशोक साह, मुकेश जोशी मंटू, बिमल चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, भुवन बिष्ट, राजेंद्र लाल साह, राजेंद्र बिष्ट, घनश्याम साह, चंद्रप्रकाश हीरा, कुंदन नेगी, हरीश राणा, मुकुल जोशी, मिथिलेश पांडे, मनोज साह, कुंदन नेगी आदि मौजूद रहे।



फागोत्सव में फूलों की होली के दौरान राधा- कृष्ण के रूप में प्रस्तुति देते कलाकार।

### लालकुआं में रही होली की धूम

**लालकुआं :** अंबेडकर पार्क में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के अलावा मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर के समीप जगदीश अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रवाल समाज ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी जगदीश अग्रवाल, चंद्रिका बिष्ट, भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, महिला नगर अध्यक्ष मीना रावत, राजलक्ष्मी पंडित, शिखा अग्रवाल, धन सिंह बिष्ट, प्रेम नाथ पंडित, सुरेंद्र सिंह, आशु अग्रवाल, आशीष मित्तल, बाबू गोयल आदि मौजूद रहे।

## होली खेलो सावधानी से, वरना स्वास्थ्य पड़ जायेगा खतरे में

1. त्वचा की सुरक्षा के लिए विशेष देखभाल आवश्यक है। जब भी होली खेलने निकलें, उससे पहले त्वचा पर कोई तैलीय क्रीम या फिर तेल, घी या फिर मलाई लगाकर निकलें ताकि त्वचा पर रंगों का विपरीत असर न पड़े।
2. बालों को रंग से बचाने का पूरा प्रयास करें। रंग आपके बालों को रूखा, बेजान और कमजोर बना सकते है। इनसे आपके बालों का पोषण भी छिन सकता है।
3. यदि होली खेलते समय आंखो में रंग चला जाए तो तुरंत आंखों को साफ पानी से धोएं। यदि आंखें धोने के बाद भी तेज जलन हो, तो बिना देर किए डॉक्टर को दिखाए।
4. आंखों पर गलती से गुब्बारा लग जाए या खून निकल आए तो पहले साफ सूती कपड़े से आंखों को ढंके या फोहा लगाएं। इसके बाद डॉक्टर को जरूर दिखाएं।
5. बाजार के केमिकल रंग से होली खेलते समय ध्यान रखें, इसमें कॉपर सल्फेट पाया जाता है, जो आंखों में एलर्जी, सूजन अंधापन जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है।
6. सिल्वर चमकीले रंग का इस्तेमान न करें। इसमें एल्युमीनियम ब्रोमाइड होता है, जो त्वचा के कैंसर के लिए जिम्मेदार हो सकता है। वही काले रंग में उपस्थित लेड ऑक्ससाइड किडनी को बुरी तरह प्रभावित करता है।
7. होली खेलें लेकिन पूरे होश में खेलें। अधिक नशा करना आपके स्वास्थ्य को तो प्रभावित करता ही है, कई बार अनहोनी घटनाओं का कारण भी बनता है। होली सुरक्षित तरीके से खेलें।
8. बाजार की मिठाईयों का सेवन करने से बचें। इसमें मिलावट हो सकती है, जो आपके लिए खतरनाक साबित हो सकती है। घर पर बने व्यंजनों का भरपूर मजा लें, क्योंकि वे शुद्धता के साथ बनाए जाते हैं। होली की मस्ती में कई बार लड़ाई-झगड़े भी हो जाते हैं, लेकिन यह भाई-चारे का पर्व है भूलें नहीं।
9. आपसी भाईचारा बनाए रखें और मिलजुलकर खूबसूरत रंगों के साथ होली मनाएं।
10. कोशिश करें कि हर्बल रंगों का ही प्रयोग करें। इन रंगों का कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होता और इन्हें आसानी से घर पर बनाया भी जा सकता है। वैसे बाजार में भी हर्बल रंग उपलब्ध रहते है।

19 अप्रैल को कोई भी मतदाता ना छूटे

एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आई.डी.एस.पी.)
उधम सिंह नगर द्वारा जनहित में जारी
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण-उधम सिंह नगर।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधमसिंह नगर
संख्या :- एन०एच०एम०/ आई०डी०एस०पी०/2023-24/3113 दिनांक :- 22-03-2024


होली गायन करते आरएसएस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### आरएसएस कार्यालय में धूमधाम से मनाया होली महोत्सव


**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से शनिवार को मुखानी चौराहे स्थित मधुकर कुंज भवन में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में स्वयं सेवकों ने जल कैसे भरूं जमुना गहरी, होली आई रे आई रे, मगन भये भगवान शंकर.. होली गीत गाए।

इसके बाद स्वयं सेवकों में आलू के गुटकों व गुजिया का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान क्षेत्र सेवा प्रमुख धनीराम, सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर, सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख राजेश, जिला शारीरिक प्रमुख सूरज, नगर कार्यवाह विवेक, सह नगर कार्यवाह तनुज, नगर शारीरिक प्रमुख कमल, महादेव नगर के उप नगर प्रमुख प्रहलाद सिंह मेहरा आदि मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद ने होली महोत्सव मनाया

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जिला नैनीताल की बैठक शनिवार को एक बैंक्वेट हॉल में हुई। इसमें सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी का स्वागत, नए जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण व होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। इसमें कर्नल बीएस ढेला, कर्नल जगत सिंह जन्तवाल, कैप्टन बहादुर सिंह, कैप्टन खीलानंद चिलकोटी, परिषद के जिलाध्यक्ष कैप्टन दयाकिशन जोशी, बीसी भगत, सूबेदार मेजर गोविंद सिंह बड़ती, त्रिवेणी पांडे, रवींद्र कन्याल, भुवन पांडेय, हरीश बिष्ट, दान सिंह, खुशाल सिंह, बिशन सिंह, राम सिंह डोबाल, रेबाधर जोशी, डीएन पाठक मौजूद रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के ऑपरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलोर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

| लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन | हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन |
| --- | --- |
| 1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी) | 1) ऐशरमैन का इलाज |
| 2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी) | 2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी) |
| 3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी) | 3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन) |
| 4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच | 4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना |
| 5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन | 5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी) |
| 6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन | |

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.वी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
NH-24 BANTHRA, SHAHJAHANPUR



VACANCY OF TEACHING & NON TEACHING STAFF

Teaching Staff
- Associate Professor (M.Pharm+8 Years Experience)
- Assistant Professor (M.Pharm+5 Years Experience)
- Specialization (Pharmacy Practice, Biotechnology & Clinical Pharmacology)
- Lecturer (B.Pharm+3 years Experience)

Non Teaching Staff
- Lab Technician (B.Pharm)
- Accountant (M.Com)
- Computer Operator (BCA/MCA)
- Lab Attendant (D.Pharm)

Contact
Director/Principal
Dr. Pradeep Singh
9412852652

# सैनिक स्कूल का कर्मचारी बताकर 2.48 लाख ठगे

## सीमेंट पाइप खरीदने की आड़ में दिया झांसा, भुगतान के लिए खाता नंबर मांगकर रकम डालने के बजाय ऑनलाइन नगदी उड़ा ली

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली इलाके में खुद को सैनिक स्कूल का कर्मचारी बताकर सीमेंट कारोबारी से लाखों की ठगी होने का मामला सामने आया है। बताया कि कॉलर ने फर्म के मैनेजर को कॉल कर सीमेंट पाइप खरीदने की इच्छा जताई थी। जब भुगतान के लिए खाता नंबर दिया गया तो रकम डालने की बजाए खाते से लाखों की नगदी ऑनलाइन भुगतान कर ली गई।

ग्राम भमरौला निवासी भास्कर शर्मा ने बताया कि उनकी भमरौला में सीमेंट पाइप बनाने की कंपनी है। बताया कि 13 मार्च 2023 को मैनेजर चंद्रशेखर पंत के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को सैनिक स्कूल लालकुआं का कर्मचारी बता रहा था। उन्होंने बताया कि कॉलर ने सीमेंट पाइप खरीदने की इच्छा जताई। जिस पर मैनेजर द्वारा भुगतान करने को कहा तो साइबर ठग ने नकद भुगतान करने की बात कही। मैनेजर द्वारा इंकार करने पर कंपनी भुगतान खाता नंबर दिया गया। आरोप था कि अज्ञात कॉलर ने रकम डालने की बजाए खाते से ऑनलाइन 2.48 लाख रुपये का भुगतान कर लिया। मोबाइल पर निकासी का मैसेज आने पर धोखाधड़ी की भनक लगी। जब मोबाइल पर कॉल की गई तो मोबाइल नंबर बंद आने लगा। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### घर बैठे पैसा कमाने का प्रलोभन देकर 2.16 लाख हड़पे

**रुद्रपुर :** जिले में साइबर अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे ही अग्रसेन कॉलोनी के रहने वाले व्यक्ति को घर बैठे पैसा कमाने का प्रलोभन देकर ठगों ने लाखों का चूना लगा दिया। सोनी मार्ट अग्रसेन कॉलोनी निवासी कृष्णा सेन ने बताया कि 2 मार्च को उसके मोबाइल पर एक व्हाटसअप कॉल आयी। इस दौरान कॉलर ने बताया कि रोजाना घर बैठे कुछ काम कर पैसा कमाया जा सकता है। साथ ही बताया कि काम बिल्कुल घरेलु जैसा



है। बातों का झांसा देकर कॉलर ने उसे एक टेलीग्राम लिंक से जोड़ दिया और 3 मार्च को उसने गूगल मैप पर फीडबैक देने का कार्य शुरू कर दिया। तीसरे कार्य के लिए एक हजार के भुगतान पर 30 फीसदी का मुनाफा बताया। इसके बाद कॉलर ने मुनाफा वापस भी किया और जब धीरे-धीरे वह ठगों के बिछाए जाल में फंसता गया और उसके खाते से कई बार 2.16 लाख रुपये का भुगतान हो गया। इसके बाद कॉलर का मोबाइल फोन बंद आने लगा। इसके बाद ठगी होने का एहसास हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुनाफे का लालच देकर तीन लाख से अधिक की ठगी

**रुद्रपुर :** कोतवाली इलाके की पॉश कॉलोनी की रहने वाली महिला को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एलायंस किंग्सटन कॉलोनी निवासी पूजा आनंद ने बताया कि 12 अक्टूबर 2023 को उसके मोबाइल पर व्हाटसअप कॉल आयी जो खुद को नामी गिरामी मनी ट्रेडिंग कंपनी का प्रतिनिधि बता रहा था। कॉलर ने बताया कि प्रशिक्षण लेने के बाद जितना निवेश किया जाएगा उसका दोगुना मुनाफा दिया जाएगा। आरोप था कि कॉलर ने बातों का झांसा देकर सारे दस्तावेज जमा किए और 9 नवंबर 2023 से लेकर 6 फरवरी 2024 तक कॉलर के बताए खाते में 3.04 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। काफी दिनों तक इंतजार करने के बाद जब मुनाफा खाते में नहीं आया तो ठगी होने का एहसास हुआ। पीड़िता ने साइबर क्राइम पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### फोटो वायरल करने की धमकी देकर मांगी रंगदारी

**खटीमा।** पुलिस ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर एक युवती से दो लाख की रंगदारी की डिमांड करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विकासखंड के एक गांव की युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गोटिया निवासी आमिर अली अक्सर उसको रास्ते में रोक कर परेशान करता है और साथ चलने को कहता है। अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी भी देता है। यह भी धमकी देता है कि यदि उसने दूसरे युवाओं से रिश्ता नहीं तोड़ा तो उसे गोली मार देगा। पीड़िता ने कहा कि जब उसने काल और मैसेज करने से मना किया तो वह दो लाख की मांग करने लगा और कहा कि यदि पैसे नहीं दिए तो वह उसकी बेइज्जती करेगा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**खटीमा।** जगबूड़ा पुल के पास डंपर की चपेट में आकर बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत्यु घोषित कर दिया। नगर पालिका वार्ड संख्या चार इस्लामनगर निवासी अयूब 40 पुत्र मो. अहमद अपने दोस्त हसीब 35 पुत्र लतीफ के साथ बाइक पर टनकपुर से खटीमा आ रहे थे। वह जगबूड़ा पुल के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे डंपर संख्या एचआर 39 एफ 4315 ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी वाहन से तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने अयूब को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अय्यूब और हसीब मवेशियों की खरीद फरोख्त करते है, जिसको लेकर दोनों शनिवार सुबह नेपाल से लौट रहे थे। मृतक अपने पीछे पत्नी राजबीन, पुत्री दानिया (15) को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# छह प्राध्यापक पंत विवि की सेवा में फिर बहाल

संवाददाता, पंतनगर

**कोर्ट का आदेश**

- 4 जुलाई को कक्षागत शिक्षक न मानते हुए कर दिए थे सेवानिवृत्त
- हाईकोर्ट ने 12 मार्च को बहाली के दिए थे आदेश

**अमृत विचार :** चार जुलाई को कृषि सचिव ने परियोजनाओं में नियुक्त शिक्षकों को कक्षागत शिक्षक नहीं मानते हुए उन्हें 65 वर्ष की अधिवर्षता आयु और सेवानिवृत्तिक लाभों से वंचित कर दिया था, जिसके बाद 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूरी कर चुके 22 शिक्षकों को जबरदस्ती सेवानिवृत्त कर दिया गया। मामले में हाईकोर्ट के 12 मार्च के फैसले के बाद जनरल बजट में नियुक्त छह शिक्षकों को मुख्य कार्मिक अधिकारी ने शनिवार को बहाल कर दिया है।

शासन के कृषि सचिव ने बीती चार जुलाई को शासनादेश जारी कर भरसार और पंतनगर विवि की परियोजनाओं और केवीके आदि में नियुक्त शिक्षकों को कक्षागत शिक्षक नहीं मानते हुए 65 वर्ष की अधिवर्षता आयु और सत्रांत लाभ देने से मना कर दिया था, जिसके बाद 60 वर्ष अधिवर्षता आयु पूरी कर चुके 22 शिक्षकों को जबरदस्ती सेवानिवृत्त कर दिया गया। मामले में 34 शिक्षकों ने कोर्ट की शरण ली, जहां इनकी चार अलग-अलग वर्गों (जनरल बजट, एक्रिप, नार्प व केवीके) में सुनवाई शुरू हुई। जनरल बजट वर्ग में याची डॉ. विनोद कुमार सहित डॉ. केपी सिंह, डॉ. बीएस कार्की, डॉ. सीबी सिंह, डॉ. नरेश मलिक व डॉ. एसपी सिंह गंगवार शामिल थे। 12 मार्च को जनरल बजट के शिक्षकों का फैसला आया। जिसमें हाईकोर्ट ने विवि एक्ट के 2के और 4डी को आधार मानते हुए कहा चूंकि जिस पद पर याचिकाकर्ता को नियुक्त किया गया था, वह राज्य सरकार से स्वीकृत था, इसलिए उस पद को शिक्षण पद के रूप में वर्गीकृत करने के लिए राज्य सरकार की मंजूरी लेने की कोई आवश्यकता नहीं थी। याचिकाकर्ता विवि का शिक्षक है और जब से उसकी विवि में नियुक्ति हुई है, तभी से उसे एक शिक्षक को मिलने वाले सभी लाभ दिए गए हैं।

# तकनीशियन ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** आदर्श कॉलोनी चौकी इलाके के रहने वाले एक तकनीशियन ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।



कुंवर विक्रम सिंह।

मूल रूप से ग्राम रुस्तमपुर लोधा अलीगढ़ व हाल निवासी सिंह कॉलोनी गली नंबर नौ निवासी कुंवर विक्रम सिंह परिवार के साथ रहता था और सिडकुल कंपनियों में तकनीशियन का कार्य करता था। बताया जा रहा कि शुक्रवार की शाम को काम समाप्त कर विक्रम घर लौटा और बाजार से बच्चों के लिए खाने का सामान भी लाया। बताया यह भी जा रहा है कि कुछ देर परिवार के साथ समय बिताने के बाद वह अपने कमरे में चला गया और काफी देर तक बाहर नहीं निकला तो पत्नी कमरे में देखने गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। अनहोनी की आशंका को देखते हुए पत्नी ने पड़ोसियों को बुलाया और जब दरवाजा तोड़कर देखा तो युवक फांसी पर लटका हुआ था। जिसे देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी विजय कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला। बावजूद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
































## सार-संक्षेप


नवचेतना भवन में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### नए पदाधिकारी बनाकर युवाओं को जोड़ने का आह्वान

**काशीपुर** : नवचेतना भवन में महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस राहुल रमनदीप कंबोज व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष लवदीप सिंह के नेतृत्व में युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसका मुख्य शीर्षक रोजगार दो न्याय दो था। कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार के द्वारा की गई प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियों की घोषणाओं को याद दिलाने का कार्य किया गया। इस दौरान नए पदाधिकारी भी बनाए गये, जिसमें भाजपा छोड़कर कांग्रेस का हाथ थामने वाले संदीप रावत को ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस उत्तरी काशीपुर विधानसभा नियुक्त किया गया। साथ ही मोहम्मद सुहेल को ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस दक्षिणी काशीपुर बनाया गया और सोशल मीडिया प्रभारी आकिल सैफी को नियुक्त किया गया। साथ ही नवनियुक्त कार्यकारी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस अराज सिंह व प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर अनीस अंसारी का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में नैनीताल लोकसभा प्रभारी आजाद सिंह, युवा कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी आफताब आलम, महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, मनोज जोशी, विमल गुड़िया, अनित मारकंडे, मनीष शर्मा, विवेक कौशिक, अजीज कुरैशी आदि मौजूद रहे।


अखंड नाम कीर्तन में शामिल विधायक शिव अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार

### विधायक अरोरा ने लिया श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद

रुद्रपुर : विधायक शिव अरोरा पिपलिया नंबर 2 में श्री राधा कृष्ण मंदिर पर आयोजित अखंड नाम कीर्तन में शामिल हुए। यहां आयोजन कमेटी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक अरोरा ने कीर्तन में पहुंचकर श्री राधा–कृष्ण का आशीर्वाद लिया व सभी क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विधायक अरोरा ने कहा कि हरि नाम की धुन सुनने मात्र से मानव जीवन का कल्याण होता है। साथ ही भगवान कृष्ण के नाम जपने से मन में ईश्वर की अनुभूति होती हैं। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, जगदीश विश्वास, अरुण खुराना, सुब्रत बछाड़, शंकर, रोबिन, मुकेश, अरविंद, मयंक कक्कड़ व अन्य लोग मौजूद रहे।


बाजपुर में बाल शोध मेले में शिरकत करतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### मुड़िया कलां में बाल शोध मेले का आयोजन

**बाजपुर** : शनिवार को भव्य बाल शोध मेले का आयोजन राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मुड़िया कलां में किया गया, जिसमें बच्चों को खोजबीन एवं स्वयं करके सीखने की विधि आदि के माध्यम से विभिन्न विषयों गणित, हमारे आसपास, हिंदी, विज्ञान पर अपने कार्यों को साझा करने का मौका मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक संघ के पूर्व मंत्री सुरेंद्र त्यागी द्वारा किया गया। बाल शोध मेले में राआप्रावि मुड़िया कलां, राप्रावि बहादुरगंज व राउप्रावि मुड़िया कलां के बच्चों ने अपने माडल प्रदर्शित किए। अजीम–प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से बाल शोध मेले में भरपूर सहयोग दिया गया। इस मौके पर सुनीता वर्मा, सुरजीत सिंह, कल्पना, जीवन सिंह बिष्ट, मो.कमर इस्लाम, मो.असलम, मोहन, पंकज रस्तोगी, रेनुका सुख, नरेश, प्रशस्त कौशिक, प्रिंस, विजय पांडे, अमित, मो.तलह आदि मौजूद रहे।


किच्छा में रक्तवीरों को प्रमाण पत्र सौंपते संस्था अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### रक्तदान कर मानव सेवा का संकल्प लिया

किच्छा : देवभूमि फाउंडेशन टीम के तत्वावधान में शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस मौके पर युवाओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संकल्प लिया। देवभूमि फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने बताया कि नारायण ब्लड बैंक के सहयोग से शिविर का आयोजन कर युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में रक्तदान करने वाले युवाओं को फेडरेशन अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर नारायण ब्लड बैंक के राजन सिंह एवं देवेंद्र कुमार के अलावा दिलजीत सिंह, अंकित राठौर, कुलदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, अमित सिंह, सुखदीप सिंह आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में पीजी कालेज में भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे विद्यार्थी।

### अंशिका प्रथम और अंजली को मिला दूसरा स्थान

**बाजपुर** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभागीय परिषद की ओर से नशा मुक्त अभियान के प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता के लिए क, ख और ग वर्ग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एक नशाखोर को देखा, नशे का युवा–युवाओं पर प्रभाव, फिल्म, समाज और नशा, नशे के केंद्र में शिक्षण संस्थान, नशा मेरे आसपास और मेरी सावधानी, नशा और नशा मुक्त उत्तराखंड को लेकर मेरी सोच, और मेरी बात, जब नशे के कारण पड़ोस का एक हंसता–मुस्कुराता परिवार उजड़ गया आदि विषयों पर बहुत बेबाकी से विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता के क वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की अंशिका गुप्ता प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की अंजली द्वितीय, बीए चतुर्थ सेमेस्टर के राहुल सिसौदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ख वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की काजल प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की मंतशा बी और कविता संयुक्त रूप से द्वितीय तथा द्वितीय सेमेस्टर की दिव्या तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा ग वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की उजमा खान ने प्रथम, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की उर्वशी सैनी द्वितीय और बीए चतुर्थ सेमेस्टर के सुखप्रीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक योग विज्ञान विज्ञान के डा.रंजीत, वर्तमान छात्रसंघ उपाध्यक्ष आरती और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक कुमार चौधरी रहे।


किच्छा में बच्चों के डूबने की सूचना मिलने के बाद गौला नदी किनारे लगी लोगों की भीड़ व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार


किच्छा स्थित गौला नदी के किनारे प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# बच्चों की मौत के लिए नदी में हो रहा अवैध खनन जिम्मेदार

## ग्रामीणों ने नारेबाजी और प्रदर्शन कर खनन माफिया के खिलाफ की कार्रवाई की मांग, परिजनों की पुलिस से तीखी नोकझोंक

आरोप

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** गौला नदी में दो बच्चों के डूबने की सूचना पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजीव कुमार सिंह एवं कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण तनेजा भी मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों के साथ नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने बच्चों की मौत के लिए नदी में किए जा रहे अवैध खनन को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेता संजीव सिंह ने कहा कि उनके द्वारा पूर्व में कई बार क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाए जाने की मांग की गई है लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के चलते दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान कांग्रेस नेता सिंह की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और खनन माफिया पर कार्यवाही की मांग की। वहीं नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम द्वारा पंचनामे की कार्रवाई शुरू किए जाने का विरोध कर परिजनों ने दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम करने से साफ इनकार कर दिया। इस दौरान दोनों मृतक बच्चों के परिजनों एवं पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई। मौके पर मौजूद कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू के काफी देर समझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हो गए। इसके बाद पुलिस द्वारा पंचनामा भरने और पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू की गई।


सरकारी अस्पताल किच्छा में परिजनों से जानकारी लेते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

### विधायक बेहड़ ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया

**किच्छा** : नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो नाबालिग बच्चों की डूबने से हुई मौत की जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी सरकारी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों को ढांढस बंधाते हुए विधायक बेहड़ ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया और प्रशासन से दोनों बच्चों के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा विधानसभा में भी अवैध खनन का मुद्दा उठाया गया था लेकिन बावजूद इसके अवैध खनन रोकने के लिए कोई कड़े कदम नहीं उठाए गए। विधायक बेहड़ ने कहा कि अवैध खनन रोकने तथा बच्चों के परिजनों को आर्थिक मदद एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके द्वारा 26 मार्च को एसडीएम कार्यालय के बाहर एक दिवसीय उपवास रखकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, राजेश प्रताप सिंह, गौरव बेहड़, सुनीता कश्यप, धर्मेंद्र सिंधी, दीप हंसपाल आदि मौजूद रहे। इधर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने भी सरकारी हॉस्पिटल पहुंचकर बच्चों के परिजनों से वार्ता की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### एंबुलेंस नहीं मंगाई, बाइक से अस्पताल ले गए

गौला नदी से डूबे दोनों बच्चों को बाहर निकाले जाने के बाद ग्रामीणों एवं बच्चों के परिजनों में पुलभट्टा थाना पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर काफी आक्रोश नजर आया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बच्चों के डूबने के बाद करीब 3 घंटे तक बच्चों को ढूंढने की प्रक्रिया चलती रही, लेकिन इस बीच पुलिस प्रशासन द्वारा मौके पर एक एंबुलेंस तक की व्यवस्था नहीं की गई। दोनों बच्चों को गौला नदी से निकालने के बाद एंबुलेंस ना होने के चलते परिजनों को मजबूरन दोनों बच्चों को मोटर साइकिल तथा ई–रिक्शा के माध्यम से सरकारी अस्पताल पहुंचाने को मजबूर होना पड़ा।

# शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

स्मरण

- भगत सिंह चौक पर पालिका अध्यक्ष ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का स्मरण किया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के शहीदी दिवस पर क्षेत्र में कई स्थानों पर उनकी शहादत को याद किया। उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर देश सेवा का संकल्प भी लिया।

शनिवार को भगत सिंह चौक पर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते व उनकी टीम ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर अमर बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरदार भगत सिंह महान चिंतक, सच्चे देशभक्त, महान दार्शनिक व क्रांतिकारी वीर थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते प्राण न्यौछावर कर दिए। इस मौके पर सभासद राजदीप तिवारी, छात्रसंघ के पूर्व कोषाध्यक्ष तरुण रुहेला, सत्यम रुहेला, वाजिद अली, बंटी ठक्कर, सीताराम तिवारी आदि मौजूद थे। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसानों ने भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अगुवाई में शहीद-ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा माल्यार्पण किया। इस दौरान भारत माता की जय व इंकलाब जिंदाबाद का उद्घोष किया गया तथा शहीद-ए आजम के बताए मार्ग पर चलकर देशसेवा का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, जनकवि बल्ली सिंह चीमा, निरंजनदास गोयल, अमरनाथ शर्मा, दर्शन लाल गोयल, महेंद्र सिंह रंधावा, लखविंदर सिंह, बसंत सिंह, दिलीप सिंह, जगदीश सिंह, जसपाल सिंह, शेर सिंह, सुखवंत सिंह आदि मौजूद थे।


बाजपुर में शहीद–ए–आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते किसान।

# व्यापारी उत्पीड़न का करेंगे विरोध

समारोह

- प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के स्वागत समारोह का आयोजन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि व्यापारियों का सबसे बड़ा संगठन व्यापार मंडल है। यहां व्यापारी हितों के लिए चौबीसों घंटे काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी व्यापारी का उत्पीड़न करता है तो व्यापार मंडल चुप नहीं रहेगा उस अधिकारी का पुरजोर विरोध भी किया जाएगा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष जुनेजा लोहा व्यापार मंडल के स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राव ने कहा कि अधिकारियों की मनमानी किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष बजरंग लाल गर्ग ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित टीम पर भरोसा जताते हुए कहा कि व्यापार मंडल की नई टीम व्यापारियों के हितों के लिए हर समय तत्पर रहेगी। इससे पूर्व लोहा व्यापार मंडल की ओर से प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्यापारी दर्शन लाल आनंद ने किया। वहीं लोहा व्यापार मंडल के स्वागत समारोह के बाद व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ अबीर गुलाल लगाकर होली खेली गयी।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

मनोज गोयल, सुरेश गर्ग, विशाल वासन, मनोज कक्कड़, रणवीर गुप्ता, अनिल बांगा, महावीर गर्ग, अजीत पाल सिंह, शिवम तागरा, संजीव गोयल, मयंक अरोरा, सर्वजीत सिंह, राजीव मनोचा, विकास सिंघल, महिपाल सिंह, नरेंद्र चौधरी, विशाल गुंबर, विक्रम कुमार समेत कई व्यापारी उपस्थित थे।

# छात्रा के आत्महत्या मामले में किराएदार पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भदईपुरा की रहने वाली 9वीं कक्षा की छात्रा के आत्महत्या प्रकरण में नया मोड़ आया है। शिकायती पत्र के अनुसार छात्रा ने परिवार की फटकार की वजह से नहीं, बल्कि किराएदार युवक द्वारा छेड़खानी से परेशान होकर आत्महत्या की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताते चलें कि रंपुरा चौकी इलाके की रहने वाली 15 वर्षीय कक्षा 9 की छात्रा ने गुरुवार की रात को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। जिसकी जानकारी शुक्रवार की सुबह परिवार के लोगों को हुई। आरोप है कि घर पर उसकी 15 साल की बेटी को अकेला पाकर रजनीश नाम का किराएदार बेटी से छेड़छाड़ व जबरदस्ती करने की कोशिश करने लगा। खुद को बचाते हुए नाबालिग ने फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी और शाम 8 बजे उन्होंने युवक को फटकार लगाते हुए बेटी को समझा बुझाकर खाना खिलाया। जिस पर बेटी रो-रोकर यही बात कह रही थी कि युवक ने उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। तभी से बेटी ने खुदकुशी कर ली।

### 39 पेटी अंग्रेजी शराब और बीयर के साथ दो लोग धरे

**काशीपुर** : पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने पिकअप में तस्करी कर ले जा रही 39 पेटी अंग्रेजी शराब व बीयर पकड़ी। सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने टांडा चौराहे पर चेकिंग के दौरान मुरादाबाद की ओर से आ रही एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी को रोक उसकी तलाशी ली, तो उसमें 39 पेटी अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद हुई। शराब से संबंधित कागजात मांगने पर वाहन में सवार लोग नहीं दिखा पाये। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने अपना नाम मोहम्मद अकरम और ग्राम जमशेदपुर, डिलारी, मुरादाबाद निवासी तस्लीम बताया। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पिकअप को सीज कर दिया।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
Varun Arjun Medical College & Rohilkhand Hospital VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMC BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581–2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर–डीफिब्रिलेटर (ICD)
हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## एक नजर

### अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**बाजपुर ।** अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। शनिवार की दोपहर में नानकमत्ता वनखंडी निवासी मनोज पुत्र शंकर बाइक पर बेटे 12 वर्षीय अनुराग को काशीपुर हास्टल लेने के लिए गए थे। हाइवे-74 पर दोराहा के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई जिसमें मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम नमूना के पास कार और बाइक की टक्कर में मोहल्ला टांडा काशीपुर निवासी नानी सिंह (25) व उसका भांजा मोहल्ला सुभाषनगर काशीपुर निवासी सोनू सिंह (22) घायल हो गया। सरकारी अस्पताल प्राथमिक उपचार के बाद नानी सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### बाइक सवार किशोर ने बच्चे को मारी टक्कर

**काशीपुर ।** बाइक सवार नाबालिग ने एक 10 वर्षीय बच्चे को बाइक से टक्कर मार दी। जिसमें बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी मंझरा निवासी इशरत अली पुत्र मुश्ताक हुसैन ने चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मार्च की सांय करीब 7 बजे उसका पुत्र 10 वर्षीय पुत्र उस्मान मंझरे रोड पर गली में खड़ा था तभी मोहल्ले का ही नाबालिग पिता की बाइक को तेजी से चलाते हुए गली में आया और पुत्र को टक्कर मारकर फरार हो गया, जिससे उसके पुत्र को गंभीर चोटें आईं है और उसका मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है।

### जंगल किनारे कच्ची शराब बनाते दो लोगों को पकड़ा

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी पुलिस ने जुड़का नंबर दो के जंगल में कच्ची शराब बनाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 410 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये है। ग्राम जुडका नंबर दो के पास स्थित जंगल किनारे सुलग रही कच्ची शराब की दो शराब की भट्ठियां तोड़ी। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों राजा उर्फ राजन व नन्हे निवासी जुड़का नंबर दो को गिरफ्तार किया। साथ ही 410 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये। इस दौरान पुलिस ने तीन हजार लीटर लहन को भी नष्ट किया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### जिम के बाहर से बाइक चोरी

**काशीपुर :** अज्ञात चोर जिम के बाहर खड़ी बाइक को चोरी कर ले गये। ग्राम रम्पुरा निवासी दरबारा सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 4 मार्च की सुबह बाइक से मानपुर रोड स्थित जिम गया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक को जिम के बाहर खड़ा किया था। कहा कि जब वह कुछ देर बाद जिम से बाहर आया तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### तमंचे और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बाजपुर :** दोराहा चौकी की पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ग्राम पंचायत महेशपुरा के अंतर्गत दोराहा निवासी आसमा ने पुलिस को बताया कि उसका पति फरीद उसे काफी प्रताड़ित कर रहा है, जोकि तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरोपित फरीद अहमद मूल निवासी ग्राम बकनौली पोस्ट आफिस बराफास थाना सहजादनगर जिला रामपुर को पकड़ लिया। उसके पास से 32 बोर तमंचा व कारतूस मिला। पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### झोपड़ी में आग से क्षति

**बाजपुर :** देर रात ग्राम नंदपुर नरकाटोपा में झोपड़ी में चूल्हे पर एक महिला खाना बना रही थी कि इसी बीच झोपड़ी में अचानक आग लग गई। शुक्रवार की देर रात वार्ड नंबर-7 निवासी मोहम्मद हुसैन पुत्र हब्बू खां की पत्नी समसुल जहां चूल्हे पर खाना बना रही थी कि इस दौरान झोपड़ी में अचानक आग लग गई जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। झोपड़ी में रखा घरेलू सामान कपड़े, आटा, चावल आदि अन्य सामान गया। दौड़कर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने मौका मुआयना कर पीड़ित को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### पेयजल पाइप लाइन का भारी भरकम बंडल चोरी

**बाजपुर :** रेलवे स्टेशन के सामने पेयजल पाइप का बंडल चोर लोडर व ट्रैक्टर-ट्राली के जरिये उठा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर रिवरडेल इंटरनेशल स्कूल के पास निवासी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह उत्तराखंड जल संस्थान का अधिकृत ठेकेदार बाजपुर क्षेत्र में है। इन दिनों नगरपालिका के वार्ड नंबर-आठ में पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए 500 मीटर एचडीपीई पाइप मंगा कर रेलवे स्टेशन के सामने रोड किनारे रखा गया था जिसे अज्ञात व्यक्तियों ने लोडर व ट्रैक्टर-ट्राली के माध्यम से चोरी कर लिया है।



बाजपुर में नैनीताल मुख्य मार्ग पर नेगी आवास पर होली गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



बाजपुर के मझराप्रभु में होली गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# तू कर ले सोलह श्रृंगार राधिका तेरे अंगना होली आई रही...

## कुमाउनी होली अपने पूरे शवाब पर पहुंची, महिलाओं ने समूह में घर-घर दस्तक देकर गायन कर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया, पर्व की बधाई दी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में कुमाउनी होली पूरे सवाब पर पहुंच गई है। महिलाओं ने समूह बनाकर घर-घर दस्तक दी और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली गायन किया। पूरा माहौल रंगों के पर्व होली में सराबोर हो गया है।

महिला होल्यारों की टोली नैनीताल मुख्य मार्ग पर लक्ष्मण नेगी, अमर नेगी के आवास पर पहुंची और यहां होली गायन करते हुए कहा गया होली खेले चारों भैय्या ..... होली खेलन को गणपति आए ...... ,सिद्धि के दाता, विध्न विनाशक ... हरि धरै मुकुट खेले होली, सिर धरै मुकुट खेले होली, कहां से आए कुंवर कन्हैया कहां से आई राधा गोरी...होली गायन शुरू किया गया। इस मौके पर हीरा देवी, तारा भट्ट,सरिता नेगी, गीता रावत, रीतू नेगी, दीपा मियान, दया रोतेला, यशोदा जोशी, नेहा जोशी, मौजूद रही। इसके पश्चात मोहल्ला मझरा प्रभु स्थित मोहित उपाध्याय के आवास पर पहुंची महिला टोली द्वारा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही बलमा घर आए फाल्गुन में, सजना घर आए फाल्गुन में..., मथुरा में खेले एक घड़ी, काहे के हाथ में डमरू बिराजे, काहे के हाथ में लाल छड़ी..., अंबा के भवन में बिराजे होली, देवा के भवन में बिराजे होली..., गणपति गिरिजा खेलन आए रिद्धि-सिद्धि साथ होली..., तू कर ले सोलह श्रृंगार राधिका तेरे अंगना होली आई रही..., अब बिरज में होली रे रसिया..., होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा..., होरी में श्याम रंग डार गयो होरी में... आदि होली गीतों से पूरा माहौल रंग बिरंगा हो गया। इस मौके भावना,राधा तिवारी, रेखा उपाध्याय,सरिता, इंद्रा उपाध्याय,नेहा उपध्याय, सुधा,मंजू ममगाईं,परम्परा, रेखा, प्रिया, पुष्पा आदि उपस्थित रही। बाजपुर वार एसोशिएसन द्वारा अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा की अगुवाई में होली मनाई गई इस मौके पर अनेकों अधिवक्ता मौजूद रहे। झारखंडी गांव में घर-घर जाकर होली मनाई गई जिसमें प्रत्येक घर में होली गाने वालों को टीका लगाया जाता है होली के बोल आज अयोध्या में भई बधाई राजा दशरथ के पुत्र भये हैं इस अवसर पर केसर सिंह रमेश पांडे नित्यानंद जोशी डॉक्टर मोहन चंद्र पांडे वीरेंद्र सिंह बिष्ट कन्नू जोशी प्रवीण सिंह गुलशन कुमार श्याम सिंह दया जोशी भीम जोशी जमुना दत्त भट्ट अर्जुन सिंह केशव दत्त जोशी प्रहलाद सिंह किशन सिंह नारायण सिंह आदि लोग थे।

**दिनेशपुर में सजी रंगों की दुकान :** होली पर्व के चलते नगर के मुख्य बाजार के अलावा बंगालीमोड़, चक्कीमोड़ व कालीनगर में रंग-बिरंगे रंगो, पिचकारियों व खाद्य सामग्री से बाजार सजने लगे हैं। अधिकांश दुकानें मुख्य मार्गों के फुटपाथ पर लगी हुई। बाजारों में रौनक दिखने लगी है। लोगों का होली के रंगो व अन्य सामग्री लेने के लिए आना- जाना लगा हुआ है।



ट्रांजिट कैंप में होली मनाते राठौर महासभा के लोग। ● अमृत विचार



बाजपुर में अनाज मंडी स्थित श्रीखाटू धाम मंदिर में आयोजित श्री श्याम फाल्गुन होली महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### राठौर महासभा ने जमाया रंग

**रुद्रपुर :** ट्रांजिट कैंप में राठौर महासभा उत्तराखंड के बैनर तले होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान होली के गीतों में लोग जमकर थिरके और एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। शनिवार को ट्रांजिट कैंप गोल मढैया स्थित एक बारात घर में राठौर समाज के लोगों ने आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि होली का कार्यक्रम बुराइयों को भूलकर गले मिलने का है। इस बहाने लोगों का अपने गिले सिकवे भुलाकर एक होने का प्रण लेते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोग अपने छोटे-छोटे मतभेदों को भुलाकर एकजुट से आगे बड़े, तभी समाज का भला और उन्नति होगी। वहीं बैठकी होली मिलन कार्यक्रम में सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान शेर सिंह राठौर, राजेंद्र राठौर, योगेश कुमार, नरेंद्र राठौर, पार्षद कैलाश राठौर, छेदालाल राठौर, नेक पाल राठौर, प्रमोद कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

### होली के रंग सांवरे के संग कार्यक्रम में उमड़े लोग

**बाजपुर :** अनाज मंडी स्थित श्री खाटू धाम मंदिर में शुक्रवार की रात होली के रंग सांवरे के संग थीम के साथ भव्य श्री श्याम फाल्गुन होली महोत्व (कीर्तन) करवाया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाहर से धार्मिक गायब कलाकारों ने अपनी सुमधुर वाणी से श्याम बाबा के भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर के सामने परिसर में श्रीश्याम प्रभु खाटू वालों का भव्य एवं दिव्य दरबार सजाया गया तथा बाबा का आलौकिक श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए गए। देर रात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित कर भजन गायन की शुरुआत की गई जिसमें मुरादाबाद के नागेंद्र सूर्यवंशी व दिल्ली के पंकज सोनी ने अपनी मधुर वाणी से एक से बढ़कर एक बाबा के भजनों का गुणगान किया। देर रात तक चले भजन-कीर्तन में श्रद्धालुओं बाबा की मस्ती में झूम उठे। इस दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प व इत्र वर्षा की गई। साथ ही फूलों की होली का आयोजन किया गया।



नानकमत्ता में होली गायन करते नेपाल के कलाकार। ● अमृत विचार

### नेपाल के होली कलाकारों ने मचाई धूम

**नानकमत्ता :** तराई पूर्वी वन प्रभाग रनसाली रेन्ज में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पड़ोसी देश नेपाल के धनगढ़ी से होली कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह रैकुनी ने बताया कि वनों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करना हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं धनगढ़ी नेपाल के होली कलाकारों ने होली के गीत गाकर धूम मचा दी। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह रैकुनी, फॉरेस्ट विभाग के वनकर्मी लाल सिंह नेगी, घनश्याम सिंह व पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश राणा, आदि लोग शामिल रहे।

# बच्चों ने गीतों से जमाया रंग







दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में होली मिलन कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं नन्ही छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन दिनेशपुर-गूलरभोज के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में नवोदय इंटर कॉलेज चक्कीमोड़ व लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर की नन्हीं-मुन्नी छात्रा आराध्या व अवनी राणा ने कुमाउनी व राधा-कृष्ण के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया। इकाई अध्यक्ष जीवन सिंह नयाल ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजीव चावला, संरक्षक केवल चंद्र पाठक, महामंत्री गौतम सरकार, कोषाध्यक्ष अजय अरोरा, अरुण दुबे, हरविंदर सिंह चावला, अमित गुप्ता, अर्जुन कुमार, मयंक अग्रवाल, अजय कुमार, सचिन राणा सहित ऊधमसिंह नगर जिले से पहुंचे पत्रकार मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों ने खूब खेली होली

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म खटीमा में रंगों के पर्व होली त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रेमा भट्ट, विक्टर आईवन, मनीष चंद, हरीश भट्ट, सुरेश ओली आदि थे। इधर नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिछुआ में होली की बधाइयां दी। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद कापड़ी, मनोज भट्ट, भूपेंद्र बोहरा, कमल चंद, निकिता सकलानी, अभिषेक राणा आदि थे। सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में शनिवार को होली मिलन धूमधाम से मनाया गया। जहां प्रबंधक राजेश पाल, एडमिनिस्ट्रेटिव विनीता पाल, चेयरपर्सन ज्योति पाल, प्रधानाचार्य रामयश ने अभिभावकों और बच्चों को होली की बधाई दी।

# भक्ति गीतों से दर्शक मंत्रमुग्ध

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** राधा-कृष्ण महोत्सव कमेटी की ओर से फूलों की होली व शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने राधा-कृष्ण समेत विभिन्न भक्ति गीतों पर नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पुरानी सब्जी मंडी के समीप स्थित राधा कृष्ण मंदिर से आरंभ हुई 12वीं फूलों की होली शोभायात्रा मोहल्ला किला, पुरानी सब्जी मंडी, मुख्य बाजार, नगर निगम रोड, एमपी चौक, जीजीआईसी रोड, माता मंदिर रोड, रतन सिनेमा रोड सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची, जहां शोभायात्रा का विधिवत समापन किया गया। शोभायात्रा में मथुरा और वृंदावन की झलक देखने को मिली। मुख्य आर्षण काशी की भोले बाबा की होली और युवाओं द्वारा दिखाए गए हैरतअंगेज करतब रहे। श्रद्धालुजनों ने डोल में विराजमान भगवान श्री राधा कृष्ण के दर्शन किये। साथ ही रंग गुलाल और पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान राधा कृष्ण मंदिर में फूलों की होली भी खेली गई।



राधा-कृष्ण महोत्सव कमेटी की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग।

### काशीपुर में होली की धूम

**काशीपुर ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी के आवास पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपाई समेत शहर के कई गणमान्य लोगों ने पहुंच कर होली की बधाईयां दी। शनिवार को होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, राजेश कुमार, पुष्कर बिष्ट, गुरविंदर सिंह चंडोक, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं पुलिस पेंशनर्स समिति के पदाधिकारियों ने कोतवाली सभागार में होली मिलन कार्यक्रम किया।

**आयोजन** वृंदावन के कलाकारों की अठखेलियां, राधा-कृष्ण की नृत्य प्रस्तुति व लठमार होली का लोगों ने आनंद लिया

# वृंदावन के कलाकारों के साथ देर रात तक खेली फूलों की होली

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन दिनेशपुर- गूलरभोज द्वारा रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में देर रात तक लोगों ने फूलों की होली खेली। वृंदावन से आए कलाकारों की अठखेलियां, राधा-कृष्ण का नृत्य प्रस्तुति, लठमार होली के साथ फूलों की होली का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। नन्ही बच्चियों द्वारा कुमाउनी गीत पर नृत्य को लोगों ने खूब सराया। कार्यक्रम में फूलों की होली आकर्षण का केंद्र बनी रही और लोग जमकर थिरके।

शुक्रवार की रात्रि रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन दिनेशपुर-गूलरभोज द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि यूनियन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चंद्र शास्त्री, प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी, जिलाध्यक्ष राजीव चावला, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ महेंद्र पाल सिंह, भाजपा नेता अतुल पांडेय, पूर्व सुबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की व इकाई अध्यक्ष जीवन सिंह नयाल ने सर्वप्रथम संयुक्त रूप से श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डीसी शास्त्री ने कहा कि मौजूदा दौर में समाज का दर्पण मीडिया की भूमिका अहम है। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ महेंद्रपाल सिंह, भाजपा नेता अतुल पांडेय व पूर्व सुबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष जीवन सिंह नयाल व महामंत्री गौतम सरकार सहित सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए।



होली मिलन में यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष डीसी शास्त्री व प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी का स्वागत करते आयोजक।



दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में होली मिलन कार्यक्रम में होली गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

### होली मिलन समारोह में थिरके कांग्रेस कार्यकर्ता

**पंतनगर ।** शनिवार की शाम पूर्व दर्जामंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय की अध्यक्षता में छोटी मार्केट मैदान पर होली मिलन हुआ, जिसमें एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और होली गीतों पर जमकर थिरके। यहां नगर अध्यक्ष गिरधार सिंह फत्र्याल, लवकुश शर्मा, रॉकी टाकुली, दान सिंह नयाल, नीरज चैधरी, मनोज सिंह, राजेंद्र चिंडालिया, रवि कुशवाहा, कन्हैया लाल, राजेश कार्की, डब्बू चैहान, रूपा आर्य, नियाज बानो, मीना शर्मा, फरमूद अहमद, शकील व गीता भारती सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### सूचना

मेरे तीनों पुत्र सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार और जयपाल पिछले लंबे समय से मुझसे अलग रहते हैं। मेरा इन तीनों पुत्रों अथवा उनके किसी कृत्य से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। मैं तीनों पुत्रों से अलग रह कर मेहनत मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता हूं। - **सत्यपाल पुत्र स्वर्गीय बनवारी लाल, निवासी ग्राम बनगवां, तहसील खटीमा, जिला उधमसिंह नगर।**

# वसंतोत्सवों का चरम होली



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक महोत्सव है। भारत की भू- सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है।

प्रकृति नित्य नूतन है। चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तः पुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इस स्रोत का नाम है- उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगलबन्दी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरुणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है।

प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरुदगण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है।" आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि "आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी नाम।

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्वव्यारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीती गीती नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है। होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्यकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्यकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परम्परा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं।

होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक संबंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक संबंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो।

वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील हैं। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचाएं कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते हैं, वे मरुतों को उत्सव 'क्रीडन्ति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता हैं। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकर्त्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए, आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीता गाता नृत्य करता है।

वैदिक परंपरा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की। सूर्य अग्नि का ही रूप है। उनके प्रकाश में सात रंग हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव को सतरंगी बनाया। ध्वनि में सात सुर-आयाम हैं। पूर्वजों ने रंगों के साथ सात सुर भी जोड़े। यहां रंग सुर छंद है, ताल लयसंगीत है, नृत्य और थिरकन है। होली में मर्यादित वर्जनाहीनता है। परिपूर्ण उन्मुक्तता है। उपनिषदों में परम सत्ता को रस बताया गया है-रसौ वै सः। होली रसपूर्ण है। प्रीतिरस के साथ रीतिरस। गीत और संगीत रस। मर्यादा रस और उन्मुक्त रस साथ साथ हैं। होली आप सबको आनंदरस रंग से परिपूरित करे।

# हिरण्यकशिपु हो या होलिका : है पग-पग डेरा डाले



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

रंग का विलोम शब्द बदरंग है। रंगों के कलात्मक संयोजन से चित्र चित्ताकर्षक हो जाते हैं, जबकि अनियोजित प्रयोग से उसी चित्र में विकृतियां झलकती है। रंगों का सबसे बड़ा खजाना आसमान के सूरज के पास है। सूरज सप्तवर्णी या सप्तरंगी किरणों वाला होता है। उदित होते सूरज के विविध रंगों से आसमान की छटा परवान चढ़ जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि ढले शाम भी वह बतौर कुशल चित्रकार ही दिखता है। इंद्रधनुष ऐसा बनाता है, शायद पेशेवर चित्रकार को कैनवस पर उसकी नकल करने में कठिनाई हो। जबकि सूरज के पास चित्र बनाने की न तूलिका है और न दूसरे उपकरण और संसाधन।

सूरज की इस रंगकारी की तुलना रंगों के त्योहार होली से की जाए तो होली भी जीवन को रंगों से भर देने का त्योहार है। रंगीली होली की गाथा अंतहीन है। कविता में नजीर अकबराबादी 'गालों से रंग ढलकते हों तब देख बहारें होली की' के साथ महबूब नशे में छकते हों तब देख बहारें होली की' का जब उल्लेख करते है तब रंगों के नशा करने वाले किसी महबूब पर उनकी नजर दिखाई पड़ती हैं। रंगों के आपसी सामंजस्य में गहरा संदेश भी है और गहरा दर्शन भी है।

घर-परिवार से लेकर समाज और देश-दुनिया तक में जीव से लेकर प्रकृति तक में सामंजस्य ही जीवन के रंग को द्विगुणित कर देता है। यशोदा के नंदन कृष्ण के लिए गोपिकाएं 'नैन नचाय कही मुस्काय, लला फिर आइयो खेलन होली' का निहितार्थ ही है कि मन में लालित्य के लिए जीवन में जरूरत पर मुरली बजाने वाली स्थिति भी हो और आवश्यकता पड़ने पर जीवन के महाभारत में शंखनाद भी करने की सामर्थ्य हो। होली उस सुबह हो-हल्ला मचाते आ धमकती है जब उसकी पूर्व रात्रि में होलिका दहन हो चुका होता है। होलिका दहन के प्रतीकों को होलिका में पड़ने वाले विविध पदार्थों के आईने में देखा जाए तो जीवन के होलिका दहन में भी विविधता दिखाई पड़ती है। प्रथमतः पंचभौतिक शरीर के स्तर पर नित होने वाले होलिका दहन का विश्लेषण किया जाए तो इस शरीर में भी अग्नि है। सबसे महत्वपूर्ण जठराग्नि को होलिका दहन के परिप्रेक्ष्य में लिया जाए तो खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर को आह्लाद देने वाले तत्व (मिनरल्स) को जठराग्नि बचाकर शरीर को हष्ट-पुष्ट बनाने के लिए रक्त रसायन को दे देती है और खाद्य पदार्थों में समाई होलिका को जलाकर बाहर कर देती है। लाल रक्त कण (रेड सेल्स) शरीर को स्वस्थ रखता है। इतना ही नहीं शरीर को क्षति पहुंचाने वाले हिरण्यकशिपु जैसे विषाणुओं से भी जठराग्नि लड़ती-भिड़ती रहती है।

अब चिंतन-मनन के स्तर पर होलिका दहन की विवेचना की जाए तो हिरण्यकशिपु जैसा अहंकार इस देव-दुर्लभ जीवन का सबसे बड़ा शत्रु हैं। इसी अहंकारी हिरण्यकशिपु की बदरंगी मनोवृत्तियां उसकी बहन होलिका है। होलिका मन के प्रह्लाद के उच्च भाव की घेराबंदी करती है। इसे गोद में बैठाकर काम-क्रोध की अग्नि में भस्मीभूत कर देना चाहती है, लेकिन मन की दृढ़ता की भावनाएं कुप्रवृत्तियों की होलिका की योजना विफल करती है। सत्य, सदाचार और सुनीतिपूर्ण जीवन पद्धति के संस्कारों से शिक्षित मन प्रह्लादत्व की स्थिति में है तो फिर जीवन का आह्लाद जल नहीं सकता। इससे सर्वप्रथम चेहरे का ही नहीं, बल्कि मन का भी रंग चटक होता है। मन अग्नि में तपाए हुए स्वर्ण (सोने) की तरह चमक उठता है। आत्मबल बढ़ता है, जो जीवन के रंग को कभी बदरंग नहीं होने देता है।

# होली का वैदिक स्वरूप



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रात: मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए।


होली वास्तव में एक वैदिक यज्ञ है जिसका मूल स्वरूप आज विस्मृत हो गया है। वैदिक काल में इस पर्व को 'नवान्नेष्टि' कहा गया है। इस दिन खेत के अधपके अन्न का हवन कर प्रसाद बांटने का विधान है। इस अन्न को होला कहा जाता है, इसलिए इसे होलिकोत्सव के रूप में मनाया जाता था। इस पर्व को नवसंवत्सर का आगमन तथा वसंतागम के उपलक्ष्य में किया हुआ यज्ञ भी माना जाता है। कुछ लोग इस पर्व को अग्निदेव का पूजन मात्र मानते हैं। मनु का जन्म भी इसी दिन का माना जाता है। अतः इसे मन्वादितिथि भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान शंकर ने अपनी क्रोधाग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था, तभी से यह त्योहार मनाने का प्रचलन हुआ।

सूनृतावन्तः सुभगा इरावन्तो हसामुदाः। अतृष्या अक्षुध्या गृहा मास्मद् बिभीतन॥ (अथर्ववेद 7.60.6) जिन घरों में रहने वाले परस्पर मधुर और शिष्ट संभाषण करते हैं जिनमें सब तरह का सौभाग्य निवास करता है, जो प्रीति-भोजों से संयुक्त हैं, सभी हास और उल्लासमय जीवनयापन करते हैं एवं जहां न कोई भूखा है न प्यासा, उन घरों में कहीं से भय का संचार न हो। हमारी संस्कृति मे 'होली' का उत्सव तामसिक वृत्तियों के मुखर होने हेतु नियत किया गया है। इस दिन हमारी मर्यादित प्रकृति भी उन्मुक्त हो जाती है। आमोद-प्रमोद निर्बन्ध हो जाते हैं। उत्सव की इस सम्मोहनी शक्ति को हमारे द्रष्टा महर्षियों ने समझा था। उन्होंने यज्ञों में वसंत को आज्य कहकर घोषित किया था-यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्मः इध्मः शरद्धवि॥ (ऋग्वेद 10.90.6) होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रातः मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए। सभी रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर चंदन, अबीर और गुलाल लगाकर पान चबाते हुए एक-दूसरे पर रंग डालने के लिए पिचकारियां लेकर निकलें जिनके मन में जो आए सो कहें। ऐसे शब्दों से तथा हवन करने से वह पापिनी (होलिका) नष्ट हो जाती है।" होली या वसंतोत्सव का जो वर्तमान स्वरूप दिखाई पड़ता है वह हजारों वर्ष भारतवर्ष के पूर्व भाग में जो अनेक प्रकार की उद्यान-क्रीड़ाएं प्राचीनकाल में प्रचलित थीं, वे इसी होली पर्व का ही एक अंग थीं। पाणिनि का 'प्राचांक्रीणायां (6,2,72) सूत्र इनका परिचायक है। 'वात्स्यायन ने उन्हें देश परंपरागत क्रीड़ाएं कहा है। श्रीमद्भागवत (10-75-14.15) में वर्णन इस प्रकार मिलता है-"गंध, माला, भूषण तथा वस्त्रों से अलंकृत पुरुष और स्त्रियां नदी में अवभृथ स्नान करने के लिए गईं। वहां युवतियां तेल, गोरस, सुगंधित जल, हल्दी और कुमकुम आदि से एक-दूसरे को रंगने लगी। घत्तियी (चर्मयंत्र) से अपने देवरों और प्रियजनों को भिगो रही थीं।" ये घत्तियां ही आधुनिक पिचकारियों की आदिरूप थीं। महाकवि माघ (750 ई.) ने पिचकारी का वर्णन किया है। तप्त स्वर्ण के समान उज्जवल केसरिया रंग का विशाल स्नानाच्छादन, वस्त्र प्रक्षालन तथा प्रियजनों का सान्निध्य नारियों के जल क्रीड़ा के साधन थे।

प्रारंभ में उत्सवों और पर्वों का आरंभ अत्यंत लघु बिंदु से होता है जिसमें निरंतर विकास होता रहता है। सामाजिक आवश्यकताएं इनके विकास में विशेष भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि होली जो मूलतः एक वैदिक सोमयज्ञ के अनुष्ठान से प्रारंभ हुआ, आगे चलकर परम भागवत प्रहलाद और उनकी बुआ होलिका के आख्यान से भी जुड़ गया। गवामयन के अंतर्गत महाव्रत के इस परिवर्धित और उपबृंहित पर्व-संस्करण में 'नवशस्येष्टि (नई फसल के अनाज का सेवन करने के लिए किया गया अनुष्ठान) तथा मदनोत्सव अथवा वसंतोत्सव का समावेश भी इसी क्रम में आगे हो गया। वसंत ऋतु के आगमन के स्वागत उत्सव के कारण होली वसंतोत्सव के रूप में मनाई जाती है। मदनोत्सव के पीछे यह रहस्य है कि मानव जीवन में धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ काम भी एक पुरुषार्थ के रूप में प्रतिष्ठित है। 'कामस्तदाग्रे संवर्तताधि' कहकर वेदों ने भी इसे स्वीकार किया है। नृत्य-संगीत प्रभृति समस्त कलाएं, हास-परिहास, व्यंग्य-विनोद तथा आनंद और उल्लास इसी तृतीय पुरुषार्थ के नानाविध अंग हैं।

होलिकोत्सव के रूप में हिंदू समाज ने मनोरंजन को जीवन में स्थान देने के लिए तृतीय पुरुषार्थ के स्वस्थ और लोकोपयोगी स्वरूप को धर्माधिष्ठित मान्यता प्रदान की है। जैसा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट कथन है-धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ। हे अर्जुन! मैं प्राणियों में धर्मानुकूल कामप्रवृत्ति हूं। शिवजी ने तृतीय नेत्र से फाल्गुन कृष्णाष्टमी को काम/मदन का दहन किया था। तब कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर होलाष्टक के अंतिम दिन अर्थात् धुलेंडी के दिन शिवजी ने, कामदेव का प्रद्युम्न के रूप में पुनर्जन्म होने का वचन दिया था। इसलिए होली को मदनोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

# मूल प्रवृत्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भूख न होती तो खेती का विकास क्यों होता? भूख लगी इसीलिए शिकार को जाना पड़ा था। भूख लगी, इसीलिए वृक्ष लगाए, फल खाया, भूख लगी इसीलिए मत्स्यपालन किया, भूख लगी इसीलिए पशुपालन किया, दूध पिया। भूख लगी इसीलिए खाद्य-पदार्थों के इतने बड़े उद्योगों का विकास हुआ। रति प्रवृत्ति न होती तो नर और नारी का सम्मिलन भी क्यों होता? सिसृक्षा पुत्रैषणा न होती तो परिवार ही क्यों बनता? रति मूल प्रवृत्ति में परस्पर सहयोग ने बहुत बाद में चल कर पति-पत्नी का संबंध विकसित किया।

रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो क्यों तो गुफा बनती, क्यों झोंपड़ी बनती और क्यों ये कोठी बनती? जंगल से गांव और गांव से नगर भी क्यों बन जाता? रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो समाज और राज्य भी क्यों बनता? रक्षा और प्रभुता की मूल प्रवृत्ति न होती तो कोई सेना क्यों बनती और यह यूक्रेन-रूस युद्ध भी क्यों होता? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती तो ज्ञान-विज्ञान का विकास भी क्यों होता? क्यों आदमी अंतरिक्ष में जाता? क्यों समुद्र की थाह लेता? क्यों विश्वविद्यालय बनते? क्यों पुस्तकें लिखी जातीं? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती दर्शन और विचारधाराओं का विकास कैसे होता? संग्रह, वित्तैषणा या तृष्णा की मूल प्रवृत्ति न होती तो एक आदमी दूसरे के हक को क्यों छीन लेता? विषमता का जन्म भी क्यों होता? बैंक क्यों बनतीं? खजाने की क्या जरूरत होती? जर-जमीन के झगड़े क्यों होते? चिड़िया के पास ही कौन सा संग्रह है? पेट तो भर ही लेती है, लेकिन मनुष्य तिजोरी और कोठार बनाता है। गौरव की मूल प्रवृत्ति (अपने को श्रेष्ठ मानने की प्रवृत्ति) न होती तो कोई अपने को श्रेष्ठ और दूसरे को हीन क्यों समझता? परनिंदा का भाव भी क्यों होता? तू छोटा मैं बड़ा, यह भाव भी कहां से आता? क्यों ऊंच-नीच का विचार बनता और वर्ग-विद्वेष भी क्यों होता?

आराम की मूल प्रवृत्ति न होती तो सभी श्रम कर लेते। श्रमिक और प्रबंधक वर्ग क्यों होते? अनुकरण की मूल प्रवृत्ति न होती तो हम कैसे संगीत सीखते? कैसे भाषा सीखते? किसी से कोई होड़ क्यों करता? आज तो अस्त्र-शस्त्र की होड़ हो रही है। मूल प्रवृत्ति न होती तो दंडविधान भी क्यों बनता? समस्त सभ्यता का विकास, समस्त संस्कृति का विकास, समस्त ज्ञान विज्ञान का विकास मूल प्रवृत्तियों की और मूल प्रवृत्तियों के संयमन, नियमन, दमन और उन्नयन की प्रणालियों की देन है।

# गुर्दे और जल संरक्षण



आर्य सागर खारी
नोएडा

पर्यावरण गोष्ठियों सोशल मीडिया आदि के माध्यम से जल संरक्षण जल की महत्ता को लेकर अनेक जागरूकता संदेश प्रचारित-प्रसारित किए जा रहे हैं। बात जब जल के बचाने को लेकर होती है तो आधुनिक वाटर कंजर्वेशन के तमाम मॉडल्स पर डिस्कशन होता है, लेकिन दुनिया का सबसे बेहतरीन अनूठा लाजवाब वाटर कंजर्वेशन मॉडल हमारे शरीर में मौजूद है। वर्ष 2003 का केमिस्ट्री का नोबेल इसी वॉटर कंजर्वेशन मॉडल जिसे एक्वापोरिन सिस्टम कहा जाता है, उसे दुनिया को समझाने के लिए पीटर एग्री को मिला था। पंचतत्व से यह शरीर बना है पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश सर्वाधिक प्रधानता जल तत्व की है। मानव शरीर में 60/70 फीसदी लगभग जल ही होता है। 2003 तक साइंटिस्ट नहीं जानते थे कि मानव शरीर में जल कैसे रीसायकल एक्सचेंज निष्कासित होता है। हमारे शरीर की अरबों-खरबों कोशिका में जल का आदान-प्रदान किस तरह होता था कोई जानकारी नहीं थी। हमारा शरीर जो जल हम पीते हैं उसे मिनिमम वेस्टेज के आधार पर यूटिलाइज करता है। दोनों गुर्दे 24 घंटे में 170 लीटर प्राइमरी यूरिन बनाते हैं। समझना यह है कि यदि इतनी भारी मात्रा में प्राइमरी यूरिन बनता है तो मानव कितने जल का उपयोग करेगा प्रत्येक मनुष्य की जल की खपत बढ़ जाएगी जल का अनावश्यक असीमित उपयोग होगा। इस संकट से बचाने के लिए भगवान ने मानव गुर्दों को रीसाइक्लिंग प्लांट से लैस कर दिया है, जो 170 लीटर प्राइमरी यूरिन को घटाकर वेस्टेज के तौर पर 1 से 2 लीटर फाइनल यूरिन में तब्दील कर देता है। है न अद्भुत व्यवस्था इस काम में मुख्य भूमिका दोनों गुर्दों की विशेष क्रियात्मक सर्जनात्मक इकाई नेफ्रॉन निभाती हैं। प्रत्येक गुर्दा 10 लाख नेफ्रॉन से मिलकर बना है नेफ्रॉन बहुत ही महीन छन्नी है। हमारा शरीर पानी कैसे बचाया जाए? कैसे उसका संरक्षण किया जाए? कैसे उसका अधिकतम उपयोग किया जाए? भलीभांति जानता है, लेकिन हम नहीं जानते यह अजीब विडंबना है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका जल को बचाना जानती हैं। प्रत्येक कोशिका के बीच मिनिमम वॉटर वेस्टेज पर आधारित वाटर चैनल्स काम करता है, जो विशेष जल रोधी एक्वा प्रोटीन से काम करता है। प्रति सेकंड हमारे शरीर के इन वाटर चैनल में जल के हजारों अणु गुजरते हैं।

# बेअसर एंटीबायोटिक्स से तपेदिक नियंत्रण बना चुनौती



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुन: इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक वैज्ञानिकों ने चेताया है कि आहार के लिए पाले जाने जिन जंतुओं -मुर्गी, सूअर, तीतर, बटेर, बतख, टर्की और किवी को एंटीबायोटिक खिलाने से मनुष्य में एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस बढ़ रही है। इसकी वजह से कॉलरा, टाइफाइड, शिगेला जैसे बैक्टीरिया के विरुद्ध पारंपरिक दवाएं असरदार नहीं हो रही हैं। इलाज के दौरान भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। कॉम्बिनेशन एंटीबायोटिक्स का असर मनुष्य देह में पलने वाले संक्रमण को खत्म करने के लिए धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। हालांकि नयी संश्लेषित दवाओं पर काम हो रहा है, परंतु पेड़-पौधों से प्राप्त होने वाले नए एंटी-बैक्टीरियल मॉलिक्यूल्स के परीक्षणों पर खोज जारी है। साथ ही समुद्री वनस्पतियों एवं शैवाल से भी नए एंटी-बैक्टीरियल और माइक्रोबियल एजेंट्स तलाशे जा रहे हैं।

रोगकारक बैक्टीरिया इतना चालाक है कि 'म्युटेट' कर लेता है और अपना जेनेटिक मेकअप भी बदल लेता है। हैजा के बैक्टीरिया में एक मॉलिक्यूलर पंप होता है जिससे वह दवा को बाहर धकेल कर जिंदा रहकर सक्रिय बना रहता बनाए रखता है। इसलिए सलाह यह दी गई है कि फ़ार्म चिकन, अंडा, पोर्क और बीफ न खाया जाए। अगर दारू ऊपर से सेवन भी किया जाता है तो मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। मसलन तपेदिक के प्रति एंटीबायोटिक-रेजिस्टेंस कुछ अधिक ही दिख रहा है। मरीज लोग समय पर दवा नहीं लेते या आधी-अधूरी लेकर छोड़ देते हैं और लापरवाह हो जाते हैं। अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुनः इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा। क्या क्लिनिकल टेस्ट्स और इन्वेस्टीगेशन्स का तरीका बदला जा रहा है? सन 2015 से ऐसी कोशिश हो रही है कि बेसिलस टुबरकुलीन अर्थात् टीबी करने वाले बैक्टीरिया के नए और ड्रग रेसिस्टेंट स्ट्रेंस या विभेद और विभेदों की पहचान के लिए कुछ और किया जाए जैसे कि एक बार चीन ने टीबी इंफेक्शन पकड़ने के रक्त की जांच शुरू की थी, लेकिन रिजल्ट्स 'फाल्स नेगेटिव' या 'फाल्स पॉजिटिव' रहते थे। इस तकनीक में इंफेक्शन को पकड़ने के लिए रक्त में मौजूद 'मार्कर्स' या बायो-लॉजिकल पार्टिकल्स को ढूंढा जाता है, जो इंफेक्शन होने के बाद रक्त में घूमते रहते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने इसे रिजेक्ट कर दिया और कहा कि एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही 100 प्रतिशत कामयाब टेस्ट हैं। रक्त में 200 किस्म के मेटाबॉलाइट्स मौजूद होते हैं और 'मार्कर्स', या अतिसूक्ष्म जैव-पदार्थ भी, लेकिन टीबी स्पेसिफिक मार्कर्स को डिटेक्ट करने और इन्हें इंटरप्रेट करने में गलती की संभावना अधिक होती है। भारत में बहुत सी लैब यह टेस्ट करने लगी थीं, जिन्हें इससे संबंधित सीरो-डायग्नोस्टिक किट्स का चीन से आयात बंद किए जाने के निर्देश जून, 2012 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए थे। सरकारी तंत्र में कन्फर्मेशन के लिए एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही अभी चलता है। उदाहरण के लिए शरीर में टीबी का संक्रमण सिर्फ फेफड़ों में (पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस) ही नहीं होता, बल्कि अन्य अंगों जैसे कि जठरांत्र शिरा (गैस्ट्रोइंटेसटानल), हड्डियों और लिवर में, लसिका ग्रंथियों, मूत्राशय अंग, को भी प्रभावित करता है। इन्हें सिर्फ एक ही बैक्टीरिया प्रभावित करे ऐसा नहीं है, बल्कि इसका ड्रग-रेसिस्टेंट विभेद भी प्रभावित कर सकता है जिसका पितृ-जीवाणु मायको-बैक्टीरियम ट्यूबरकुलम ही है। तपेदिक का जीवाणु कैसे ड्रग रेसिस्टेंस विकसित करता है इसके मैकेनिज्म को भी समझ लिया गया है। इसे समझे बिना उक्त विभेद को निष्क्रिय या नष्ट करने के लिए नई दवा का विकास जिया जाना संभव ही नहीं था। इस वक्त देश में तपेदिक के मरीजों को 'सेकेंड लाइन ड्रग्स' अर्थात् एमिनो-ग्लाइकोसाइड्स, पॉलीपेप्टाइड्स, फ्लूरोकिनोलोंस, थायो-एमाइड्स, साइक्लोसेरीन्स, और पैरा-अमीनो सैलीसायिक्लिक एसिड केकर निरोग किया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्यूबरक्लोसिस रिसर्च (आईसीएमआर) के शोध के मुताबिक़ अत्याधिक ड्रग रेसिस्टेंट पाए जाने पर मरीजों को नेशनल ट्यूबरक्लोसिस कण्ट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत केटेगरी-4 की जो नई मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट दवाएं दी जा रही हैं इनमें रिफम्पिसिन, एथम्बूटोल और आयसोनायाज़िड न होकर सात दवाएं संयुक्त रूप से दी जाती है। अत्यधिक मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबी को काबू में करना दुनिया भर में एक मुश्किल काम बना हुआ है। तपेदिक को दूर करने के लिए बहु-औषधीय दवाओं का बे-असर होना पश्चिम के विकसित देशों में भी बहुत समय से अब दिखाई दे रहा है। पूर्वी यूरोप के देशों और रूस में यह व्याप्त है। यह न समझें कि रेसिस्टेंस सिर्फ अफ्रीका और साउथ एशिया के देशों की समस्या अधिक है। इस संबंध में भारत के आंकड़े प्रस्तुत करने की बजाय यह समझना जरूरी है कि टीबी के संक्रमण का शक या लक्षण प्रकट होते ही इसे चेक करवाएं और न केवल टीबी पैदा करने वालें कारकों अथवा 'रिस्क-फैक्टर्स' से दूर रहें बल्कि उन लोगों से भी जिनमें टीबी के प्रति बहुऔषधीय तीव्र अवरोध हो चुका है।

# भगत सिंह और उनके विचार



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 साल के भगत सिंह की पहचान सांडर्स वध या एसेंबली में बम फेंकने या एक क्रांतिकारी के रूप में करना कमतर है। भगत सिंह एक विचारक थे, दृष्टा थे, युग परिवर्तक थे। कभी मौका लगे तो भगत सिंह को पढ़िए। भगत सिंह को पढ़ेंगे तो आप महसूस करेंगे कि उनका चिंतन और लेखन उनके कार्यकलापों से ज्यादा क्रांतिकारी था। भगत सिंह हिंदी उर्दू गुरुमुखी अंग्रेजी में समान पकड़ रखते थे।

मैंने भगत सिंह का लिखा लेख 'मैं नास्तिक क्यों हूं' पढ़ा। आर्यसमाजी धार्मिक परिवार से होने के बाद भी वह नास्तिक क्यों हुए? उनके कई साथी धार्मिक थे। शचींद्र नाथ सान्याल ईश्वर को मानते तो नहीं थे, लेकिन उसके अस्तित्व को नकारने का उनमें साहस नहीं था। रामप्रसाद बिस्मिल कट्टर आर्यसमाजी थे। राजेन्द्र लाहिड़ी साम्यवादी के बावजूद उपनिषद और गीता का पाठ करते थे।

भगत सिंह शायद इसलिए नास्तिक हुए की आस्तिक प्रयास कम और ईश्वर पर निर्भर ज्यादा रहता है। अपने ऊपर हो रहे जुल्म को वह पूर्वजन्मों के पाप-पुण्य से जोड़ लेता है। भगत सिंह को पढ़िए अगर आप पढ़कर भगत सिंह जिंदाबाद बोलेंगे तो एक नई ऊर्जा आपके शरीर में प्रवाहित होगी। भगत सिंह के विचार हैं -'अध्ययन करो। स्वयं को विरोधियों के तर्कों का सामना करने लायक अध्ययन करो। अपनी बात के समर्थन में तर्कों से लैस होने के लिए अध्ययन करो। मैं महत्वाकांक्षा, आशा और जीवन के आकर्षण से भरा हूं, लेकिन जरूरत के समय मैं सब कुछ त्याग सकता हूं। बम और पिस्तौल से क्रांति नहीं होती। क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर पर तेज होती है। लोग स्थापित चीजों के आदी हो जाते हैं, इसलिए परिवर्तन के विचार से कांपते हैं। इस सुस्ती की भावना को क्रांतिकारी भावना द्वारा प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता है। किसी ने सच ही कहा है कि सुधार बूढ़े आदमी नहीं कर सकते। वे तो बहुत ही बुद्धिमान और समझदार होते हैं। सुधार तो होते हैं, युवकों के परिश्रम, साहस, बलिदान और निष्ठा से जिनको भयभीत होना आता ही नहीं और जो विचार कम और अनुभव अधिक करते हैं।"

## सार-संक्षेप


भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं घर-घर जाकर बताएं

**जसपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकत्रियों ने लोकसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र जसपुर से भाजपा को भारी बहुमत से जीत दिलाने का संकल्प लिया। भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 400 के पार सीट जीत कर भाजपा केंद्र में भारी बहुमत से पुन: सरकार बनाएगी। उन्होंने सभी कार्यकत्रियों से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर जाकर बताने एवं उनका लाभ लेने तथा भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। जिला महामंत्री डॉ. सुदेश कुमार ने नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को बंपर वोटो से जीतने के लिए सभी कार्यकत्रियों से जुट जाने का जोर दिया। बैठक के बाद कार्यकत्रियों ने फूलों की होली खेली और एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ शैलेंद्र मोहन सिंघल, मीरा बिश्नोई, आकांक्षा ठाकुर, वीना नागर, कृष्णा सिंह, बबीता, मोहिनी शर्मा, ममता शर्मा आदि मौजूद रहे।


खटीमा में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर खुशी मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार

### प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर बांटी मिठाई

**खटीमा।** भाजपा की प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव के कार्यालय में केक काट और मिष्ठान वितरण किया खुशियों का इजहार किया। वक्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए सरकार के सफल दो वर्ष के कार्यकाल की सराहना की। भाजपा की महिलाओं ने होली गीत गाकर जश्न मनाया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज बाधवा, डॉ भुवन भट्ट, संतोष अग्रवाल, रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, अशोक बत्रा, तरुण ठाकुर, हिमांशु बिष्ट, किशन बिष्ट, नवीन बोरा, संतोष गौरव, अमित पांडे आदि मौजूद थे।


औद्योगिक इकाई यों में शपथ लेते कार्मिक। ● अमृत विचार

### 200 कार्मिकों ने ली मतदान की शपथ

**रुद्रपुर** : स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद में स्थापित औद्योगिक इकाइयों में मतदाता अभियान के तहत कार्मिकों को मतदान करने की शपथ दिलायी गयी और जागरूक किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से आईआईई और सिडकुल पंतनगर में डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स में 200 कार्मिकों को मतदान की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपिन कुमार, सहायक श्रमायुक्त दीपक कुमार समेत कई कंपनी के एचआर हैड मौजूद रहे।

# मतदान प्रक्रिया की रीढ़ होते हैं पीठासीन अधिकारी

## लोकसभा चुनाव : 170 पीठासीन और मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों ने दिया ईवीएम का व्यवहारिक व सैद्धांतिक प्रशिक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सुचारू, निर्वाध संपन्न कराने के लिए प्रथम चरण के ईवीएम प्रशिक्षण में अनुपस्थित एवं नये तैनात 170 पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने सभी अधिकारियों को ईवीएम का व्यवहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया।

शनिवार को विकास भवन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान प्रक्रिया अति महत्वपूर्ण है। पीठासीन और मतदान अधिकारी रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी शंका हो उनका सामाधान प्रशिक्षण में ही कर लें, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है।

इसके लिए ईवीएम वीवीपैट के प्रशिक्षण में जो भी जानकारी दी जा रही है उनको भलीभांति सीख लें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन करें और मतदान पार्टियां मतदेय स्थल तक पहुंचने की तत्काल सूचना सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को देंगे। मतदेय स्थल के 100 मीटर की परिधि में प्रचार-प्रसार की सामग्री कतई न लगने दी जाए और मतदाताओं के फोटो पहचान पत्र के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य अन्य दस्तावेजों का सावधानी से परीक्षण कर नामावलियों से मिलाकर मतदान कराएं, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

**प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने की दी जानकारी** : प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धांतिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने की जानकारी दी। इसके अलावा बीयू, सीयू और वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

**ये रहे मौजूद:** नोडल निर्वाचन मनीष कुमार, नोडल प्रशिक्षण नरेश चंद्र दुर्गापाल, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, परियोजना निदेशक अजय सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा सहित पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम उपस्थित थे।


अधिकारियों को जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### स्कैनिंग के बाद ईवीएम को अलग-अलग कमरों में रखा

**रुद्रपुर** : लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम वेयर हाउस में सीयू, वीयू व वीवीपैट को विधानसभावार अलग-अलग कमरों में रखा गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया। शनिवार को निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऊधमसिंह नगर जनपद में 3065 सीयू, 2179 वीयू और 2383 वीवीपैट का गत दिवस प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद शनिवार और रविवार को ईवीएम वेयर हाउस में सुबह 8 बजे से विधानसभावार ईवीएम मशीनों की स्कैनिंग करते हुए अलग-अलग रखे गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि मौजूद थे।

### 80 प्लस और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही कराएं मतदान

**रुद्रपुर** : रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के 14 विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से वीसी के माध्यम से वार्ता कर शत-प्रतिशत मतदान करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि 80 प्लस व दिव्यांग मतदाता जो बूथ पर आकर मतदान नहीं कर सकते उन मतदाताओं को उनके घर पर ही मतदान कराएं। उन्होंने इसकी पूरी तैयारी करने के भी निर्देश दिए। रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि 50 प्रतिशत मतदान बूथों की वेबकास्टिंग होनी है। इसलिए बूथों पर नेट कनेक्टिविटी की जांच कर ली जाए। उन्होंने कहा कि घर-घर मतदान करने के लिए रूट चार्ट, वाहन, सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही राजनीतिक दलों को भी इसकी सूचना दी जाए। साथ ही मत की गोपनीयता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में लगे सभी कार्मिकों के साथी ही निर्वाचन में लगे वाहनों के वाहन चालकों, क्लीनरों, सुरक्षा कार्मिकों का भी शत-प्रतिशत मतदान कराया जाए। वीसी में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल फिंचाराम चौहान, नोडल पीवी, इडीसी विवेक राय, नोडल प्रशिक्षण नरेश दुर्गापाल सहित सभी एआरओ जुड़े थे।

### खलल डालने वालों पर रहेगी तीसरी आंख की नजर

**काशीपुर** : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस कोई भी कोताही नहीं बरत रही है। आगामी चुनाव को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इस दौरान चुनाव में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटने के साथ पुलिस उन पर तीसरी आंख से भी नजर रखेगी। क्षेत्र में करीब 48 सीसीटीवी कैमरे प्रमुख स्थानों पर लगे है। जिनकी मदद से शहर के साथ ही अंतर्जनपदीय व अंतरराज्यीय सीमाओं की निगरानी की जाएगी। वक्त के साथ-साथ बेहतर पुलिसिंग में सीसीटीवी कैमरों ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। वर्तमान समय में बड़ी से बड़ी घटनाओं को खुलासा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम हुआ है और अपराधियों को सजा मिली है। आगामी लोकसभा चुनाव में विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ सीसीटीवी कैमरों से भी शहरभर में निगरानी की जाएगी। इससे चुनाव के दौरान अवैध धन व शराब की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। साथ ही चुनाव में खलल डालने वालो पर भी पुलिस की नजर रहेगी। शहर में करीब 48 सीसीटीवी कैमरे प्रमुख स्थानों पर लगे है। जिनसे एसपी कार्यालय में बने मॉनीटरिंग रूम से नजर रखी जा रही है। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है। जिसके लिए पुलिस जगह-जगह व सीमाओं पर चेकिंग अभियान भी चला रही है।

### राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**जसपुर** : विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष साबिर हुसैन के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा पार्टी के संस्थापक अरविन्द केजरीवाल को गिरफ़्तार करने के विरोध में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस मौके पर दिलशाद हुसैन, कुसुम, अबरार हुसैन, अंजुम, हनीफा, तवारक हुसैन मौजूद रहे।

### 50 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक धरा

**पंतनगर** : बीते शुक्रवार की शाम एसआई दिनेश सिंह रावत ने मुखबिर की सूचख्ना पर हमराही कांस्टेबल भूपाल सिंह व लक्ष्मण सिंह के साथ नगला बाईपास में सीमैप तिराहे से एक युवक को प्लास्टिक के कट्टे समेत दबोच लिया। उसके कट्टे से अवैध कच्ची शराब के 100 पाउच (50 लीटर) बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम गोपाल पुत्र स्व. भोला निवासी-सी-ब्लॉक पंतनगर बताया। पकड़े गए युवक का धारा 60 एक्साइज एक्ट में चालान कर दिया गया।

# दो साल में उत्तराखंड ने बनाया कीर्तिमान : बहुगुणा



पत्रकारों को जानकारी देते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने धामी सरकार के दो साल पूरे होने पर सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाई। साथ ही कहा कि दो साल में धामी सरकार ने न सिर्फ विकास के कीर्तिमान बनाये हैं, बल्कि देश में एक अलग पहचान भी बनायी है। उन्होंने कहा कि सरकार के सामने कई चुनौतियां थी इन चुनौतियों का सामना करते हुए आज उत्तराखंड एक आदर्श राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने यह बात शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। समान नागरिक संहिता ने उत्तराखंड को देश में अलग पहचान दी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता दर्जा मंत्री, खतीब अहमद लोकसभा मीडिया प्रभारी ललित मिगलानी, जिला महामंत्री अमित नारंग, सतीश गोयल, जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, गजेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में प्रेसवार्ता करते बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

### सभी राज्यों में बने डबल इंजन की सरकार : भगत

**काशीपुर** : पूर्व मंत्री व कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने व विकास के लिए राज्यों में उत्तराखंड की तरह ही डबल इंजन की सरकार बने। इस बार जनता पीएम नरेंद्र मोदी को विश्व का सबसे मजबूत प्रधानमंत्री बनाएगी। शनिवार को कुंडेश्वरी रोड स्थित एक रिजॉर्ट में पूर्व मंत्री व कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने प्रेसवार्ता की। कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार ने दो सालों में जनता के लिए कई काम किए हैं। इस मौके पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, ऊषा चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, गुरविंदर सिंह चड़ोक, दीपक बाली, पुष्कर बिष्ट, रजत सिद्दू, लवीश अरोरा आदि मौजूद रहे।

# अब के होली यूं ही मनाएंगे, गीत भारत के गुनगुनाएंगे ...

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अब के होली यूं ही मनाएंगे गीत भारत के गुनगुनाएंगे देश हित सरहदों पर बैठे हैं जो उनके हिस्से का रंग भी लगाएंगे। यह कविता राष्ट्रीय मचों पर अपनी छाप छोड़ चुकी बाजपुर की बेटी कावित्रि काव्य श्री जैन द्वारा शहीद दिवस व रंगोत्सव के अवसर पर केला खेड़ा भाजपा मंडल द्वारा क्रिस्टल पार्क आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में पढ़ी उनकी कविता पर सभी भाव विभोर हो उठे।

शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश भर से आए कवियों ने हास्य, ओज, श्रृंगार की कविताएं एवं गीत पढ़े। बाजपुर की बाल कवयित्री काव्यश्री जैन ने सरस्वती वन्दना कर कवि सम्मेलन का आरंभ किया। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए वरिष्ठ कवि डॉ. सुरेन्द्र जैन ने कहा -पुत्र भारत देश के जो देश को अखण्ड रखे ऐसी देव भूमि की जवानी को नमन है। युवाओं का तन मन झकझोर देने वाली क्रांतिकारियों की हर कहानी को नमन है।मेरठ से आये हास्य कवि प्रशान्त अग्रवाल ने कहा- मुझे होली के दिन ये ढेर सारे रंग नहीं भाते, मेरी मां जो लगाती थी वो टीका याद आता है।दिल्ली से आई श्रृंगार रस की कवयित्री मनीषा सक्सेना ने कहा कि - बहुत सीधा समझती थी बहुत संगीन तुम निकले, लगे थे कोल्ड कॉफी से हॉट कैफीन तुम निकले, मैं समझी थी कि खेलोगो ये होली सादगी से तुम, मगर तन मन रंगा तुमने, बहुत रंगीन तुम निकले। पीलीभीत से आये वरिष्ठ शायर जीतेश राज नक्श ने कहा -हर इक त्योहार पर इज्जत बचानी पड़ ही जाती है। काशीपुर से पहुंचे ओज कवि विवेक प्रजापति ने कहा- वक्त थोड़ा बिता के जाना तुम, फर्ज अपना निभा के जाना तुम, राह में यदि मिले शहीद का घर,अपने सर को झुका के जाना तुम। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम अध्यक्ष महेन्द्र कालरा व कार्यक्रम के संयोजक आशीष ठाकुर ने कवियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, गंगाराम सूरी, किसान मौर्चा के मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह बडेच, गोल्डी, विकास गुप्ता, गौरव शर्मा, नरेंद्र चौधरी, विमल शर्मा, किशन सिंह, प्रीत सिंह, हरजसपाल सिंह, शुभम सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



कविता पाठ करतीं काव्यश्री जैन। ● अमृत विचार

# शहीदी दिवस पर निकाली प्रभात फेरी

**श्रद्धांजलि**

- पीपल चैराहे से चकफेरी से शहीद चौक तक प्रभात फेरी निकाली
- नुक्कड़ सभा में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार** : शनिवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस पर इंकलाबी मजदूर केंद्र और ठेका मजदूर कल्याण समिति के कार्यकर्ताओं ने पीपल चैराहे से चकफेरी से शहीद चौक तक प्रभात फेरी निकाली। शहीद स्मारक पर नुक्कड़ सभा में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि आजादी के 75 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। पूरे देश में अति न्यूनतम वेतन, आसमान छूती मंहगाई में मेहनतकश जनता नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। श्रम कानूनों को लागू नहीं किया जा रहा है। अंत में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ाते हुए पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था और मजदूर राज स्थापित करने के संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। यहां मनोज कुमार, रमेश कुमार, सुभाष, अभिलाख सिंह, अर्जुन, भरत यादव, पृथ्वीराज गौतम, चंद्रशेखर, सुरेश, श्रवण कुमार, विकास, भूपेंद्र शर्मा, पवन आदि आदि लोग मौजूद थे।



प्रभातफेरी निकालते दोनों संगठनों के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बाजपुर में भी किया शहीदों को नमन

**बाजपुर।** शहीद-ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की शहादत को नमन करते हुए प्राथमिक विद्यालय जनता फार्म में शहीद परिवार की ओर से समागम किया गया। इसमें प्रचंड खालसा दल के मुखी बलकार सिंह की अगुवाई में कथा-कीर्तन व शहीदों को समर्पित व्याख्यान किया गया। बाबा बलकार सिंह ने कहा कि आज हम जो आजादी की सांस ले रहे हैं उसमें हमारे पूर्वजों की शहादत का बड़ा योगदान है। इससे पूर्व शहीद-ए आजम भगत सिंह के वंशज द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह के पौत्र ग्राम प्रधान पति विश्वजीत सिंह, प्रपौत्र अनमोल सिंह, करनवीर सिंह, लवप्रीत सिंह, सिमरन सिंह, जगतार सिंह, मनजीत कौर, सुरेंद्र कौर आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

**बैठक** — होली और चुनाव आचार संहिता को लेकर दी जानकारी, कोतवाली व थाना ट्रांजिट कैंप में हुई पीस कमेटी की बैठक

# चिह्नित स्थानों पर ही होगा होलिका दहन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव आचार संहिता और होली त्योहार को देखते हुए कोतवाली रुद्रपुर और थाना ट्रांजिट कैंप में अमन चैन कमेटी की बैठक हुई। जिसमें संभ्रांत नागरिकों से पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने और संहिता का पालन करने का आह्वान किया गया।

शनिवार को कोतवाल धीरेंद्र कुमार और थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह ने कोतवाली व थाना परिसर में अमन चैन कमेटी की बैठक का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को होली का पर्व है और प्रदेश में आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है। ऐसे में होली की आड़ में उपद्रवी माहौल खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। इसके लिए सभी को सजग रहने की आवश्यकता है। साथ ही बताया कि चिह्नित स्थानों पर होलिका दहन होगा। उन्होंने कहा कि नये स्थान पर होलिका दहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति माहौल बिगड़ने की कोशिश करता है तो अमन चैन कमेटी या फिर वार्ड के वाशिंदे इसकी सूचना पुलिस को दे सकते हैं, ताकि समय रहते शांति व्यवस्था बनाई जा सके। इस अवसर पर एसएसआई केसी आर्या, आवास विकास चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा, पूर्व सभासद नूर अहमद, पार्षद रमेश कालड़ा, बाबू खान समेत कई लोग मौजूद रहे।


अमन चैन कमेटी के साथ बैठक करते कोतवाल। ● अमृत विचार

### सभी त्योहार भाईचारे का संदेश देते हैं

**किच्छा।** होली एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर आयोजित बैठक में तमाम धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक दलों से जुड़े पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। उप जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्योहार भाईचारे के साथ-साथ शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संदेश देते हैं। बैठक में भाजपा नेत्री शैली फुटेला, व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, युवा समाजसेवी सुनील बत्रा, गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह विर्क, महेंद्र पाल, फजील खान, रोमी टक्कर, रामबाबू प्रधान, अब्दुल रशीद जक्कू, राजीव सक्सेना, मो. आरिफ, सोनम सिडाना, खुशी आदि मौजूद रहे।

# हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** शनिवार को बाजपुर की दोराहा चौकी प्रांगण में होली पर्व के साथ-साथ चल रहे रमजान के महीने को मद्देनजर रखते हुए दोराहा चौकी इंचार्ज ने शांति समिति की बैठक बुलाई गई। जिसमें चौकी क्षेत्र अंतर्गत के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ गणमान्य लोग भी शामिल हुए।

दोराहा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने सभी लोगों से क्षेत्र की समस्या पर चर्चा करते हुए लोगों से सुझाव जानना चाहा जहां लोगों ने बारी -बारी से अपना-अपना सुझाव दिया। बैठक करते हुए दोराहा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगी हुई है जिसका पालन करते हुए होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण तरीके से मनायें। हुड़दंग करने वालों को किसी भी प्रकार से नहीं बक्शा जाएगा। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश सैनी, समाजसेवी राधे सैनी, प्रधान पति बाबूराम पासी, पूर्व प्रधान राकेश गुप्ता, लीलाधर सैनी, अली मुर्तजा, लखविंदर शर्मा, सूरजपाल, विजयपाल, आनंद सिंह,अकील,सलीम, नदीम, अंकित राणा, ख्यालीराम सैनी, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### हंगामा करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**काशीपुर** : होली पर्व के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन ने कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की। जिसमें लोगों से सुझाव मांगे और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान एसपी अभय सिंह ने होली पर हुडदंग करने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। शनिवार को कोतवाली परिसर में एसपी अभय सिंह की अध्यक्षता में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके मनाने को लेकर चर्चा के साथ लोगों की समस्याओं को सुना गया। एसपी अभय सिंह ने कहा कि होली पर्व रंगों का त्यौहार है किसी के साथ जोर जबरदस्ती से रंग गुलाल आदि न लगाएं। बैठक में कोतवाली कोतवाल आशुतोष सिंह, एसएसआई सतीश शर्मा, बांसफोड़ान चौकी इंचार्ज सुनील सुतेड़ी, तहसीलदार पंकज चंदोला समेत अब्दुल सलीम एडवोकेट, मौ. अशरफ एडवोकेट, अख्तर अली माहिगीर, एमए राहुल, संतोष देवी, अनिता कांबोज, प्रभा शर्मा, नौशाद अंसारी, अब्दुल कादिर आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### मंडलसेरा में पानी के लिए लोग परेशान

**बागेश्वर :** नगर के मंडलसेरा में पीने के पानी का संकट गहरा गया है। लोग हैंडपंप से पानी ढोकर प्यास बुझा रहे हैं। लोगों ने जल संस्थान के अधिकारियों से शीघ्र समस्या दूर करने व योजना से पर्याप्त पानी देने की मांग की है। हरीश चंद्र मलड़ा, नंदन सिंह मलड़ा, हरीश आगरी ने बताया कि क्षेत्र में कई दिनों से पानी की किल्लत बनी हुई है। इस संबंध में कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में अभी से पानी की किल्लत होने लगी है। पानी की आपूर्ति न होने के कारण उन्हें हैंडपंप के भरोसे रहना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों से शीघ्र पेयजल संकट दूर करने की मांग की है।

### छात्र-छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**बनबसा :** यूकेसी एजुकेशन फाउंडेशन प्रोजेक्ट बियोंड एजुकेशन ने डेविड पेंटर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदमी के छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी कृष्णकांत कौशल, कमलेश जोशी, नेहा जोशी, निष्ठा नेगी और अंशिका धामी ने छात्रों को बनबसा और क्षेत्र के कई खिलाड़ियों की उपलब्धि के बारे में बताया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष हेम जोशी, कोषाध्यक्ष सुरेश उप्रेती, कराटे कोच विजय रावत, शिक्षक अतुल कुमार ने किया।

### बॉबी को उपपा का समर्थन

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने टिहरी लोकसभा सीट से उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार को समर्थन देने की घोषणा की है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड में खेती, किसानी के चौपट होने और कांग्रेस-भाजपा की उदारीकरण, निजीकरण की नीतियों से शुरू हुई ठेके की नौकरियों, अग्निवीर जैसी योजनाओं से उत्तराखंड के युवा भीषण बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।


अल्मोड़ा बाजार में होली गायन करते व्यापारी। ● अमृत विचार


बागेश्वर में होली गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# जय बोलो यशोदा नंदन की... पर जमकर झूमे होल्यार

## पर्वतीय क्षेत्रों में होली शबाब पर, महिलाओं और पुरुषों की टोलियां गीतों से मचा रही धमाल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** होली पर्व के नजदीक आते ही जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में होली की धूम मची है। रंगों से सरोबार होली जहां पूरे शबाब पर है। वहीं महिलाओं और पुरुषों की टीमें घर-घर पहुंचकर होली गायन कर इस पर्व पर चार चांद लगा रही हैं। बुजुर्ग और बच्चे भी होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं।

शनिवार को जिला मुख्यालय में व्यापार मंडल ने होली गायन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्य टोली बनाकर पूरे बाजार में घूमे और रंग लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इधर, नंदा देवी मंदिर में भी खड़ी होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवेकानंद हिमालयी विकास केंद्र अल्मोड़ा व संस्कृति निदेशालय के तत्वावधान में होली बैठकी और खड़ी होली का आयोजन किया गया। केंद्र के अध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश ने कहा कि फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली होली खुशियों व रंगों का त्यौहार है। इधर, नगर के खत्याड़ी, न्यू कॉलोनी धारानौला, चीनाखान, ढूंगाधारा, दुगालखोला, खोल्टा, थाना बाजार में भी महिलाओं ने होली की महफिलों का आयोजन किया। महिला होल्यारों की टीम ने जय बोलो यशोदा नंदन की..., होली आई रे..., मथुरा में खेल रहे होली..., रंग बरसे भीगे चुनरिया... आदि गीतों की प्रस्तुति देकर जमकर नृत्य किया। इस मौके पर सुमन साह, किरन, हिमानी वर्मा, प्रेरणा साह, आलेखा कपिल, गुरप्रीत कौर, नीलम, जिज्ञासा, अदिति भंडारी, कामाक्षी सनवाल, देवानंद सरस्वती, ज्योति मेहता, दीपक पांडे, कृष्णा बिष्ट, सुशील साह, अजय वर्मा, भैरव गोस्वामी, मनीष जोशी, मुकुल जोशी, नरेंद्र साह, सलमान अंसारी, सूरज वाणी, रवि सचदेवा, आशीष कुमार समेत अनेक लोग मौजूद रहे।


विवेकानंद हिमालयी विकास केंद्र में होली गाती महिलाएं। ● अमृत विचार

### बैठकी होली में महिलाओं ने बांधा समां

**रानीखेत, अमृत विचार :** क्षेत्र में जगह-जगह होली की धूम मची है। महिलाओं और पुरुषों की टोलियां घर-घर जाकर होली गायन कर रही हैं। शाह चौधरी समाज की ओर से आयोजित होली गायन में होल्यारों ने एक से बढ़कर एक होली गीतों से समा बांधा। वहीं सौनी गांव में अंकिता पलड़िया के आवास पर बैठकी होली का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने जमकर धामल मचाया। जिला पंचायत सदस्य शोभा रौतेला ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

### अल्मोड़ा शहर में होली पर अतिरिक्त पानी की आपूर्ति करेगा जल संस्थान

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** होली पर्व के मौके पर जिला मुख्यालय में लोगों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े, इसके लिए जल संस्थान ने अभी से कवायद शुरू कर दी है। विभाग ने निर्णय लिया है कि इस बार होली पर सभी मोहल्लों में निर्धारित अवधि से करीब 15 से 20 मिनट तक अतिरिक्त पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए छलड़ी से एक दिन पहले नगर के सभी जलाशयों में अतिरिक्त पानी का स्टॉक किया जायेगा। बता दें कि होली पर पानी अधिक खर्च होता है। ऐसे में जिला मुख्यालय के करीब 90 से अधिक मोहल्लों में रहने वाले लोगों को पानी के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए विभाग अभी से मशक्कत में जुट गया है। जल संस्थान के अधिकारियों ने निर्णय लिया है कि छलड़ी के दिन नगर के सभी मोहल्लों में निर्धारित अवधि से कुछ समय अधिक तक पानी की आपूर्ति की जाएगी। विभाग ने इसके लिए छलड़ी से एक दिन पहले एनटीडी स्थित हेलेट समेत नगर के सभी जलाशयों में अतिरिक्त पानी स्टॉक करने का निर्णय लिया है। लोगों को पर्याप्त पानी मुहैया हो सके। इसके लिए जल संस्थान ने अभी से तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। विभाग ने अलग-अलग मोहल्लों को टैंकों से पेयजल आपूर्ति करने वाले लाइन मैनों को भी जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। छलड़ी के दिन वह अपने अपने टैंकों से निर्धारित अवधि से 15 से 20 मिनट अधिक समय तक पानी की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।


सेलागढ़ी होली बैठक में मौजूद होल्यार। ● अमृत विचार

### होली चतुर्दशी को लेकर दुविधा में होल्यार

**बागेश्वर, अमृत विचार :** जनपद में इस बार होली चतुर्दशी को लेकर होल्यार दुविधा में हैं। जिसके कारण कई स्थानों पर शनिवार को चतुर्दशी मनाई गई। वहीं कई स्थानों पर रविवार को चतुर्दशी मनाई जायेगी। होली चतुर्दशी के अवसर पर मनकोट क्षेत्र के होल्यार शनिवार को बाबा बागनाथ मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा बागनाथ को अबीर-गुलाल लगाया और पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंदिर में कई होलियां गाकर बाबा बागनाथ की स्तुति की। गरुड़ में सिटोली, अणां के ग्रामीणों ने होली गायन किया। होली की टोली बैजनाथ मंदिर व मां कोट भ्रामरी मंदिर पहुंची। जहां पूजा-अर्चना कर होली गायन किया। इधर, अधिकांश गांवों में रविवार को होली चतुर्दशी मनाई जाएगी। जिसमें होल्यार मंदिरों में पहुंचेंगे। उधर, विभिन्न गांवों में होली गायन की धूम मची है। पुरुष व महिलाएं अलग-अलग टोलियों में दिन भर होली गायन कर रही हैं। महिलाएं व पुरुष सुबह से देर रात तक होली गायन कर होली की मस्ती का आंनद ले रहे हैं।

### सेलागढ़ी में छाई होल्यारों की मस्ती

**बैरती, (अल्मोड़ा) :** होली चतुर्दशी पर सेलागढी में होली बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जाने माने रंगकर्मी ललित त्रिपाठी सहित कैलाश त्रिपाठी, पंकज पांडेय, हिमांशु पांडेय, कैलाश पांडेय, दीप, नवीन बिष्ट, नंदाबल्लभ मैनाली, कुशाग्र मैनाली, प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी, बसंत तेवाड़ी, खजान चन्द्र त्रिपाठी (कन्नू) ने गायन-वादन में शिरकत की। राग श्याम कल्याण पर आधारित होली नंदगांव-बरसाने चली देखो कान्हा ने लूट लई ...के गायन-वादन में लोग झूम उठे। इसके बाद अन्य रागों में होली गायन-वादन हुआ। होल्यारों ने चलो हो सदा शिव परसन जाएं ...के स्तुतिगान के साथ शिव मंदिर की परिक्रमा की। उधर, क्षेत्र में महिलाओं की होली बैठकें भी परवान चढ़ रही हैं।

# शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी

संवाददाता, टनकपुर/रानीखेत

**अमृत विचार :** सुभाष लोक सेवा समिति व टनकपुर बागेश्वर रेल संघर्ष समिति की ओर से बलिदान दिवस पर शहीदों को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

नगर के चावल पड़ाव में आयोजित कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सिंह के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने शहीदों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र शास्त्री, रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष गंगा गिरि गोस्वामी, उमाशंकर गंगवार, राम बाबू यादव, श्रीकृष्ण तिवारी, तिलक राम, भगवान दास शर्मा, अशोक कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

इधर, रानीखेत में भी सुभाष विचार मंच की ओर से सुभाष चौक में शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर मंच के संयोजक मोहन नेगी ने कहा कि आज के दिन ही सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजों ने फांसी पर लटका दिया था। देश की आजादी के लिए तीनों क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर लोगों में आजादी की ज्वाला जलाई थी। इसलिए आज का दिन उनकी याद में शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में मोहन नेगी, धर्मेंद्र अधिकारी, शकील खान, हरीश हरबोला, शंकर दत्त बुधोरी, धन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।


टनकपुर में कार्यक्रम के दौरान शहीदों को याद करते समिति के लोग। ● अमृत विचार

# जागेश्वर धाम के कोटुली में आग से धधका जंगल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**घटना**
- ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम
- अराजक तत्व के आग लगाने की जताई जा रही आशंका

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम से लगे कोटुली गांव के जंगल में शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके की ओर रवाना हो गई।

दोपहर करीब एक बजे कोटुली गांव के जंगल में आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। जंगल से आग की तेज लपटों की आवाज और धुंआ उठने के बाद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद नजदीकी क्रू स्टेशन के कर्मचारी और क्षेत्र में तैनात वन कर्मी मौके को रवाना हो गए। वन क्षेत्राधिकारी केएन पांडे ने बताया कि आशंका जताई जा रही है कि किसी अराजक तत्व ने जंगल में आग लगा दी होगी। आग को बुझाने के लिए अलग-अलग दिशाओं में टीमों को भेजा गया है। शीघ्र ही जंगल की आग पर काबू पा लिया जाएगा।


जागेश्वर के कोटुली गांव के जंगल में लगी आग से उठता धुआं। ● अमृत विचार

## जल स्रोतों को बचाने के लिए करने होंगे प्रयास

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** विश्व जल दिवस पर नौला फाउंडेशन संस्था ने ग्राम पंचायत कफलटाना में जल स्रोतों के संरक्षण पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने लगातार गिरते जल स्तर पर चिंता जताते हुए पारंपरिक जल स्रोतों, नौलों, धारों के संरक्षण के विभिन्न उपाय बताए। कहा कि पिछले कुछ सालों से पर्वतीय क्षेत्रों के जल स्रोत लगातार सूखते जा रहे हैं। जिस कारण अभी से पेयजल का संकट सामने आना लगा है। अगर समय रहते जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में इसके घातक परिणाम सामने आएंगे। इस दौरान पारंपरिक परिधानों में पहुंची महिलाओं ने स्थानीय जल स्रोतों की साफ-सफाई की। साथ ही पूजा पाठ, भजन-कीर्तन के साथ झोड़े भी गाए। कार्यक्रम में फाउंडेशन के गिरधर बिष्ट, ग्राम प्रधान राधिका देवी, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कमला देवी, रेखा देवी, राधा देवी, लक्ष्मी देवी, कौशल्या देवी, सोनू, चना देवी आदि उपस्थित रहे।


## वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1.1. डुगडुगी 2. डंका, नगाड़ा 3. ढोल 4. किसी काम में हाथ डालना या लगाना 5. क्षति या हानि पहुंचाना 6. हिंसा।
4.1. जनता, जनसमूह 2. समाज में रहने वाले बहुसंख्यक लोग।
6. ठेलने की क्रिया या भाव।
9.1. पानी या किसी तरल पदार्थ को गिराना, उड़ेलना 2. किसी पिघली हुई धातु को सांचे में ढालकर कोई आकार देना
10.1. फ़ौज से संबद्ध, लशकर संबंधी 2. सेना या लशकर में कार्यरत 3. जलयान पर काम करने वाले।

**ऊपर से नीचे**

1.1. ऋण या कर्ज़ चुकाने की क्रिया या भाव 2. पाटने की क्रिया या भाव।
2.1. भुजबल, शारीरिक बल 2. पराक्रम, वीरता।
3.1. भौंरे की गुंजन या आवाज़ 2. मंद ध्वनि, भनभनाहट।
5. किसी दल या पार्टी का मुखिया।
7. वह स्थान जहां सशुल्क ठहरने की व्यवस्था होती है
8.1. पेड़-पौधे आदि में फूल लगना या आना 2. कली का विकसित होना




### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | मि | ति | ■ | 2 झ | ■ | 3 ओ |
| व | ■ | ■ | 4 ख | ड़ | ख | ड़ |
| न | ■ | 5 वै | ग | न | ■ | चा |
| त | ■ | ■ | वा | ■ | 6 अं | ■ |
| ■ | 7 पि | प | र | मिं | ट | ■ |
| ■ | धा | ■ | ■ | ■ | शं | ■ |
| 8 ऐ | न | ■ | 9 द | प | ट | ना |

## सुडोकू -98

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | | 5 | | 9 | | | |
| 8 | | 5 | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | 8 | | 5 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 9 | | | 4 | | 8 | | 7 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | | | | | 9 | | |

### सुडोकू -97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 09.54 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज किसी अच्छे और जन-कल्याण के कारण स्वयं पर गर्व की अनुभूति भी होगी। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आपका मन अशांत रहेगा। प्रेम संबंधों में विवाद होने की आशंका है। गैस और जलन के कारण आपको समस्या हो सकती है।

**वृष** – आज प्रियजनों के साथ अधिक समय बिताने का प्रयास करें। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के अत्यधिक उपयोग के कारण आपकी निद्रा खराब हो सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय होने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करने से आपको प्रसन्नता होगी। दोस्त की मदद से महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** – आज लोगों के बीच अपनी छवि को लेकर थोड़े सतर्क रहेंगे। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। आपके द्वारा लिए गए निर्णय गलत हो सकते हैं। पुराने ऋणों के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**सिंह** – आज नई योजनाओं को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के मन में आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रहेगा। व्यवसाय में नए संबंध विकसित होने की संभावना बन रही है। विदेश यात्रा में परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

**कन्या** – आज संतान के व्यवहार और स्वास्थ्य को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा और बाहरी गतिविधियों में ज्यादा समय बर्बाद न करें। किसी आर्थिक योजना में धन निवेश करने से पहले उसके बारे में पूरी तरह से जानकारी ले लें।

**तुला** – आज प्रेमी आपके प्रति समर्पण भाव रखेगा। राजनीतिक लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शाम के समय आपका मन कुछ खिन्न रहेगा। व्यवसाय में अचानक धन लाभ प्राप्त होने की संभावना है। बच्चों की प्रतिक्रिया और विचारों का सम्मान करें।

**वृश्चिक** – आज अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यवसाय में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अन्य विधाओं में भी सक्रिय रहेंगे।


**धनु** – आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने में सफलता मिलेगी। किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में न लें। घर में क्लेश होने की आशंका है। आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेंगे। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है।

**मकर** – आज मानसिक अशांति और अवसाद जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। साझेदारी वाले काम शुरू करने में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में आपको जटिल काम सौंपे जाने की संभावना है।

**कुंभ** – आज धन से जुड़े मामलों में उधारी से आपको बचना चाहिए। शाम को आपका किसी से झगड़ा हो सकता है। नया व्यवसाय शुरू करने में सफलता मिल सकती है। आपकी सामाजिक लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज संपत्ति विवाद उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सावधान रहेंगे। प्रेम संबंधों में शंका और वहम की जड़े न पड़ने दें। आपका कोई काम लोगों को प्रभावित कर सकता है। दूसरों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस– छोटी होली, होलिका दहन।
दिशाशूल–पश्चिम। ऋतु–वसंत।
चन्द्रबल–मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–पूर्वाफाल्गुनी 07.34 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
राम बलराम – दोपहर : 12.01
हिन्दुस्तान – रात : 08.18

**Sony Max**
तारा वर्सेज बिलाल – दोपहर : 01.24
एनिमल – रात : 10.00

**Sony Pix**
300 (2006) – सुबह : 10.20
बुलेट ट्रेन – रात : 08.50

**Zee Cinema**
गदर 2 – सुबह : 11.15
फटा पोस्टर निकला हीरो – रात : 08.30

**Colors Cineplex**
ओम शांति ओम – सुबह : 10.53
सीता राम – रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 11.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)– मुझसे प्यार करोगी
लड़की– शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू– कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज– डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर–सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।



राम लहर, विकास व जातीय समीकरण पर टिकी विश्लेषकों की निगाह

पहले भी ऊर्जाभूमि की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर आगे बढ़ी थी राजनीति

जातीय सियासत में उलझे सपा-बसपा को फार्मूले से मिल चुकी है संजीवनी

## चुनाव कमाल का...

- 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई। सोनिया गांधी के पीएम बनने से इंकार के बाद मनमोहन सिंह दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। 2009 के 15वें आम चुनाव में कांग्रेस ने 206 सीटें जीतीं और भारतीय जनता पार्टी के खाते में सिर्फ 116 सीटें ही आईं। एनडीए फिर से सरकार बनाने में विफल रही। कांग्रेस ने यूपी में 21 सीटें जीतीं जबकि भाजपा के खाते में इस सूबे से सिर्फ 10 सीटें ही आईं।
- 2014 में हुए देश के 16वें आम चुनाव में पहली बार ऐसा हुआ था कि कोई गैर-कांग्रेसी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई थी।
- 2014 में एनडीए ने कुल 336 लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी, जिनमें से 282 सीटें अकेले भारतीय जनता पार्टी की थी। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव शर्मनाक प्रदर्शन वाला रहा। कांग्रेस महज 44 सीटों पर सिमट गई।
- 1984 में जहां कांग्रेस ने बहुमत की सरकार बनाई थी, वहीं 2014 में भाजपा ने अपने दम पर सरकार बनाई।
- 2014 के आम चुनाव में जहां मोदी लहर दिखी थी, तो वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में मोदी सुनामी का माहौल बना। 2014 में 44 सीटें लाने वाली कांग्रेस कुछ ही सीटों का इजाफा कर सकी और 52 पर ही पहुंच सकी। शर्मनाक बात यह रही कि देश के 17 राज्यों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

## चुनावी तीर



टिकट बेचने के आदी लालू प्रसाद आदतन भ्रष्टाचारी हैं और उन्होंने किडनी के बदले अपनी सगी बेटी को टिकट दिया है। आखिर किडनी लेने से पहले लालू प्रसाद ने बेटी को टिकट क्यों नहीं दिया? लालू प्रसाद को अपने बेटे-बेटियों के अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं में काबिलियत क्यों नहीं दिखती है?

**-सम्राट चौधरी,** उपमुख्यमंत्री बिहार



मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देता हूं कि वह अपने विरोधियों से राजनीतिक रूप से मुकाबला करें। उन्हें गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता के गुस्से का डर है। यही कारण है कि उनकी सरकार विपक्ष को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों, खासकर ईडी का इस्तेमाल कर रही है।

**डी राजा,** महासचिव भाकपा

# सोशल इंजीनियरिंग तय करेगी सत्ता और भावी सियासत की दिशा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या




**अमृत विचार :** अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग सत्ता व भावी सियासत की दिशा तय करेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल इंजीनियरिंग, विकास और जातीय समीकरण पर विश्लेषकों की निगाह टिकी है। ऊर्जाभूमि के सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर पहले भी राजनीति परवान चढ़ चुकी है। सपा-बसपा को भी यह फार्मूला संजीवनी दे चुका है।

अयोध्या सोशल इंजीनियरिंग की प्रयोगशाला है। समय-समय पर यहां प्रयोग होते रहते है। इनके जरिए सत्ता की सीढ़ी चढ़ने और सियासत को नई दिशा देने के प्रयास होते हैं। नब्बे के दशक में आंदोलन की पृष्ठभूमि इसकी शुरूआत है। विहिप की अगुवाई में संघ परिवार के मंदिर आंदोलन को समर्थन देकर भाजपा ने इसकी शुरूआत की। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जातीय बंधन टूट गए। राम के नाम जागरण हुआ। भाजपा को सन 1989 के चुनाव में इसका सीधा लाभ मिला। दो से 85 सीटों तक पहुंच गई। इसकी तासीर को देख आंदोलन को आगे बढ़ाया। नब्बे में ढांचा विध्वंस के बाद आक्रोश, संवेदना और आस्था की मिश्रित परिणति वोट के रूप में बदली तो सियासत की तस्वीर भी बदल गई। लगातार देश की सबसे बड़ी पंचायत में चुनाव दर चुनाव भाजपा के आंकडे बढ़ते गए। 91 में 120, 96 में 161, 99 के चुनाव में 182 तक पहुंच भाजपा संसद के दरवाजे पर दस्तक देने लगी, लेकिन यह वह दौर था जब खासतौर से उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरणों को तेजी से उभार दिया गया। ऊर्जाभूमि अयोध्या में एक और सोशल इंजीनियरिंग साथ शुरू कर दी गई थी।

सन् 1995 में अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद जिला )से अलग हुए अंबेडकरनगर में बसपा ने नई जातीय सियासत की सोशल इंजीनियरिंग शुरू कर दी। अगड़ों के खिलाफ सन् 1996 के विधानसभा चुनाव में यहां विधानसभा की कई सीटें जीत भाजपा के सोशल इंजीनियरिंग को पलीता लगा दिया। सन् 1998, 99 के चुनाव में स्वयं बसपा प्रमुख मायावती यहां से सांसद बन गई। सन 2004 लोकसभा चुनाव आते-आते यह फार्मूला परवान चढ़ा और बसपा ने इसी फार्मूले से उत्तर प्रदेश से अपने 18 सांसदों को संसद भेज दिया। स्वयं बसपा प्रमुख इसमें शामिल रहीं। भाजपा को प्रदेश से देश तक झटका लगा। उसके सांसदों का आंकड़ा 138 पर सिमट गया। दूसरी ओर दूसरो की बैसाखी के सहारे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने वाली सपा ने भी जातीय सियासत को लेकर कदम ताल तेज कर दी। पांच दिसंबर 1989 से 24जनवरी 1991 तक और पांच दिसंबर 1993 से तीन जून 1996 तक मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव भी इसे हवा देने में पीछे नहीं रहे। आंदोलन का विरोध और सभी जातियों की सियासत की। पश्चिम के साथ पूर्वांचल की सीटों पर बढ़त बनाई। 29 अगस्त 2003 से 11 मई 2007 तक मुख्यमंत्री रहे।

जातीय सियासत के सोशल इंजीनियरिंग की गणित बसपा की समझ में आई तो इस दौरान बसपा सुप्रीमों मायावती ने बहुजन हिताय के स्थान पर सर्वजन हिताय का नारा देकर ब्राह्मणों सहित अगड़ों को जोड़ा और 2007 में सत्तासीन हो गई। यही प्रयोग करके सपा 2012 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ी। भाजपा 2009 लोकसभा चुनाव में अपने सबसे खराब प्रदर्शन 116 तक पहुंच गई। विकास और बेहतर भविष्य की उम्मीद, राम मंदिर, गुजरात के सीएम मोदी का करिश्माई नेतृत्व में सियासत ने फिर करवट ली। प्रदेश के 80 में से 73 सीटें भाजपा की झोली में चली गई। अयोध्या विवाद के फैसले की पृष्ठभूमि, राष्ट्रीयता के उफान और विकास पर लड़े गए 2019 चुनाव में भाजपा की बढ़त और बढ़ गई।





अब 2024 लोकसभा चुनाव की मुनादी हो गई है। 80 सीटों वाले प्रदेश पर सभी दलों की निगाह है। चुनाव विश्लेषकों की निगाह सोशल इंजीनियरिंग से उत्पन्न लहर, विकास व जातीय समीकरण के पर टिकी हैं। अचानक सामने आए चुनावी बांड के साथ कांग्रेस उठाए जा रहे दूसरे मुददों की तासीर नाप रहे हैं।

भाजपा ने नब्बे के दशक की तरह एक बार फिर अयोध्या से सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को धार दी है। यह राम मंदिर पर फैसले के साथ शुरू हो गई थी। लेकिन 2023 से जनवरी 2024 तक शीर्ष पर रहा। पीएम मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा में इसे शीर्ष पर रखा। श्रीराम के बहाने जातीय समरसता बढ़ाने, उत्तर दक्षिण का भेद पाटने, विकास की संभावना के जरिए सियासत को परवान चढ़ाने को मजबूत सोशल इंजीनियरिंग की कोशिश की है। गौर करें तो साफ दिखेगा। अयोध्या दौरे पर निषाद समुदाय के रवींद्र माझी और मीरा मांझी के घर जाकर चाय पीना, उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित करके एक संदेश देने की कोशिश की। रामायण की रचना करने वाले दलित समुदाय से आने वाले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट का नामकरण, निषाद राज के नाम पर अतिथि गृह, माता शबरी के नाम पर भोजनालय कहने और सुनने में भले ही छोटे लगते हों लेकिन इनमें बड़ा सियासी संदेश छिपा है। यह एक स्टैटजी थी। यूपी के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति की बड़ी भूमिका है। पीएम मोदी स्वयं ओबीसी से आते हैं। वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में यजमान की भूमिका मे रहे। राम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल रहे कामेश्वर चौपाल को श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में रखा गया। श्रीराम मंदिर में पुजारियों के चयन में सभी वर्गों के लोगों का शामिल करने की सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा संकेत रहा। महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी, देवी अहिल्या के मंदिरों के निर्माण के जरिए जातीय समरसता का संदेश देने की कोशिश की गई। दूसरे प्रांतों के श्रद्धालुओं को राम दर्शन के जरिए देश में सोशल इंजीनियरिंग प्रभावी करने की कोशिश की गई। भाजपा के विकास मॉडल, लंबी चली सोशल इंजीनियरिंग, कांग्रेस नेता राहुल गांधी से चुनावी बांड सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार पर हमले, सपा-बसपा की जातीय सियासत अब लोक सभा चुनाव में कसौटी पर है। अयोध्या एपीसोड और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी श्रद्धा इसकी अंर्तधारा में है। जनता इन पर फैसला करेगी। इसी के आधार पर सत्ता के साथ सिसायत की भावी दिशा तय होगी।

# चुनावी चंदे का खेल देख चौंधिया गई जनता की आंखें

● 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति गरीब पाई-पाई को मोहताज

● महंगाई बढ़ने का मूल कारण है राजनीतिक दलों का खेल

● सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनावी चंदे के खुलासा होते ही आम जनता की आंखें चौंधिया गई हैं। पर्दे के पीछे राजनीतिज्ञों और राजनीतिक दलों का खेल लोकतांत्रिक व्यवस्था की पोल खोल रहा है। राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले उद्योगपति किस तरह लाभान्वित हो रहे हैं। यह भी अब सामने आ गया है। नामांकन शुरू होने के साथ ही जो शपथ पत्र दाखिल होगा तो आपको यह भी पता चलेगा कि आपके क्षेत्र के संसद ने पिछले 5 सालों में किस तरह अकूत संपत्ति अर्जित की।

गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ चलने वाले सांसदों के पास अकूत संपत्ति है। 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं। शायद यही कारण था कि पिछले लोकसभा चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई लेकिन राजनीतिज्ञों को कोई फर्क नहीं पड़ा।

चुनाव आयोग ने सांसद के लिए चुनाव के दौरान खर्च की सीमा 90 लाख रुपए तय कर रखी है। लेकिन सभी लोग जानते हैं कि लेकिन इससे कई गुना रकम प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में खर्च की जाती है। वह जमाने गए जब प्रत्याशी साइकिल और मोटरसाइकिल से प्रचार करते थे। एक-एक रुपए चंदा मांग कर चुनाव लड़ते थे। अब नेताओं के साथ लग्जरी गाड़ियों का लंबा काफिला चलता है। प्रत्याशी सत्तारूढ़ दल से है तो पुलिस और अधिकारी भी उनकी चेकिंग और तलाशी से बचते हैं। चुनाव अधिक धनराशि और शराब जैसी प्रलोभन वाली चीजें जब्त करने के निर्देश हैं। अधिकारी डाल-डाल तो प्रत्याशी पात-पात वाली कहावत चरितार्थ करते हुए हर दिन नए



सिस्टम ईजाद कर रहे हैं। शराब सीधे बांटने की वजह जिन लोगों को दिया जाना है उन्हें पर्ची थमा दी जाती है जिसका उपयोग कर वे सीधे शराब के ठेके से शराब प्राप्त कर लेते हैं। यह धन-बल के बढ़ते इस्तेमाल का एक और तरीका है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के बीच बांटने के लिए लाई गईं करीब 12 सौ करोड़ रुपये कीमत की वस्तुएं नकदी और शराब जब्त हुई थी।

2019 के चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त की गई थी। 2019 के चुनाव में 3449 करोड़ से अधिक कीमत की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई थी। यह 2014 के मुकाबले 2248 करोड़ अधिक था। सूत्रों के माने तो जब्त की गई यह राशि चुनावों में चोरी-छुपे खर्च होने वाली राशि का एक छोटा हिस्सा मात्र है। बाकी राशि तो जब्त ही नहीं हो पाती है। आयोग का मानना है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि धनबल की जगह चुनाव में सभी के लिए एक समान अवसर उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव में धनबल के इस्तेमाल को रोकने के लिए आयोग ने इस बार भी इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सिस्टम तैयार किया है। इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देशन में केंद्र और राज्य की एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। खुफिया जानकारी भी साझा की जाती है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक नई लोकसभा के कुल 475 सदस्य 'करोड़पति' हैं। भाजपा के 301सांसदों में से 265 करोड़पति हैं। जिनका जिक्र उनके शपथपत्र में ही है।

शिवसेना के सभी 18 विजेताओं के पास एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। कांग्रेसियों के 51 में से 43 सांसद करोड़पति हैं। द्रमुक के 23 सांसदों में से 22 (96 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 22 में से 20 (91 प्रतिशत) और वाईएसआर कांग्रेस के 22 सांसदों में से 19 (86 प्रतिशत) की संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक है। यह वह रकम नहीं है। जिन्हें उन्होंने अपने वेतन से पाई-पाई कर जोड़ा है। बल्कि उनकी आमदनी से भी कहीं अधिक है। सांसदों की संपत्ति के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं। उससे कहीं अधिक संपत्ति के वे मालिक हैं। बेनामी संपत्तियां होने के संभावनाओं से भी जानकारी इनकार नहीं करते। शायद यही कारण है कि देश में महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आम जनता सरकार के मुफ्त राशन पर किसी तरह दिन कट रही है। गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। अमीरों की संपदा बढ़ती जा रही है।

# 2019 में लड़े थे दो वरुण गांधी, एक के सिर सजा ताज दूसरे की जमानत जब्त

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

- निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे दूसरे वरुण गांधी को मिले थे 4483 वोट
- कुल 13 प्रत्याशी थे मैदान में 11 उम्मीदवार पांच हजार का आंकड़ा भी नहीं छू पाए
- कांग्रेस-शिवसेना समेत 10 प्रत्याशियों को पिछड़ा था

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि अभी बसपा छोड़ किसी अन्य राजनीतिक दल से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। चुनावी सरगर्मियों के बीच बीते चुनावों के रोचक किस्सों की यादें जरूर ताजा हो रही हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे रोचक बात ये रही कि दो-दो वरुण गांधी चुनाव मैदान में थे। एक के सिर जीत का ताज सजा और दूसरे की जमानत जब्त हो गई थी।

### 9,973 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहा था नोटा

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। जबकि सपा के हेमराज वर्मा दूसरे नंबर पर आए थे। अन्य 11 प्रत्याशियों की स्थिति तो दौड़ में ही नहीं रही। ये 11 प्रत्याशी जहां पांच हजार वोट तक नहीं हासिल कर सके थे। वहीं नोटा इन सबसे ऊपर तीसरे नंबर पर जगह बना गया था। इस चुनाव में नोटा पर 9973 वोट पड़ा था। 11 प्रत्याशियों में सर्वाधिक वोट पाने वाले निर्दलीय वरुण गांधी के वोटों से दोगुना से भी अधिक था।

पीलीभीत





लोकसभा चुनाव 2019 में पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। भाजपा से वरुण गांधी ने 704549 वोट पाकर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी हेमराज वर्मा 448922 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। अन्य कोई प्रत्याशी पांच हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका था। इस चुनाव में भाजपा के वरुण गांधी के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी वरुण गांधी नाम का प्रत्याशी मैदान में था। उसको 4483 वोट मिले थे। खास बात ये रही थी कि दूसरे वरुण गांधी के बारे में मतदाताओं को कोई जानकारी तक नहीं थी।

किसी तरह का प्रचार-प्रसार भी नहीं हुआ था। मगर जमानत जब्त वाले अन्य प्रत्याशियों से अधिक वोट हासिल कर लिया। कांग्रेस, शिवसेना समेत अन्य दलों के प्रत्याशियों को भी उससे कम वोट मिले। इस चुनाव में कांग्रेस के सुरेंद्र कुमार गुप्ता को 4442, शिवसेना की अनीता त्रिपाठी को 3974, निर्दलीय मुनेश सिंह को 2129, जाफरी बेगम को 1633, जेडीयू से डा. भरत को 1624, पीएसपीएल (प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया) के मोहम्मद हनीफ को 1276, एसबीडीयू के डा.सीताराम राजपूत को 1098, निर्दलीय कैफ रजा खान को 926, उर्वशी सिंह को 864, एनपी के प्रत्याशी संजय कुमार भारती को 696 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी और सपा के हेमराज वर्मा के अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी।

**मीरा कुमार, राम विलास पासवान और मायावती लड़ चुके हैं यहां से चुनाव, सपा ने सामान्य सीट के बावजूद अनुसूचित जाति का प्रत्याशी उतारा है मैदान में**

# ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण तय करेगा बिजनौर का रण

● चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिजनौर सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। बिजनौर लोकसभा में पांच विधानसभा सीटें बिजनौर, चांदपुर, पुरकाजी, हस्तिनापुर और मीरापुर शामिल हैं। इनमें पुरकाजी और मीरापुर सीट मुजफ्फर नगर तो हस्तिनापुर सीट मेरठ जिले में आती है। पिछले 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन और जाट-मुस्लिम वोटों के गठजोड़ की बदौलत यह सीट भाजपा से झटक ली थी। बसपा के मलूक नागर ने भाजपा प्रत्याशी राजा भारतेंद्र सिंह 69,941 मतों से हरा दिया था। इस बार तीनों दल भाजपा, सपा और बसपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं और जातीय समीकरणों को देखते हुए मुकाबला एक बार फिर रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश की बिजनौर लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल सीटों में गिनी जाती है। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राम विलास पासवान, बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार चुनाव लड़ चुकी हैं। साल 2014 के चुनाव में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने यहां से राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन चौथे नंबर पर रही थीं। इस बार के चुनाव में भाजपा से गठबंधन के चलते यह सीट रालोद के खाते में गई है। रालोद ने मीरापुर के मौजूदा विधायक और पूर्व सांसद संजय चौहान के 28 वर्षीय बेटे चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है। चंदन गुर्जर बिरादरी से आते हैं। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने चंदन को हाल ही में पार्टी की युवा इकाई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। उधर, बसपा ने चौधरी विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह ने कुछ दिन पहले ही लोकदल से इस्तीफा दिया था। लेकिन सबसे चौंकाने वाला फैसला सपा ने लिया है। पार्टी ने सामान्य सीट होने के बावजूद अनुसूचित समाज के यशवीर सिंह धोबी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। यशवीर सिंह बगल की नगीना सीट पर सपा से सांसद रह चुके हैं। यशवीर सिंह 2009 में सपा से नगीना सुरक्षित सीट से सांसद बने थे, लेकिन 2014 में वह भाजपा के डॉ. यशवंत सिंह से चुनाव हार गए थे। बिजनौर सीट से 2014 में भाजपा के कुंवर भारतेन्दु सिंह चुनाव जीते थे। उन्होंने सपा के शाहनवाज को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2014 में यहां बसपा तीसरे नंबर रालोद चौथे नंबर पर रही थी। बिजनौर लोकसभा का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद चुनाव में भाजपा और रालोद का गठबंधन हुआ। रालोद के संजय सिंह चौहान ने बसपा के शाहिद को हराकर जीत हासिल की। 2019 में बसपा के मालूक नागर चुनाव जीते। भाजपा के भारतेंद्र सिंह 4,91,104 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के नसीमुद्दीन सिद्दीकी 25,833 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

### 1985 में मीरा कुमार, रामविलास और मायावती के बीच हुआ था मुकाबला

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी राजनीति की शुरूआत यहीं से चुनाव लड़कर की थी। वर्ष 1985 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस से मीरा कुमार चुनावी मैदान में उतरीं और पहली बार सांसद बनीं। उन्होंने लोकदल प्रत्याशी रामविलास पासवान को हराया। बसपा सुप्रीमो मायावती निर्दलीय प्रत्याशी थीं। वह तीसरे नंबर पर रहीं, लेकिन 66 हजार से ज्यादा वोट पाकर सबको चौंका दिया। इसके बाद 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में मायावती को जीत हासिल हुई और वह पहली बार बिजनौर सीट से सांसद बनीं।

**बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में विधान सभा सीटों पर कब्जा**

| विधान सभा | विधायक | दल |
| --- | --- | --- |
| पुरकाजी (सु) | अनिल कुमार | रालोद |
| मीरापुर | चंदन चौहान | रालोद |
| बिजनौर (सु) | मौसम चौधरी | भाजपा |
| चांदपुर | स्वामी ओमवेश | सपा |
| हस्तिनापुर (सु) | दिनेश खटीक | भाजपा |

**बिजनौर लोकसभा सीट कब कौन जीता**

| वर्ष | विजेता | दल |
| --- | --- | --- |
| 2019 | मलूक सिंह नागर | बसपा |
| 2014 | भारतेंद्र सिंह | भाजपा |
| 2009 | संजय सिंह चौहान | रालोद |
| 2004 | मुंशीराम सिंह | रालोद |
| 1999 | शीशराम सिंह रवि | भाजपा |

### मुस्लिम-दलित मतदाता 60 फीसदी का वोट निर्णायक

बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में लगभग 17 लाख मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटरों की संख्या 8 लाख 77 हजार से ज्यादा तो महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 93 हजार से अधिक है। जातिगत समीकरणों के लिहाज से यहां साढ़े पांच लाख के आसपास मुस्लिम मतदाता हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या साढ़े चार लाख के करीब हैं। जाट मतदाता दो लाख के आसपास और गुर्जर वोट एक लाख तक गिने जाते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 60 हजार मानी जाती है।

**2019** में सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने भाजपा से छीन ली थी यह सीट

**2004** और 2009 के चुनाव में यहां से रालोद फहरा चुका है जीत का परचम

## एक नजर

### समाजवादी विचारधारा को समर्पित था लोहिया का जीवन : मतीन

**हल्द्वानी :** समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर स्वतंत्रता सेनानी डॉ राम मनोहर लोहिया की 114वीं जयंती मनाई गई। सपा प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा, लोहिया का संपूर्ण जीवन देश की आजादी, गरीबों, किसानो, नौजवानों और समाजवादी विचारधारा की लड़ाई के लिए समर्पित रहा। उनके त्याग व संघर्ष से प्रेरित होकर आज भी हमें देश व समाज के लिए कार्य करने की जरूरत है। लोहिया ने अंग्रेजी शासन के अत्याचार और नर-नारी समानता, आर्थिक विषमता, किसानों के हितों की लड़ाई लड़ी।

### आंचल डेयरी भी कर रही मतदाताओं को जागरूक

**हल्द्वानी :** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस ओर अब आंचल डेयरी ने भी अपने उत्पादों पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्लोगन प्रकाशित किए हैं। आंचल डेयरी के दूध, दही आदि के पैकेट पर चुनाव का पर्व, देश का गर्व, वोट करेगा उत्तराखंड आदि स्लोगन प्रकाशित किए गए हैं।

# सरकार ने दो साल में लिए ऐतिहासिक फैसले

## मुख्यमंत्री धामी ने समाज हित के लिए किया योजनाओं का क्रियान्वयन: रेखा आर्या

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश की धामी सरकार ने दो साल के कार्यकाल में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश ने वह कार्य कर दिखाए है जो आज तक की सरकारें नहीं कर पाई। सरकार इसी तरह आने वाले सालों में प्रदेश को श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ती रहेगी।

यह बात धामी सरकार के दो साल पूरे होने पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विकास व जनहित की सोच मुख्यमंत्री के निर्णयों में साफ झलकती है। जिनमें समाज हर वर्ग तथा देवभूमि के हितों का समावेश है। मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं का पूरा ध्यान रखा है और उन्हीं जनभावनाओं को योजनाओं व निर्णयों में तब्दील किया है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 के चुनाव के दौरान सीएम धामी ने समान नागरिक संहिता लाने का वायदा किया था और सरकार बनते ही इस पर काम किया। फलस्वरूप समाज नागरिक संहिता अस्तित्व में आई है। जिससे उनका वायदा पूरा हुआ। इसके अलावा नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगा रोधी कानून, महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण, राज्य आंदोलनकारियों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है और देवभूमि उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने में जुटी है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, प्रदेश प्रवक्ता गौरव पांडे, धर्मेंद्र बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, जगत तिवारी, महेश नयाल आदि शामिल रहे।



अल्मोड़ा में पत्रकारों से बातचीत करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या व अन्य।

### भाजपा का दो साल का कार्यकाल निराशाजनक

**अल्मोड़ा :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि भाजपा सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल बेहद निराशाजनक रहा है। इस सरकार के रहते जनता के हाथ बेरोजगारी व महंगाई के सिवा और कुछ नहीं लगा। कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के रहते महिलाओं का उत्पीड़न बढ़ा है। युवा स्वयं को ठगा महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में भी भाजपा के पदाधिकारी ही संलिप्त रहे हैं। जिससे भाजपा सरकार ने जनता का विश्वास खोया है। इस लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है।

### कांग्रेस का देश-प्रदेश से हो चुका है सफाया : भौर्याल

**बागेश्वर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के दो साल पूरे होने पर भाजपा नेताओं ने पत्रकार वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत सिंह भौर्याल ने कहा कि प्रदेश में पिछले दो साल में कई उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उसमें से प्रदेश में हेली सेवा को जो बढ़ावा मिला है, वह ऐतिहासिक है। पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए भौर्याल ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक वर्ग के हित के लिए योजनाएं बनाई हैं। जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रदेश समेत देश से सफाया हो चुका है। इस लोकसभा चुनाव में पांचों सीटों पर भाजपा को विजय मिलेगी और केंद्र में नरेंद्र मोदी पुनः प्रधानमंत्री बनेंगे। इस दौरान भ्रष्टाचार मुक्त 1064 नम्बर भी लॉन्च किया। वार्ता के दौरान बागेश्वर विधायक पार्वती दास, जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रकाश साह, जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, सुरेश खेतवाल आदि मौजूद रहे।

## आबकारी निरीक्षक को किया निलंबित

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** आचार संहिता के दौरान शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर भिकियासैंण के आबकारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। विभाग ने फिलहान उन्हें देहरादून स्थित आबकारी आयुक्त कार्यालय में सम्बद्ध किया है। निलंबन की अवधि के दौरान आबकारी निरीक्षक को केवल जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

आबकारी निरीक्षक भिकियासैंण बलजीत सिंह को सल्ट विधानसभा क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर शराब के अवैध भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन आबकारी निरीक्षक ने जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं किया। जिस कारण उनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि आबकारी आयुक्त से आरोपित निरीक्षक को निलंबित करने की संस्तुति की गई थी। जिस पर आयुक्त ने कार्रवाई करते हुए आबकारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। बताया कि पुलिस इस मामले की जांच भी कर रही है।


परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले एंजिल्स एकेडमी के बच्चे। ● अमृत विचार

## एंजिल्स के 15 बच्चों का सैनिक स्कूल में चयन

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चम्पावत के गोरलचौड़ रोड स्थित एंजिल्स एकेडमी के 15 बच्चों ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

प्रधानाध्यापक ललित जोशी ने बताया कि कपिल बुराठी, प्रियांक अधिकारी, वैभव कालाकोटी, अस्मित शर्मा, राहुल भट्ट, विनय राणा, करन सिंह चम्याल, प्रियांशु गहतोड़ी, सारांश कुमार, अथर्व गिरी व आराध्या राणा ने कक्षा छह के लिए सैनिक स्कूल की परीक्षा पास की है।

वहीं साकेत जोशी, पूजा थ्वाल, गौरव सिंह कठायत व ऋचा पांडेय ने 9वीं कक्षा के लिए परीक्षा पास कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। छात्रों ने सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं व माता-पिता को दिया है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष खीमा थ्वाल, प्रबंधक देवेश थ्वाल, श्याम गिरी, सोनिका शर्मा, धीरज पांडेय, बबीता पंत, सोनी तिवारी, रेखा पालीवाल ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जैंती डिग्री कॉलेज में नहीं बना छात्रावास

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के जैंती में स्थापित राजकीय डिग्री कॉलेज में सालों बाद भी छात्रावास का निर्माण नहीं हो पाया है। जिस कारण यहां दूरदराज के क्षेत्रों से शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने उच्च शिक्षा विभाग से शीघ्र छात्रावास का निर्माण कराने की मांग की है।

जैंती तहसील में वर्ष 1996 में श्री राम सिंह धौनी राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। महाविद्यालय में कुंज, भाबू, पुभाऊं, कुटौली, सैनोली, दाड़िमी, गणाऊं, शहरफाटक, ज्वारनेड़ी, मौरनौला, खांकर समेत दूरस्थ स्थानों के 350 से अधिक छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। लेकिन यहां छात्रावास न होने कारण 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को आसपास के कस्बों में महंगे दामों पर कमरा लेकर किराये पर रहना पड़ रहा है। छात्रावास निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक इस पर गौर नहीं किया गया।

हालात यह हैं कि किराये का खर्च न उठा पाने के कारण कई विद्यार्थी उच्च शिक्षा लेने से हाथ पीछे खींच रहे हैं। जबकि कई छात्र छात्रावास न होने के कारण अन्य महाविद्यालयों में प्रवेश ले चुके हैं। कॉलेज में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने अब शासन से शीघ्र छात्रावास के निर्माण की मांग की है।

इधर, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव उच्च शिक्षा निदेशालय को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में महाविद्यालय स्तर से समय-समय पर पत्राचार किया जाता रहा है।




## सड़क हादसे में युवक की मौत, एक गंभीर

**बनबसा, अमृत विचार :** डंपर ने मोटर साईकिल सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर डंपर को कब्जे में ले लिया है। डंपर संख्या एचआर39 एफ4315 चालक विमल कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी रिद्धि सिद्धि कंस्ट्रक्शन कंपनी बनबसा, जो मिट्टी डालकर बनबसा से गडीगोठ की ओर जा रहा था। इसी दौरान जगबूढ़ा पुल के पास डंपर ने बाइक संख्या यूके06 एजी-8098 को टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार हबीब पुत्र अब्दुल लतीफ कुरैशी व अय्यूब पुत्र मोहम्मद अहमद निवासीगण इस्लामनगर खटीमा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को खटीमा हॉस्पिटल भिजवाया। जहां उपचार के दौरान अय्यूब की मौत हो गई।

# मेला क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने की मांग

### पूर्णागिरि मेला

- व्यापारियों ने तहसीलदार के माध्यम से डीएम को भेजा ज्ञापन
- व्यवस्था बेहतर करने के लिए सुझाव भी दिये

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** 26 मार्च से शुरू होने वाले सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले के दौरान व्यापारियों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने की मांग की है। व्यापारियों ने तहसीलदार जगदीश गिरी के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजकर व्यवस्था बेहतर करने के लिए सुझाव भी दिए हैं।

ज्ञापन में व्यापारियों ने बस, जीप आदि से जाम न लगने और अन्य तरह की परेशानियों से बचाव के सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्णागिरि मेले को टनकपुर में पानी की पुरानी टंकी से संचालित किया जाए। साथ ही पुरानी पानी की टंकी क्षेत्र में एक वक्त में छह टैक्सी और दो बसों को ही सवारी ले जाने की अनुमति दी जाये। उन्होंने जाम और यातायात अव्यवस्था से बचने के लिए शहर में बाजार, रेलवे स्टेशन या अनधिकृत जगहों से सवारियों को उतारने-चढ़ाने की अनुमति न देने, टुक-टुक की भी व्यवस्था ठीक करने, सभी वाहनों में किराये की दर चस्पा करने, व्यवस्था बनाने के लिए मेला क्षेत्र में खोया-पाया केंद्र स्थापित करने और पुलिस बल की व्यवस्था के अलावा सीसीटीवी लगाए की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में नगर उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, पूर्व जिला महामंत्री कैलाश कलखुड़िया, सौरभ कलखुड़िया, दिनेश खर्कवाल, मनोज कुमार, किशोर खर्कवाल, नवीन गड़कोटी, बसंत गड़कोटी, मोहित गड़कोटी, उमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।


तहसीलदार जगदीश गिरी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

## आबादी के पास पहुंची जंगल की आग, हड़कंप

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** जंगलों की आग अब विकराल रुप लेने लगी है। वन को बचाने के वन विभाग दावे भी आग में जलकर राख होते जा रहे हैं। थुआ के जंगल में लगी भीषण आग आबादी के नजदीक तक पहुंचने से हड़कंप मच गया। जंगल दिन भर धूं-धूं कर धधकता रहा। बेसकिमत वन संपदा के साथ ही मवेशियों की चारा पत्ती भी आग की चपेट में आकर खाक हो गई।

बड़े बड़े जागरुकता अभियान चलाकर जंगलों को आग से बचाने के दावे जंगलों में धधक रही आग में जलकर खाक होते जा रहे हैं। जंगलों में लग रही आग पर काबू पाना वन विभाग के लिए चुनौती बन गया है। एक के बाद एक जंगल आग की भेंट चढ़ रहे हैं। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर छड़ा गांव से सटा थुआ का जंगल आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रुप ले लिया। समीप पटानी व छड़ा गांव के नजदीक तक आग की लपटें पहुंचने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही की आग का रुख गांव से दूसरी ओर हो गया। और बड़ी घटना टल गई। हरे भरे जंगलों के आग की भेंट चढ़ने से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। संरपच विक्रम सिंह बिष्ट, विरेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, दीवान सिंह आदि ने जंगलों को बचाने के लिए ठोस उपाय करने की मांग उठाई है। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी के अनुसार आग पर काबू पाने को टीम को मौके की ओर रवाना कर दिया गया है।

# अंग्रेजी शराब से लदा ट्रक निकलने की सूचना से हड़कंप

### अभियान

- दूसरे वाहन चालक ने दिखाए शराब से संबंधित कागज
- आर्मी कैंटीन की शराब लदी होने का हुआ खुलासा

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे से शराब से लदा ट्रक निकलने की सूचना से हड़कंप मच गया। खैरना चौकी व क्वारब पुलिस की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर ट्रक को लोहाली के समीप रोक लिया। कागजात मांगे जाने पर चालक कागजात नहीं दिखा सका हालांकि बाद में पीछे से आ रहे ट्रक के चालक में वाहनों में लदी शराब के कागजात दिखाएं। कागज देखने के बाद ट्रक को छोड़ दिया गया।

चौकी प्रभारी खैरना धर्मेंद्र कुमार के अनुसार तीनों वाहनों में आर्मी कैंटीन की शराब लदी पाई गई आवश्यक दिशा निर्देश दे वाहनों को रवाना कर दिया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड पर है।

हाईवे के रास्ते अल्मोड़ा की ओर जा रहे ट्रक में शराब लदी होने की सूचना से खैरना व क्वारब पुलिस हरकत में आ गई।हाईवे पर विशेष चेकिंग अभियान शुरु कर दिया गया। चौकी प्रभारी खैरना धर्मेंद्र कुमार व क्वारब प्रभारी गोविंदी टम्टा की अगुवाई में पुलिस टीम ने हाइवे पर घेराबंदी कर ट्रक की तलाश तेज कर दी। लोहाली के समीप ट्रक को पकड़ लिया गया। वाहन चालक से पूछताछ में ट्रक में 460 पेटी अंग्रेजी शराब लदी होने की पुष्टि हुई। वाहन चालक के शराब से संबंधित कागजात न दिखा पाने पर शक और गहरा गया।। चालक ने पीछे से आ रहे दो अन्य वाहनों में कागज होने की बात कही। करीब एक घंटे इंतजार के बाद पहुंचे दूसरे ट्रक चालक ने तीनों वाहनों में लदी शराब के कागज दिखाएं। तीनों वाहनों में करीब 1200 पेटी शराब आर्मी कैंटीन की होने का खुलासा हुआ। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने वाहन चालकों से तीनों वाहनों में अलग-अलग कागज रखने के निर्देश दिए। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

## दीपक सफाई संघ के जिलाध्यक्ष बने

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ की शनिवार को नगर पालिका सभागार में बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से दीपक शैलानी को जिलाध्यक्ष और दीपक चंदेल को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा अनिल को उपाध्यक्ष, शक्ति को संगठन सचिव, राजेंद्र पवार को कोषाध्यक्ष, यशपाल को प्रचार सचिव और दीपचंद्र उपसचिव मनोनीत किया गया। जबकि नगर कार्यकारिणी में सतीश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश टॉक महासचिव, धनश्याम सचिव, राजेश उपसचिव, दर्शन चंदेल संगठन मंत्री, चंदन भारती उपाध्यक्ष, अशोक पवार कोषाध्यक्ष, वाशु पवार प्रचार मंत्री, राजू कनिष्ठ उपसचिव और रोहताश केसरी को सलाहकार मनोनीत किया गया। अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार ने की।

## एसपी ने किया पूर्णागिरि मेला क्षेत्र का निरीक्षण

टनकपुर, अमृत विचार

### तैयारी

- पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा
- मंदिर समिति पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** होली पर्व के बाद शुरू होने वाले मां पूर्णागिरि मेले की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसपी ने अस्थाई थाना ठूलीगाड़, चौकी बूम, शारदा स्नान घाट टनकपुर, पार्किंग में मेले की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मन्दिर समिति के पदाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर मेले को सकुशल संपन्न कराने पर चर्चा की। साथ ही मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था, यातायात, संचार, थाना, चौकियों की व्यवस्था, सेक्टर्स, बैरियर पॉइंट्स, अनाउंसमेंट सिस्टम, डायवर्जन पॉइंट, खोया पाया केंद्र, स्नान घाटों में जल पुलिस की तैनाती, बाहरी जिलों से प्राप्त फोर्स के रूकने एवं भोजन की व्यवस्थाओं आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा, एसएसआई बीएस बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## भिक्षा नहीं, शिक्षा दो अभियान चलाया

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर पुलिस टीम ने भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर करने के लिए भिक्षा नहीं, शिक्षा दो अभियान चलाया।

ऑपरेशन मुक्ति टीम ने नगर से लगे देवली, चौंसली, लोधिया आदि क्षेत्रों में पंपलेट बांटकर और चस्पा कर छोटे बच्चों से बाल श्रम न कराने व उन्हें भिक्षा न देने के प्रति लोगों को जागरूक किया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से कहा कि अगर उन्हें कोई बच्चा भीख मांगते हुए दिखाई दे तो वह इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। ऐसा करने से हम उनके भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।

# होली पर हुड़दंग मचाया तो होगी जेल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पिछले साल की होली शायद ही कोई भूल पाए। एक के बाद एक कई हादसों में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई थी और सबसे भयावह हादसा तो मुखानी-हीरानगर रोड पर केवीएम के सामने हुआ था। होली फिर खून से लाल न हो, इसके लिए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने सख्त निर्देश दिए हैं। स्पष्ट कहा है कि किसी तरह का हुड़दंग या ड्रंक एंड ड्राइव हुआ तो होली जेल में मनानी पड़ेगी।

बता दें कि पिछले साल होली में मुखानी-हीरानगर रोड पर सबसे भयावह हादसा हुआ था। तेज रफ्तार कार ने रूपनगर निवासी संजीव वर्मा की स्कूटी सवार बेटी 22 वर्षीय बेटी हर्षिता और पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक की डा.शैलजा की बेटी लाव्या को चपेट में ले लिया था। दोपहर होली मनाने के बाद हर्षिता स्कूटी से लव्या को उसके घर छोड़ने जा रही थी। केवीएम स्कूल के पास तेज रफ्तार कार ने गलत साइड जाकर स्कूटी में टक्कर मार दी। इस मामले में हीरानगर चौकी पुलिस ने मूलरूप से पिथौरागढ़ का रहने वाले और यहां वैभव कॉलोनी ऊंचापुल निवासी आरोपी किरन कुमार जोशी को गिरफ्तार किया था।

### पिछले साल इन लोगों की चली गई थी जान

- जवाहर ज्योति कालिका कालोनी दमुवाढूंगा निवासी नन्हे (38) पुत्र विजय पाल को बुलेट सवार ने अपनी चपेट में ले लिया था।
- होली पर घर जा रहे दिलारी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी विनोद सिंह चौहान (32) को कमलुवागांजा में रिलायंस पेट्रोल पंप त्रिमूर्ति मंदिर के पास तेज रफ्तार कार ने कुचला।
- राजपुरा के राजेंद्र नगर निवासी अनिल सक्सेना की होली के दिन फांसी लगा ली और यह खबर सुन बड़े भाई की भी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।
- पौड़ी गढ़वाल निवासी सुनील कुमार हल्द्वानी पत्नी व चार साल की बच्ची हंसिका के साथ रहते हैं। 27 फरवरी को बच्ची को नहलाने के लिए टब में पानी गर्म में हंसिका गिर कर मर गई थी।
- सौरभ होटल के पास रहने वाले पारस मनचंदा (38) व उनकी पत्नी भावना (35) व बेटा मोहक (6) स्कूटी से मुखानी से अपने घर जा रहे थे। जगदंबा चौराहा पानी की टंकी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया।

## लड़खड़ाने लगी यातायात व्यवस्था

**गरमपानी, अमृत विचार :** होली महापर्व पर अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर यातायात का दबाव भी दोगुना हो गया है। वाहनों की संख्या में इजाफा होने से खैरना चौराहे पर यातायात व्यवस्था लड़खड़ाने लगी है। सुबह से शाम तक कई बार जाम लगने से यात्रियों व स्थानीय लोगो को तमाम परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। व्यापारियों ने चौराहे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की पुरजोर मांग उठाई है।

हाइवे पर स्थित खैरना चौराहा जाम का गढ़ बनता जा रहा है। त्यौहारी सीजन में जाम एक बड़ी समस्या बन चुकी है। होली महापर्व पर वाहनों का दबाव बढ़ने से हालात और ज्यादा बिगड़ चुके हैं। स्थानीय व्यापारियों ने खैरना चौराहे पर यातायात व्यवस्था को ठोस कदम उठाए जाने की मांग उठाई है।

## अभियान चलाकर किया सफाई के प्रति जागरूक

संवाददाता, गरमपानी

### स्वच्छता अभियान

- मंदिर व गांव के रास्ते से झाड़ियां काटी
- गांव को साफ सुथरा बनाए रखने का किया आह्वान

**अमृत विचार :** समीपवर्ती टूनाकोट गांव में महिलाओं ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर कूड़ा निस्तारण किया। झाड़ियों को काट रास्तों की सफाई की। लोगों को साफ सफाई के बारे में जागरुक किया गया। लोगों से गांव को साफ सुथरा रहने की अपील की गई।

टूनाकोट गांव में होली महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। होली गायन से पूर्व गांव की महिलाओं ने गांव में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। मंदिर परिसर से अभियान का श्रीगणेश किया गया। गांव के मुख्य रास्ते, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय के आसपास झाड़ियां काट निस्तारण किया गया। गांव में जगह जगह फैले कूड़े का निस्तारण किया गया। लोगों से गांव को साफ सुथरा बनाए रखने की अपील की गई। आशा कार्यकर्ता उषा देवी की अगुवाई में चले अभियान में गांवो की दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने भागीदारी की। इस दौरान तुलसा देवी, आशा देवी, विमला देवी, माधुरी देवी, अंबा देवी, सरस्वती देवी, अंजू मेहरा, मीना देवी, रजनी मेहरा, कमला देवी, शोभा मेहरा आदि मौजूद रहे।

## प्रतिनिधियों को सौंपी मशीनों की सूची

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम, वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन किया। पहले रेंडमाइजेशन में 2023 कंट्रोल यूनिट, 1776 बैलेट यूनिट व 1522 वीवीपीएटी मशीनों का रेंडमाइजेशन हुआ।

रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया कलक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में हुई। रेंडमाइजेशन हुई मशीनों के विवरण की सूची मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी गई। इस मौके पर एडीएम सीएस मर्तोलिया, नोडल ईवीएम उदय राज सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भरत सिंह रावत, भाजपा से रवि कुमार, कांग्रेस से निर्मल रावत, बीएसपी से जिलाध्यक्ष अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बसपा नेता हरिदास समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**देहरादून :** तीन बार के विधायक व वरिष्ठ बसपा नेता हरिदास ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि देश का सर्व समाज, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के लिए मोदी के नेतृत्व में एक हो रहा है। लिहाजा एनडीए का 400 पार होना और फिर से मोदी की सरकार आना तय है। प्रदेश मुख्यालय में आयोजित ज्वाइनिंग अभियान में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट के साथ प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, पूर्व सीएम एवं हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने सभी नए सदस्यों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भट्ट ने कहा कि वरिष्ठ नेता हरिदास का आना, यह बताता है कि देवभूमि के सभी धर्मों, जातियों, क्षेत्रों एवं वर्गों का समर्थन मोदी को हासिल हो गया है। उन्होंने पार्टी के विचारों में सहमति जताने वाले सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि एक संरक्षक होने के नाते वह सभी के मान सम्मान का ख्याल रखेंगे। हरिदास ने कहा कि मोदी का नेतृत्व और सर्व समाज के लिए किए कामों से प्रभावित होकर वह भाजपा में गए हैं। पहली बार समाज के पिछड़े वर्गों के लिए किसी केंद्र सरकार ने इतने ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

# दो साल में हर मोर्चे पर विफल रही है प्रदेश की धामी सरकार : माहरा

## कांग्रेस ने प्रदेश भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल को बताया निराशाजनक

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार अपने दो साल के कार्यकाल की कितनी ही तारीफ कर लेकिन सच यह है कि धामी सरकार का दो साल का कार्यकाल जनता के लिए निराशा भरा रहा है। इन दो सालों में प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।

प्रदेश में भाजपा सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर एक बयान में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि बीते दो सालों में धामी सरकार की कोई ऐसी उपलब्धि नहीं है जिस पर प्रदेश वासियों को गर्व हो। महरा ने कहा कि अपने दो वर्ष के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने महिलाओं, युवाओं, किसानों व गरीबों का उत्पीड़न करने के साथ ही जनता को धर्म के नाम पर बांटने का काम किया है। प्रदेश में मंहगाई, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी से जनता त्रिहिमाम कर रही है। अंकिता भण्डारी हत्याकांड


करन माहरा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष।

के दोषी अब भी बाहर हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म की घटनाओं से कानून व्यवस्था की पोल खुली है। अधिकारी बेलगाम हैं और सरकार को जनता के दुख-दर्द से कुछ लेना-देना नहीं है। प्रदेश में कई विभागों में हुए भर्ती घोटालों और भ्रष्टाचार से साफ है कि भाजपा सरकार स्वच्छ सरकार देने में नाकाम रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने आरोप लगाया कि धामी सरकार ने जघन्य हत्याकाण्डों में अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया है। अंकिता भण्डारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम सरकार आज तक उजागर नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती घोटाला, लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाला, पुलिस भर्ती घोटाला, फॉरेस्ट गार्ड भर्ती घोटाला, सहकारिता भर्ती घोटाला, पटवारी भर्ती घोटालों ने सरकार की विफलता को साबित किया है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती घोटाले में लिप्त सफेदपोश नेता पर भाजपा सरकार अभी तक मौन है।

करन माहरा ने कहा कि राज्य में बेरोजगारों की फौज बढ़ती जा रही है लेकिन सरकार रोजगार मांगने पर बेरोजगारों पर लाठी चार्ज कर रही है। निर्माण कार्यों में खुलेआम कमीशनखोरी, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी तथा छोटे ठेकेदारों का शोषण राज्य में आम हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मलिन बस्तियों के विनियमितीकरण की सरकार कोई नीति नहीं बना सकी। प्रदेश में लघु उद्योग लगातार बंद हो रहे हैं और उद्योगों का पलायन रोकने में सरकार पूरी तरह विफल रही है।

महरा ने कहा है कि बीते दो सालों में राज्य की स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह ध्वस्त रही है। गांवों में लोग आज भी चिकित्सा सेवा न होने से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जोशीमठ त्रासदी के प्रभावित सरकार से विस्थापन की मांग करते रहे परन्तु धामी सरकार आपदा पीडितों के विस्थापन के लिए ठोस निर्णय लेने में विफल रही है। करन माहरा ने कहा कि प्रदेश में शराब माफिया और खनन माफिया हावी हैं। सरकारी संरक्षण में शराब की तस्करी तथा खनन में हो रहे भ्रष्टाचार के कारण सरकार को करोड़ों रुपये की राजस्व हानि हो रही है। गन्ना किसानों का पिछला बकाया भुगतान तो सरकार नहीं कर पाई है नई फसल के समर्थन मूल्य में भी कोई वृद्धि नहीं कर किसानों का शोषण किया जा रहा है। कहा कि सरकार ने बिजली-पानी बिलों में बढ़ोत्तरी कर आम आदमी की कमर तोड़ दी है।


लोहाघाट में होली गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## सौहार्दपूर्ण होली पर्व मनाने का आह्वान

**गरमपानी, अमृत विचार :** पुलिस ने होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया है। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। हुड़दंगियों पर नजर रखने को पुलिस की विशेष टीम लगातार मॉनीटरिंग भी करेगी। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के अनुसार नियमों का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

होली पर्व के मद्देनजर चौकी पुलिस खैरना की टीम ने कमर कस ली है।बाजार क्षेत्र में गस्त बढ़ाने के साथ ही शांति व्यवस्था चाक-चौबंद रखने को सभी आवश्यक कदम उठाए जाने शुरु कर दिए गए हैं।

## खड़ी और बैठकी होली में महिलाओं ने मचाई धूम

**संवाददाता, टनकपुर**

**आयोजन**
- पुरुष और बच्चे भी बढ़ चढ़कर कर रहे प्रतिभाग
- जगह-जगह होली कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन

**अमृत विचार :** चम्पावत जिले में जगह-जगह होली कार्यक्रमों की धूम मची है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ी और बैठकी होली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं, पुरुषों के अलावा बच्चे भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं।

टनकपुर में पंकज शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर शिशु वाटिका में राष्ट्रीय सेविका समिति ने होली मिलन का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं ने खड़ी और बैठक की होली गाई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शांति भट्ट, रेखा पांडे, आशा बिष्ट, तारा मेहरा, आकांक्षा, आरती भारती, पार्वती खर्कवाल, सुमन वर्मा, सुनीता गहतोड़ी, तुलसी कुंवर, हेमा जोशी, हंसा जोशी, पूनम गड़कोटी, रेनू गड़कोटी, प्रतिभा खर्कवाल मौजूद रहे। वहीं, दूसरी तरफ चम्पावत, लोहाघाट, बाराकोट, जिले के मैदानी क्षेत्र बनबसा में भी होली गायन आयोजित किए गए।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कांग्रेस का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस के अवसरवादी रवैये को दुर्भाग्यपूर्ण और दोहरा चरित्र बताया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि शराब घोटाले में सबसे पहले शिकायत करने और पुतला फूंकने वाले कांग्रेसी, अब केजरीवाल को पीड़ित बता रहे हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार के पक्ष में कांग्रेस के आंदोलन पर, देवभूमिवासियों द्वारा चुनाव में सबक सिखाने को चेतावनी दी।


पत्रकारों से वार्ता करते मनवीर सिंह चौहान व अन्य।

चौहान ने शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम केजरीवाल के पक्ष में कांग्रेस की बयानबाजी और समर्थन को कांग्रेस की स्वाभाविक प्रवृत्ति बताते हुए कहा कि उसका हाथ हमेशा भ्रष्टाचार के साथ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ही अजय माकन एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने केजरीवाल पर शराब घोटाले का आरोप लगाते हुए सबसे पहले उप राज्यपाल से शिकायत की थी। इसके बाद कांग्रेस संगठन सड़कों पर उतरा और पुतले फूंकने और धरना प्रदर्शन जैसे तमाम आंदोलन उनके खिलाफ किये। लेकिन हैरानी और अफसोस है कि जब इस घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता सीएम केजरीवाल को ईडी ने हाईकोर्ट के मार्गदर्शन पर गिरफ्तार किया तो सबसे पहले आंसू कांग्रेस नेताओं के ही निकले। ठीक उसी तरह कांग्रेस सरकार के घोटाले को कोस-कोस कर दिल्ली की सत्ता हथियाने वाली आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार में कांग्रेस की ही बराबरी कर डाली। अब चूंकि दोनों ही भ्रष्टाचार के हमाम में एक साथ हैं इसीलिए आपस में समर्थन कर एक-दूसरे को बचाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश में आज ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था काम कर रही है। लिहाजा भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के आपस में मिलकर शोर मचाने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। जनता सब देख रही है और उन्हें विश्वास है कि उनका चौकीदार किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं बख्शेगा। उन्होंने केजरीवाल के पक्ष में आंदोलन की घोषणा को कांग्रेस का असली चेहरा बताया।

## साप्ताहिक बंदी के दिन भी खुला बाजार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** होली पर्व के मद्देनजर शनिवार को साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन बाजार खुलने के बाद भी बाजार में रौनक नजर नहीं आई। दुकानदारों को होली के पर्व पर ठीक-ठाक बिक्री होने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें मायूसी हाथ लगी। हालांकि कई दुकानों में भीड़ भी नजर आई।

सोमवार को होली से पहले रविवार का एक दिन ओर होने से दुकानदारों को बिक्री बढ़ने की आस है। टी-शर्ट विक्रेता दिनेश कुमार ने बताया कि होली पर्व जैसा नहीं लग रहा है, शनिवार को बाजार खुलने के बाद भी बहुत कम ही बिक्री हो सकी है। वहीं, पिचकारी विक्रेता सोमपाल का कहना है कि लोग दुकान से पिचकारी लेकर जा रहे हैं।

# भजनों के साथ मनाई होली

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** वैश्य महासभा रजि. ने क्रिस्टल शुभ सागर लॉन, रामपुर रोड में होली मिलन समारोह व भजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया।

समारोह में भजनों का गायन पं. विवेक शर्मा ने किया। शुभारंभ वैश्य महासभा के अध्यक्ष आलोक शारदा, महामंत्री भवानी शंकर, नीरज संरक्षक, बिन्देश गुप्ता तथा महिला अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने गणपति जी की मूर्ति के आगे दीप जला कर किया।

लोक शारदा ने बताया कि होली रंगों और खुशियों का त्यौहार है और हम सभी को मिलकर होली का यह उत्सव सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। भवानी शंकर


पं. विवेक शर्मा के भजनों के बीच होली मनाती महिलाएं। ● अमृत विचार

नीरज ने कहा कि वैश्य महासभा हर साल होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन करती है ।इस अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्या, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, देवेन्द्र केसरवानी, विनय लाहोटी, सुशील पप्पी, भगवान सहाय अग्रवाल, तरुण बंसल, विनीत अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, रेनू अधिकारी, मीनू गुप्ता, सविता लाहोटी, सारिका केसरवानी, सीमा देवल, शालिनी जयसवाल, भूमिका गोयल, सविता अग्रवाल, मंजुला, सुषमा वार्ष्णेय, अतुल जायसवाल, रमेश केसरवानी, कपिल अग्रहरि, कनव अग्रवाल, अमोल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



# टेंपो पलटने से किसान की मौत, तीन घायल

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**घटना**
- डरौली के पास नील गाय से टकराकर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर गांव अफजलपुर डरौली के पास सड़क पार कर रही नीलगाय से टेंपो की टक्कर हो गई। जिससे टेंपो पलट गया और उसके नीचे दब कर 70 वर्षीय किसान की मौत हो गई। घटना में चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार सीएचसी में कराया गया है।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव भवन निवासी सुरेश कुमार 70 वर्ष पुत्र रामफल खेती कर परिवार का भरण पोषण करता था। थाना बिसौली जनपद बदायूं में उसकी रिश्तेदारी में बालक की मौत हो गई थी। शनिवार सुबह 10 बजे वह अपनी पत्नी नत्थो व भतीजी पूनम पुत्री राजू निवासी गांव भवानीपुर थाना संभल के साथ चन्दौसी आने के लिए टेंपो में सवार हुआ। टेंपो में करीब 8-9 सवारी थीं। टेंपो जब बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर गांव अफजलपुर डरौली के पास पहुंचा तो उसी समय अचानक सड़क पार कर रही नीलगाय से टकरा कर टैंपो पलट गया। जिसके कारण किसान सुरेश टेंपो के नीचे दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसकी पत्नी, भतीजी व टेंपो चालक सोनू पुत्र सुमन गांव रम्पुरा थाना बहजोई मामूली रूप से चुटैल हो गया।

## पीस पार्टी के अध्यक्ष की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक सरकारी कर्मचारी के साथ अभद्रता, जान से मारने की धमकी, सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचने के मामले में पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद अयूब की याचिका पर सुनवाई करते हुए याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का समय देते हुए याचिका को आगामी 8 अप्रैल 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष चल रही है।

याचिका के अनुसार याची के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान के तहत राजेश कुमार शर्मा द्वारा 11 अक्टूबर 2023 को मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

# बहू भी है परिवार का अभिन्न अंग : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित एक मामले में विचार करते हुए कहा कि भारतीय समाज की रीति के अनुसार बहू को भी बेटी के समान माना जाता है, क्योंकि वह भी परिवार का अभिन्न अंग होती है। मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने का मुख्य उद्देश्य परिवार के एकमात्र कमाने वाले की मृत्यु के कारण परिवार को संकट और अभाव से राहत दिलाना है। वर्तमान मामले में भी, एक असाधारण स्थिति पैदा हो गई है, जैसे कि याची का पति जीवित है, लेकिन उसकी विकलांगता 75% से अधिक है और वह कमाने/काम करने में असमर्थ है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1974 की धारा 2 (सी) के तहत अर्थ के उदार निर्माण की आवश्यकता है।

विशेष परिस्थितियों और याची के पति की विकलांगता को ध्यान में रखते हुए, रिट याचिका को स्वीकार करते हुए संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक), राज्य कर, प्रयागराज द्वारा पारित आदेश को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने विभा तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। वर्ष 2022 में याची की सास की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में काम करते हुए सेवा काल के दौरान मृत्यु हो गई।

## युवक के अपहरण की कोशिश की

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर में पीलीभीत रोड स्थित ढाबा से युवक का कार सवारों ने अपहरण करने की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गए। एसएसपी के आदेश पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सिरौली के गांव अटा फुंदापुर निवासी रंजन शर्मा ने बताया कि 21 मार्च को रात साढ़े नौ बजे वह पीलीभीत रोड स्थित एक ढाबा पर खाना खाने गए थे। एक कार से छह लोग आए। उनमें से एक ने उनका नाम पूछा और गालीगलौज करते हुए मारपीट की। कार में डालकर ले जाने की कोशिश की। इससे उनके सिर में चोट लग गई। शोर सुनने पर ढाबा मालिक और कर्मचारियों ने बचाया तो आरोपी भाग गए। रंजन ने कमलेश उर्फ लोकमन, नन्हें और तिलकधारी पर आरोप लगाया है।

## सार-संक्षेप

### हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे : सलमान

**बरेली :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया। इस पर दरगाह आला हजरत में लगातार मदरसा संचालक एवं उलमा संपर्क कर रहे हैं। उलमा ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से हम आश्चर्यचकित हैं। मदरसा अधिनियम किसी मौलाना ने नहीं बल्कि सरकार ने बनाया है। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि मदरसा संचालक और उलमा में नाराजगी का माहौल है। इसको देखते हुए जल्द ही उलमा एवं मदरसा संचालक से मीटिंग की जाएगी। इसके बाद इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया जाएगा। सलमान मियां ने बताया कि गुरुकुल संस्कृत पाठशाला जैसे धार्मिक संस्थाओं को भी सरकारी मदद मिलती है।

### करंट से संविदा लाइनमैन की मौत, हंगामा

**मुरादाबाद :** विवेकानंद बिजली घर पर तैनात संविदा लाइनमैन की काम के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने शव रखकर हंगामा किया। विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे मुख्य अभियंता विद्युत व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने परिवार वालों को समझाया। मुख्य अभियंता ने मृतक आश्रितों को दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता और उसकी पत्नी को संविदा पर नौकरी देने की घोषणा की, तब जाकर परिवार के लोग शांत हुए। ग्राम शेरवा धर्मपुर निवासी संविदा लाइनमैन संजीव ग्लोबल टेक कंपनी के माध्यम से तीन साल से बिजली विभाग में कार्यरत था। 132 केवी विद्युत केंद्र पर शुक्रवार देर रात 1 : 05 मिनट पर 33 केवी लाइन का जंफर फुंक गया था।

### नौकरी लगवाने के बहाने हजारों की ठगी

**बरेली :** पुलिस लाइन में इलेक्ट्रिशियन के पद पर नौकरी दिलाने के बहाने युवक से हजारों रुपये की ठगी की गई। नौकरी न मिलने पर जब युवक ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और युवक की मां से छेड़छाड़ भी की। पुलिस ने आरोपी समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौपुला निवासी महिला ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका बेटा बेरोजगार है। चौपुला निवासी शुभम वर्मा ने बताया कि उसकी पुलिस लाइन में आरआई से जान पहचान है। वहां संविदा पर इलेक्ट्रिशियन के पद रिक्त हैं। उनके बेटे ने शुभम से बात की तो उसने 18 हजार रुपये मांगे। पैसे देने पर भी जब नौकरी नहीं लगी तो आरोपी टालमटोल करने लगा।

### पेट्रोल पंप पर युवक पर जानलेवा हमला

**बरेली :** किला में पेट्रोल पंप पर कार सवार पर तीन युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है किला छावनी निवासी शोभित गंगवार ने बताया कि 21 मार्च की रात को वह अपने दोस्त सूर्य प्रताप सिंह के साथ पंप पर कार में पेट्रोल डलवाने गए थे। इसी दौरान दो बाइकों पर रितिक वाल्मीकि, गौतम यादव और चमन यादव आ गए। तीनों आरोपियों ने उन पर बेल्ट, लोहे की रॉड और कड़ों से हमला कर दिया। उनके दोस्त ने उन्हें किसी तरह से बचाया।

### बसपा ने जीशान को बनाया लोस प्रत्याशी

**रामपुर :** शनिवार की देर शाम बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है। प्रत्याशी बसपा के मंडल कोर्डीनेटर शहाब खां के भतीजे जीशान खान हैं। लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सभी दल अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार बसपा से लोकसभा चुनाव का टिकट कुंडा निवासी जीशान खां दिया गया है। वह स्नातक हैं। वह पहली बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा पहले ही सांसद घनश्याम सिंह लोधी को प्रत्याशी बन चुकी है।

## बरेली के युवक की शाहबाद में मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** होली मनाने घर लौट रहे ममेरे-फुफेरे भाई की बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में फुफेरे भाई रामवीर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल ममेरे भाई को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी 20 वर्षीय रामवीर अपने ममेरे भाई अजय के साथ गाजियाबाद में रहकर सब्जी बेचने का काम करता था। शुक्रवार की रात दोनों बाइक पर सवार होकर घर आने के लिए निकले। शनिवार तड़के पांच बजे शाहबाद-सिरौली मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे में रामवीर की मौके पर ही मौत हो गई।

# इंजन को लगाया रेल कर्मचारियों ने धक्का

**अमेठी, एजेंसी :** जिले के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया जब रेल पटरी का निरीक्षण करने आये अधिकारियों की डीपीसी ट्रेन (इंजनयुक्त कोच) अचानक खराब हो गयी और शंटिंग इंजन नहीं होने के कारण रेल कर्मचारियों को धक्का लगाकर उसे लूप लाइन पर ले जाना पड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया, जिसमें कुछ लोग डीपीसी ट्रेन को धक्का लगाते हुए दिख रहे हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने इस घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

रेलवे के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को रेलवे के कुछ अधिकारी पटरी का निरीक्षण करने के लिये डीपीसी ट्रेन में सुलतानपुर की ओर से अमेठी स्थित निहालगढ़ रेलवे स्टेशन की तरफ आ रहे थे, रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले ही अधिकारियों का यह इंजनयुक्त डिब्बा मुख्य लाइन पर अचानक खराब हो गया, तकनीशियन ने उसकी खराबी दूर करने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक चूंकि डीपीसी ट्रेन मुख्य लाइन पर खराब हुई थी इसलिये अन्य ट्रेनों के आवागमन में बाधा पैदा हुई। कोई इंजन नहीं मिल पाने के कारण रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों ने डीपीसी ट्रेन को मजबूरन धक्का लगाकर मुख्य लाइन से लूप लाइन पर पहुंचाया।

## सर्राफ पिता-पुत्र से लाखों की लूट

**मथुरा, एजेंसी:** जिले में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गहनों की दुकान बंद कर स्कूटी से घर लौट रहे सर्राफ पिता-पुत्र को मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने कथित तौर पर तमंचे की नोक पर लूट लिया। पुलिस के अनुसार लुटेरे वारदात के बाद अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए फरार हो गए।

एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने शनिवार को बताया कि रिफाइनरी क्षेत्र की ब्रजरज धाम कॉलोनी निवासी बांकेलाल वर्मा क्षेत्र के तंतूरा गांव रोड पर मूलचंद ज्वैलर्स के नाम से सर्राफे की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार रात वह अपने पुत्र सोनू के साथ जब स्कूटी से घर लौट रहे थे, तभी राधाकृष्ण गार्डन के निकट मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उन्हें तमंचा दिखाकर रोक लिया।

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक की मौत

**संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा**

**हादसा**
- भोजीपुरा में भूड़ा अंडरपास के पास हुआ हादसा
- कार की खिड़की तोड़कर लोगों ने निकाला युवक को

**अमृत विचार :** भोजीपुरा में बड़ा बाईपास पर भूड़ा अंडरपास के पास तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर तोड़कर गलत दिशा में जाकर कार से टकरा गया। हादसे में कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने लोगों की मदद से कार की खिड़की तोड़कर युवक को बाहर निकालकर निजी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इज्जतनगर के सैनिक कॉलोनी निवासी अनिल सिंह ने बताया कि उनका भाई सुनील कुमार (24) शनिवार को कार से बहेड़ी में दोस्त से मिलने जा रहा था। वह वहां से मंदिर जाता। बड़ा बाईपास पर दोपहर 12:30 बजे भूड़ा अंडरपास पास दिल्ली की ओर से तेज गति से आ रहा ट्रक डिवाइडर तोड़कर गलत दिशा में आकर कार से टकरा गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने युवक को लोगों की मदद से कार की खिड़की तोड़कर बाहर निकाला और निजी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

# कोई भी पार्टी धन के बगैर नहीं चल सकती

## गुजरात के कार्यक्रम में नितिन गडकरी बोले-चुनावी बॉण्ड योजना के पीछे की मंशा अच्छी थी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बिना धन के राजनीतिक दल को चलाना संभव नहीं है और केंद्र ने चुनावी बॉण्ड योजना ''अच्छे इरादे'' से शुरू की थी। क्योंकि इस योजना के पीछे सरकार की मंशा अच्छी थी। वहीं केंद्र सरकार द्वारा 2017 में लाई इस योजना को उच्चतम न्यायालय ने असंवैधानिक बताते हुए रद कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि यदि उच्चतम न्यायालय इस मामले पर और कोई निर्देश देता है तो सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठने और इस पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होंने गांधीनगर के समीप गिफ्ट सिटी में एक मीडिया संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में ये



टिप्पणियां कीं।

गडकरी ने चुनावी बॉण्ड के बारे में एक सवाल पर कहा-जब अरुण जेटली केंद्रीय वित्त मंत्री थे तो मैं चुनावी बॉण्ड से जुड़ी बातचीत का हिस्सा था। कोई भी पार्टी संसाधनों और धन के बगैर नहीं चल सकती। कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को चंदा देती है। भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए हमने राजनीतिक दलों के वित्त पोषण की इस व्यवस्था को चुना। कहा कि चुनावी बॉण्ड लाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य यह था कि राजनीतिक दलों को सीधे चंदा मिले लेकिन दानदाताओं के नामों का खुलासा न किया जाए क्योंकि ''अगर सत्तारूढ़ दल बदलता है तो समस्याएं पैदा होंगी। राजमार्ग मंत्री ने कहा कि जैसे कि किसी मीडिया हाउस को वित्त पोषण के लिए प्रायोजक की आवश्यकता होती है, उसी तरह राजनीतिक दलों को भी धन की जरूरत होती है।

### इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो चुनावी बॉण्ड मामले की जांच के लिए बनेगी एसआईटीः रमेश



कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि चुनावी बॉण्ड प्रीपेड रिश्वत और पोस्टपेड रिश्वत का मामला है और इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'चंदादाताओं का सम्मान, अन्नदाताओं का अपमान' मौजूदा सरकार की नीति है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। रमेश ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले महीने से ही भारतीय स्टेट बैंक इसका भरपूर प्रयास कर रहा था कि किसी तरह 'चुनावी बॉण्ड' से संबंधित आंकड़े जारी करने का समय 30 जून, 2024 तक टल जाए यानी आगामी लोकसभा चुनाव के कफी बाद तक। यह संभवत: मोदी सरकार के इशारे पर किया जा रहा था।

### भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सब-रजिस्ट्रार, कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने एक सब-रजिस्ट्रार और डेटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) को 19,200 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी सूत्रों ने शनिवार को बताया कि आरोपी अधिकारी महबुबाबाद के उप-रजिस्ट्रार कार्यालय पर उप-रजिस्ट्रार (ए0-1) तसलीरना मोहम्मद और उप-रजिस्ट्रार कार्यालय के डेटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) (एओ-2) एलेटी वेंकटेश हैं। आरोपी अधिकारियों ने दंथलापल्ली के शिकायतकर्ता गुडागनी हरीश से दंथलापल्ली में शिकायतकर्ता द्वारा खरीदी गई भूमि के पंजीकरण के काम को संसाधित करने के लिए आधिकारिक लाभ देने के लिए 19,200 रुपये की रिश्वत मांगी और स्वीकार की।




भोपाल में शनिवार को छात्राओं ने रंग और गुलाल के साथ होली का त्योहार मनाया। ● एजेंसी

## एक नजर

### आईडी विस्फोट से दो जवान घायल

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में आईडी विस्फोट की चपेट में आने से 'बस्तर फाइटर्स' के दो जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में बम की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि किरंदुल थाना से बोडेपल्ली, पुरंगेल, कुवेम और पीडिया गांव के लिए दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और केंद्रीय रिवर्ज पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। गस्त के दौरान बीती रात आईडी विस्फोट हुआ था।

### मिजोरम में दस किलो मादक पदार्थ जब्त

**आइजोल।** मिजोरम उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने शनिवार तड़के मिजोरम-म्यांमार सीमा बुलफेकजॉल और चम्फाई जिले के सेसिह गांवों के बीच एक स्थान से मेथामफेटामाइन की एक लाख गोलियां (10 .100 किलोग्राम) जब्त कीं। विभाग के प्रवक्ता पीटर जोहमिंगथांगा ने कहा कि बैराबी शहर के निवासी के लाला (44) और रोलुआपुइया (32) को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- पंजाब के संगरूर जिले के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

पंजाब के संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से छह और लोगों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को इस मामले पर पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से तत्काल रिपोर्ट मांगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पूरी घटना से आयोग को अवगत कराते हुए तत्काल प्रारंभिक रिपोर्ट और शनिवार को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने के लिए पत्र लिखा था। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। वहीं 11 लोगों का पटियाला के राजिंदरा अस्पताल और छह लोगों का संगरूर के सिविल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। संगरूर के सिविल सर्जन कृपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि इस घटना में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि दिड़बा और सुनाम ब्लॉक के गुजरां, टिब्बी रविदासपुरा और ढंडोली खुर्द गांवों से लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और आबकारी अधिनियम के तहत मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूरे मामले में साठगांठ का पता लगाने के सिलसिले में पेशेवर और वैज्ञानिक तरीके से जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) गुरिंदर सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी जांच की निगरानी करेगी। उप महानिरीक्षक (पटियाला रेंज) हरचरण भुल्लर, संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरताज चहल और अतिरिक्त आयुक्त (आबकारी) नरेश दुबे एसआईटी का हिस्सा होंगे। पुलिस ने कहा है कि एसआईटी साजिश की तह तक जाएगी। इसमें शामिल पाए गए किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री चौहान और सात अन्य को पेशी से मिली छूट

**जबलपुर, एजेंसी**

**मानहानि मामला**

यहां की एक विशेष अदालत ने भाजपा) की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह को आपराधिक मानहानि मामले में सात जून तक व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी।

अदालत का यह निर्देश कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में भाजपा नेताओं की याचिका पर सुनवाई करने के दौरान आया है।

उत्तरदाताओं के वकील शिव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सांसदों और विधायकों से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) विश्वेश्वरी मिश्रा ने शुक्रवार को छूट दी है। श्रीवास्तव ने कहा, ''मानहानि के मामलों में, उत्तरदाताओं को व्यक्तिगत रूप से अदालत की सुनवाई में शामिल होना पड़ता है।

## राजस्थान में आचार संहिता लगने के बाद 129 करोड़ से अधिक मूल्य की वस्तुएं जब्त

**जयपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राजस्थान में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं और नकदी के रूप में लगभग 129 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में अलग-अलग प्रवर्तन एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक राज्य में नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और नकदी के रूप में लगभग 227 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की हैं।

### गुजरात से दो भाजपा उम्मीदवारों ने उम्मीदवारी वापस ली

**अहमदाबाद।** गुजरात की वडोदरा और साबरकांठा सीट से भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के दो उम्मीदवारों ने शनिवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा व्यक्ति की। वडोदरा सीट से इस बार भी टिकट पाने वाली मौजूदा सांसद रंजन भट्ट ने घोषणा की कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं। जानकारी के मुताबिक भाजपा के कुछ वर्गों में उनकी उम्मीदवारी को लेकर विरोध हुआ है।

इसके तुरंत बाद, साबरकांठा से पार्टी के उम्मीदवार भीकाजी ठाकोर ने भी चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई। भट्ट ने 'एक्स' पर लिखा, "मैं रंजनबेन धनंजय भट्ट निजी कारणों से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की इच्छुक नहीं हूं।

## दूसरे दिन साइंटिफिक तरीके से जांच जारी

**धार, एजेंसी**

**धार भोजशाला का सर्वे**

- घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया

मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जा रहा सर्वेक्षण शनिवार को दूसरे दिन भी साइंटिफिक तरीके से जारी रहा। शनिवार सुबह करीब आठ बजे एएसआई की एक टीम विवादित परिसर में पहुंची। एएसआई टीम के साथ पुलिस और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सबसे पहले यह कवायद शुक्रवार को शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हिंदू पक्ष के वकील आशीष गोयल और गोपाल शर्मा भी भोजशाला परिसर पहुंचे। अदालत में पक्षकारों में से एक, कमाल मौला मस्जिद कल्याण सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने इस प्रक्रिया में भाग नहीं लिया क्योंकि वह स्वस्थ नहीं थे और उन्हें देर से जानकारी मिली। उन्होंने कहा, ''हम उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं... अगर संविधान के दायरे में और उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सर्वेक्षण कराया जाए तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसमें नए मुद्दे पैदा हो रहे हैं जैसे 2004 में खंभे रखे गए है।



धार जिले के विवादित परिसर की जांच करती एएसआई की टीम। ● एजेंसी

समद ने कहा-(मुस्लिम) समुदाय ने भी इस पर (खंभों पर) आपत्ति जताई और ज्ञापन भी दिया। विरोध के बावजूद खंभे अंदर ही रहे और उन्हें हटाया नहीं गया। वे उसे सर्वेक्षण में शामिल करना चाहते हैं। बाद में एक मूर्ति स्थापित की गई। इसलिए, हम नये सर्वेक्षण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत ने यह आदेश तब पारित किया है, जब मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा दायर भोजशाला से जुड़े विभिन्न मामले अभी भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी ने तत्काल सुनवाई के लिए 16 मार्च को कोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि वह एक अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी।

# कारोबार/कृषि

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1910, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7150–7700, मलका छॉंटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10500, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800–14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी**– डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

### वाणिज्य मंत्रालय ने कहा-सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से कर रहीं निरीक्षण

## समुद्री भोजन के लिए है एक मजबूत सुरक्षा ढांचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पास अपने 548 किस्म के समुद्री भोजन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा है और यहां मछली प्रसंस्करण क्षेत्र में विश्वस्तरीय इकाइयां स्थापित की गई हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से इनका निरीक्षण करती हैं। यह बयान भारतीय झींगा उद्योग में खाद्य सुरक्षा और खराब श्रम स्थितियों का आरोप लगाने वाली कुछ रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आया है।

मंत्रालय ने कहा कि देश की सभी इकाइयां एमपीईडीए (समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) और एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण)



के साथ पंजीकृत हैं। वे निर्यात निरीक्षण परिषद (ईआईसी) द्वारा अनुमोदित हैं। इसके अतिरिक्त, 46 स्वतंत्र प्रसंस्करण पूर्व इकाइयां प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत हैं। बयान में कहा गया कि झींगा हैचरी और जलीय कृषि फार्म उनके संबंधित स्थानों के आधार पर तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए) और राज्य मत्स्य पालन विभागों के साथ पंजीकृत हैं। एमपीईडीए अमेरिका के समुद्री भोजन आयात निगरानी कार्यक्रम (एसआईएमपी) सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियामक प्रावधानों का पालन करने के लिए एक्वाफार्मों का नामांकन भी करता है। बयान के मुताबिक राज्यों के श्रम विभाग नियमित रूप से जलीय कृषि और मछली प्रसंस्करण में शामिल संगठित और असंगठित क्षेत्रों की गतिविधियों की निगरानी करते हैं।

### भारत सरकार ने यूएई की एडनॉक को भारतीय रणनीतिक भंडार से तेल निर्यात की अनुमति दी




सरकार ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) को मंगलौर में भूमिगत रणनीतिक भंडार में संग्रहीत कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक आदेश में शनिवार को कहा कि यूएई की फर्म को परिचालन संबंधी लचीलापन देने के लिए यह फैसला किया गया। इस समय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अलावा किसी को कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति नहीं है। मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि केवल आईओसी के माध्यम से निर्यात की अनुमति की शर्त जारी रहेगी, लेकिन ''एएमआई (एडनॉक मार्केटिंग इंटरनेशनल (इंडिया) आरएससी लिमिटेड इंडिया) को एसटीई शर्तों से छूट दी गई है'' और उन्हें मंगलौर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार से कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है।

### भिवाड़ी को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का आग्रह

**नई दिल्ली।** रीयल एस्टेट कंपनियों के निकाय क्रेडाई ने राजस्थान सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का अनुरोध किया है। क्रेडाई ने कहा कि इससे शहर में आर्थिक गतिविधियों और रियल एस्टेट की मांग को बढ़ावा मिलेगा।

क्रेडाई के स्थानीय संगठन 'क्रेडाई एनसीआर भिवाड़ी नीमराणा' ने इस संबंध में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। संगठन के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने राज्य सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने पर विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए कुछ संभावित समाधान भी सुझाए, जिसमें भिवाड़ी को सीधे एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए अलग से सड़क बनाना भी शामिल है।

## विश्व सहकारिता आर्थिक मंच 500 विवि में बनाएगा सहकारी समितियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी बोले
- देशभर में सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है

विश्व सहकारिता आर्थिक मंच देश भर के विश्वविद्यालयों में 500 सहकारी समितियां स्थापित करेगा। विश्व सहकारिता आर्थिक मंच (डब्ल्यूसीओपीईएफ), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) और ग्रामीण भारत के गैर सरकारी संगठनों के परिसंघ (सीएनआरआई) के साथ मिलकर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 'कैंपस कोऑपरेटिव' की स्थापना करेगा। एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

मंच ने कहा कि नई पहल के तहत वह दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक 'कैंपस कोऑपरेटिव' स्थापित करने की योजना बना रहा है। डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी ने कहा कि देशभर में



सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है, और युवाओं की भागीदारी इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। संघानी इफको के चेयरमैन और एनसीयूआई के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं को आकर्षित करने और इसे अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कैंपस कोऑपरेटिव सही कदम साबित हो सकता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200–51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 66,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,200 |
| चांदी पक्की | 743 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 74,800। |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

## देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कोलियर्स ने जनवरी-मार्च के जताई है संभावना
- चेन्नई में गिरावट आने की संभावना जताई

रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के अनुसार देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग मजबूत बनी हुई है। इन शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में कार्यालय स्थलों की मांग सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

कोलियर्स इंडिया ने चालू तिमाही के खत्म होने के नौ दिन पहले जनवरी-मार्च के लिए कार्यस्थल बाजार पर आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, 2024 की पहली तिमाही के दौरान छह प्रमुख शहरों - बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और पुणे में कुल कार्यालय पट्टे 1.36 करोड़ वर्ग फीट तक बढ़ने का अनुमान है। एक साल पहले इसी अवधि में पट्टे 1.01 करोड़ वर्ग फुट के थे।

रिपोर्ट के मुताबिक हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जबकि चेन्नई में गिरावट आ सकती है।

## अमेजन ने शुल्क संरचनाओं को किया संशोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए संशोधन

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने शनिवार को कहा कि वह मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ ही उद्योग में प्रचलित शुल्क संरचनाओं के अनुरूप अपने विक्रेता शुल्क को संशोधित कर रही है। कंपनी सात अप्रैल से अपने मार्केटप्लेस 'अमेजन डॉट इन' पर विक्रेताओं के लिए अपनी शुल्क संरचना को संशोधित कर रही है। इसमें रेफरल शुल्क, समापन शुल्क और वजन प्रबंधन शुल्क के अलावा अन्य सहायक शुल्क शामिल हैं।

कंपनी ने कहा-ये संशोधन




मुद्रास्फीति, ब्याज दरों, परिचालन लागत जैसे विभिन्न व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। ये उद्योग में प्रचलित शुल्क रुझानों के अनुरूप हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि परिधान, चादर, कुशन कवर और बर्तन जैसी श्रेणियों में रेफरल शुल्क कम किया जाएगा, जबकि वैज्ञानिक आपूर्ति, चिमनी, लैपटॉप बैग तथा टायर जैसी श्रेणियों में इसे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा 1,000 रुपये से अधिक की औसत बिक्री मूल्य के लिए समापन शुल्क में तीन रुपये की बढ़ोतरी की गई है। परिवहन लागत में मुद्रास्फीति के अनुरूप वजन प्रबंधन शुल्क में दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा-हम मानते हैं कि विक्रेता शुल्क और प्रोत्साहन से एक मजबूत बाजार को बनाए रखने में मदद मिलेगी, जो देश में छोटे और मझोले व्यवसायों को डिजिटल बनाने और उन्हें मजबूत ब्रांडों में विकसित होने में मदद करेगा।

# करेन का अर्धशतक, वापसी पर पंत को नहीं मिली जीत

## पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर अभियान की शुरुआत की

**मोहाली, एजेंसी**

सैम करेन के अर्धशतक और इंग्लैंड के अपने साथी ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन के साथ उनकी 67 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और ऋषभ पंत को 14 महीने बाद मैदान पर वापसी का जश्न जीत से नहीं मनाने दिया।

दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक पोरेल की 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की पारी की मदद से नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। करेन ने 47 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि लिविंगस्टोन ने 21 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इसमें सुमित कुमार पर अंतिम ओवर में जमाया गया विजयी छक्का भी शामिल है जिससे पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बना कर जीत दर्ज की। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पंत ने 13 गेंद पर 18 रन बनाए जिसमें दो आकर्षक चौके शामिल हैं। दिल्ली के कप्तान पंत भी हालांकि अपने अन्य बल्लेबाजों डेविड वार्नर (21 गेंद पर 29 रन), मिशेल मार्श (12 गेंद पर 20), शाई होप (25 गेंद पर 33) और अक्षर पटेल (13 गेंद पर 21) की तरह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। ऐसे में पोरेल को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया और वह टीम प्रबंधन के फैसले पर खरा उतरे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हर्षल पटेल (47 रन देकर दो विकेट) के पारी के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोर कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया। पंजाब की तरफ से अर्शदीप सिंह (28 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनके अलावा कागिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिया। शिखर धवन (16 गेंद पर 22 रन) और जॉनी बेयरस्टो (09) ने खलील अहमद के पहले ओवर में दो-दो चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। धवन अधिक आक्रामकता दिखा रहे थे और इसी प्रयास में इशांत शर्मा की गेंद अपने विकेटों पर खेल गए। इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे प्रभसिमरन सिंह (17 गेंद पर 26 रन) में इशांत और खलील पर दो-दो चौके लगाए लेकिन कुलदीप यादव (21 देकर दो विकेट) ने उन्हें जल्द ही पवेलियन भेज दिया। इस स्पिनर ने इसके बाद जितेश शर्मा (09) को पंत के हाथों स्टंप आउट कराकर पंजाब का स्कोर 4 विकेट पर 100 रन कर दिया। कुलदीप को करेन का विकेट भी मिल जाता अगर ट्रिस्टन स्टब्स ने लॉन्ग ऑन पर उनका कैच नहीं छोड़ा होता।



सैम करेन
लियाम लिविंगस्टोन

**दिल्ली 174/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर का शर्मा बो पटेल | 29 | 21 | 3/2 |
| मिचेल मार्श का चाहर बो अर्शदीप सिंह | 20 | 12 | 2/2 |
| शाई होप का हरप्रीत बो रबाडा | 33 | 25 | 2/2 |
| ऋषभ पंत का बेयरस्टो बो पटेल | 18 | 13 | 2/0 |
| रिकी भुई का शर्मा बो हरप्रीत बरार | 03 | 07 | 0/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शशांक सिंह बो चाहर | 05 | 08 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 21 | 13 | 2/1 |
| सुमित कुमार का शर्मा बो अर्शदीप सिंह | 02 | 09 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 32 | 10 | 4/2 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सैम करन 1-0-10-0, अर्शदीप सिंह 4-0-28-2, कागिसो रबाडा 4-0-36-1, हरप्रीत बरार 3-0-14-1, राहुल चाहर 4-0-33-1, हर्षल पटेल 4-0-47-2

**पंजाब 177/6** — 19 .2 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धन का बोल्ड ईशांत | 22 | 16 | 4/0 |
| जॉनी बेयरस्टो रन आउट ईशांत | 09 | 03 | 2/0 |
| प्रभसिमरन का वार्नर बोल्ड कुलदीप | 26 | 17 | 5/0 |
| सैम करेन बो अहमद | 63 | 47 | 6/1 |
| जितेश स्टंप पंत बोल्ड कुलदीप | 09 | 09 | 1/0 |
| लियाम लिविंगस्टोन नाबाद | 38 | 21 | 2/3 |
| शशांक सिंह का पंत बो अहमद | 00 | 01 | 0/0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील अहमद 4-0-43-2, इशांत शर्मा 2-0-16-1, मिचेल मार्श 4-0-52-0, अक्षर पटेल 4-0-25-0, कुलदीप यादव 4-0-20-2, सुमित कुमार 1.2-0-19-0

# रसेल की पारी से केकेआर 200 पार



आंद्रे रसेल

**कोलकाता, एजेंसी**

- **रिंकू सिंह ने आंद्र रसेल के साथ मिलकर तेज गति से रन बटोरते हुए 81 रनों की साझेदारी की**
- **सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से टी नटराजन ने 32 रन देकर तीन विकेट झटके**

आंद्रे रसेल (64) और रमनदीप सिंह (35) के अलावा फिल साल्ट (54) की तेज तर्रार पारियों की मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ सात विकेट पर 208 रन बना लिये।

ईडन गार्डन मैदान पर केकेआर के चार शीर्ष बल्लेबाज 51 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे मगर एक छोर पर डटे साल्ट ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये न सिर्फ अपना अर्धशतक पूरा किया बल्कि रमनदीप के साथ मिल कर टीम को मुश्किलों के भंवर से निकाल लिया। रमनदीप की पारी का अंत पैट कमिंस ने किया जबकि अगले ही ओवर में साल्ट भी मारकंडे की गेंद पर जानसन के हाथों लपके गये। बाद में क्रीज पर आये यूपी के धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह (23) ने आंद्र रसेल (64 नाबाद) के साथ मिल कर तेज गति से रन बटोरने शुरु किये और दोनो बल्लेबाजों ने 32 गेंदों की पार्टनरशिप में महत्वपूर्ण 81 रन जोड दिये। रिंकू पारी के आखिरी ओवर में नटराजन का शिकार बने वहीं रसेल ने अपने दमदार छक्कों से स्टेडियम को हिलाते हुये टीम के स्कोर को 208 रन पर पहुंचा दिया। टी नटराजन तीन विकेट लेकर हैदराबाद के सबसे सफल गेंदबाज कहलाये जबकि मयंक मारकंडे ने दो और शाहबाज अहमद ने एक विकेट झटका।



फिल सॉल्ट

**कोलकाता नाइट राइडर्स :**

| | |
|---|---|
| सॉल्ट का यानसेन बो मार्कंडेय | 54 |
| सुनील नरेन रन आउट | 02 |
| वेंकटेश का यानसेन बो नटराजन | 07 |
| श्रेयस का कमिंस बो नटराजन | 00 |
| नीतिश का त्रिपाठी बो मार्कंडेय | 09 |
| रमनदीप का मार्कंडेय बो कमिंस | 35 |
| रिंकू का मार्कराम बो नटराजन | 23 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 64 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 06 |

**अतिरिक्त :** 08

**कुल :** 20 ओवर में सात विकेट पर 208 रन

**विकेट पतन :** 1-23, 2-32, 3-32, 4-51, 5-105, 6-119, 7-200

**गेंदबाजी :**

| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर कुमार | 4-0-51-0 |
| मार्को यानसेन | 3-0-40-0 |
| टी नटराजन | 4-0-32-3 |
| पैट कमिंस | 4-0-32-1 |
| मयंक मार्कंडेय | 4-0-39-2 |
| शाहबाज अहमद | 1-0-14-0 |

## खेल डायरी

### पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का निधन

**लाहौर।** भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे।

### श्रीकांत स्विस ओपन सेमीफाइनल में

**बेसल।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 21-10, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और शुरुआत में ही 7-1 की मजबूत बढ़त बना ली और पहला गेम जीतने से पहले दोनों गेम में अपनी लय बरकरार रखी। श्रीकांत के ड्रॉप और स्मैश के मिश्रण का चीनी ताइपे के खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था।

### सकामोटो ने जीता फिगर स्केटिंग विश्व खिताब

**टोक्यो।** जापान की काओरी सकामोटो वर्ष 1968 के बाद से फिगर स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला बन गईं हैं। 2022 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने शुक्रवार को यहां कई ट्रिपल जंप के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने फ्री स्केट में 222 .96 के कुल स्कोर के साथ 149 .67 अंक हासिल किए, जो 17 वर्षीय अमेरिकी इसाबेउ लेविटो से 10 अंक अधिक थे। दक्षिण कोरिया की किम चाए-योन ने 203 .59 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। सकामोटो ने सीज़न में अपना दबदबा बनाया है।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच में राहुल पर रहेगी नजर

**जयपुर, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी। राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।

लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी। आईपीएल के शुरुआती चरण में राहुल विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन विकेटकीपिंग की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से उनकी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए विकेटकीपर के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और वह भी शुरू से अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सत्र में भी उसने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में पांचवें स्थान पर रही थी। रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान सैमसन के अलावा बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर शामिल हैं। टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में अच्छा फिनिशर है जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। सैमसन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल को टीम में रखकर मध्यक्रम मजबूत करने की कोशिश कर सकते हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान राहुल के अलावा क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरण पर टिका रहेगा।



## करूणारत्ने का अर्धशतक, श्रीलंका की 211 रन की बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश)।** सलामी बल्लेबाज दिमुथ करूणारत्ने (52 रन) के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट मैच में शिकंजा कस दिया। श्रीलंका ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 119 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 211 रन तक पहुंचा दी। पहली पारी में 280 रन पर सिमटने वाली श्रीलंकाई टीम ने तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो (48 रन देकर चार विकेट) की बदौलत बांग्लादेश को 188 रन पर समेटकर 92 रन की बढ़त बनायी थी। लेकिन बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने दो झटके देकर दूसरी पारी में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 32 रन कर दिया। इसके बाद करूणारत्ने ने टिककर खेलते हुए श्रीलंका की बढ़त 200 रन से पार करायी।

# रोहित शर्मा की विरासत बढ़ाएंगे हार्दिक पंड्या

**अहमदाबाद, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा। हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था। यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है।

हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी। टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है।। मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है। उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। मुंबई के एक अन्य खिलाड़ी ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी।






# फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप से मिलने के लिए अब देने होंगे रुपये



**मुंबई, एजेंसी।** गैंग ऑफ वासेपुर जैसी बेहतरीन मूवी देने वाले फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने उनके फैंस और फॉलोवर्स को थोड़ा हैरान कर दिया है। निर्देशक ने घोषणा की है कि अब से, वह हर उस व्यक्ति से फीस लेंगे जो उनका दिमाग खाएगा। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुराग ने लिखा कि उन्होंने "नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया है।"अनुराग ने इंस्टाग्राम पर फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए उनसे मिलने वाले लोगों से फीस लेने को लेकर एक नोट साझा किया है। उनके नोट में लिखा है : "मैंने नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया और ज्यादातर औसत दर्जे की बकवास के साथ समाप्त हुआ। तो अब से मैं उन नए लोगों से मिलकर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहता, जो सोचते हैं कि वे क्रिएटिव हैं। तो अब मेरे पास मिलने की दरें होंगी। अगर कोई मुझसे 15 मिनट के लिए मिलना चाहता है तो मैं एक लाख रुपये, आधे घंटे के लिए 2 लाख रुपये और 1 घंटे के लिए 5 लाख रुपये चार्ज करूंगा। यही दर है। मैं लोगों से मिलकर समय बर्बाद करने से थक गया हूं। यदि आप वास्तव में सोचते हैं कि आप इस खर्च को उठा सकते हैं, तो मुझे कॉल करें या बकवास से दूर रहें।" अनुराग ने इस बात पर जोर दिया कि वह इस बारे में गंभीर हैं, जैसा कि उन्होंने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, "और मेरा मतलब यह है। मुझे टेक्स्ट या डीएम या कॉल न करें। भुगतान करें और आपको समय मिलेगा। मैं कोई चैरिटी नहीं हूं और मैं शॉर्टकट ढूंढने वाले लोगों से थक गया हूं।"



# अंकिता लोखंडे के बर्ताव को लेकर भड़क गए यूजर्स

**मुंबई, एजेंसी।** अंकिता लोखंडे अपने एटीट्यूड के कारण ट्रोलिंग का शिकार हो गई हैं। दरअसल 22 मार्च को उनकी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' रिलीज हुई। वह अपने पति विक्की जैन, दोस्तों और परिवार के साथ इसकी स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। वहां पैपराजी ने तस्वीरें कैप्चर करने की कोशिश की और वह भड़क गईं। इसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिसमें लोगों को अंकिता का बर्ताव पसंद नहीं आ रहा है। वीडियो में अंकिता के साथ बिग बॉस फेम खानजादी और अभिषेक कुमार थिएटर के दरवाजे से अंदर जाते दिख रहे हैं। पैपराजी उन्हें कैप्चर कर रहे हैं और अंकिता इसपर भड़कती दिख रही हैं। अंकिता कह रही हैं, "सुनिए फिल्म चल रही है बाहर चलिए। प्लीज, ये सही नहीं है यार। सच में बहुत गलत बात है। फिल्म चल रही है अंदर यार। थोड़ा सा रख लो यार क्या बात है ये।" ये कहते हुए अंकिता अंदर चली जाती हैं। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो को देख भड़क गए हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, "लगता है ज्यादा ओवरएक्टिंग हो गई।" अन्य यूजर ने लिखा,"ज्यादा ही एटीट्यूड आ गया।" एक यूजर ने लिखा,"अंकिता लोखंडे में बिग बॉस के बाद घमंड आ गया है।"

# कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड

**मुंबई, एजेंसी।** अपने दमदार अभिनय और बेबाकी के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट 37 साल की हो गई हैं। कंगना अपनी फिल्मों के लिए कम, विवादों के चलते ज्यादा सुर्खियों में रहती हैं। उन्होंने कहा था कि जब वो बॉलीवुड में नई थीं तो उन्हें जानवरों की तरह ट्रीट किया जाता था। अब कंगना को बॉलीवुड की कॉन्ट्रोवर्शियल क्वीन कहा जाता है और इस छवि से उनके करियर को कहीं न कहीं नुकसान भी हुआ है। फिल्ममेकर्स उन्हें अपनी फिल्मों में लेने से कतराने लगे हैं। कंगना ने बीते दस सालों में केवल एक सुपरहिट, एक हिट और एक एवरेज फिल्म दी है। पिछले साल वो फिल्म 'तेजस' में नजर आई थीं, जो कि फ्लॉप रही। इससे पहले रिलीज हुई 'धाकड़' ने तो सिर्फ तीन करोड़ ही कमाए थे। वैसे, फ्लॉप फिल्मों के बावजूद कंगना अब भी बॉलीवुड की सबसे मंहगी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनकी एक फिल्म की फीस 15-17 करोड़ रुपए तक है। पिछले कुछ सालों में कंगना के करियर में डाउनफॉल देखने को मिला है। 10 सालों में उनकी सिर्फ एक फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' ही सुपरहिट हुई है। इससे पहले 2014 में आई क्वीन हिट साबित हुई थी। 2019 में आई उनकी फिल्म 'मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी' एवरेज साबित हुई थी। मणिकर्णिका के बाद पिछले पांच साल में कंगना की पांच फिल्में रिलीज हुई हैं और सभी फ्लॉप रही हैं। कंगना की अपकमिंग फिल्मों की बात की जाए तो इसमें फिल्म 'इमरजेंसी' का नाम सबसे ऊपर है। फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन ये टल गई। अब इसे 14 जून, 2024 को रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा कंगना के पास एक अनटाइटल्ड फिल्म है जिसमें वो आर . माधवन के साथ नजर आएंगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### बीएसएफ ने सरहद पर ड्रोन और दो किग्रा हेरोइन की बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने सरहद पर नशीले पदार्थों की तस्करी को विफल कर दिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन और हेरोइन की मौजूदगी के संबंध में खुफिया सूचना मिली थी। जिसपर संयुक्त टीम कार्रवाई की है। बीएसएफ और एसएसओसी फाजिल्का के सैनिकों ने एक तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों ने फाजिल्का जिले के नानक नगरी गांव के आसपास से संदिग्ध हेरोइन के दो किलोग्राम और एक ड्रोन को बरामद किया। संयुक्त टीम ने बरामद ड्रोन के बारे में को अधिक जानकारी नहीं दी है, किस देश में बना है।

### अमेरिका से लौटे युवक के पास से 50 लाख मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को अमेरिका से दिल्ली होते हुए वडोदरा हवाई अड्डे पर उतरे युवक के पास से 50 लाख रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात के वडोदरा में उस व्यक्ति के आवास पर भी तलाशी ली। हालांकि, व्यक्ति की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उस व्यक्ति ने शुक्रवार को अमेरिका से दिल्ली पहुंचने के बाद वहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों को विदेशी मुद्रा के बारे में जानकारी नहीं दी थी। जब वह व्यक्ति दिल्ली से अन्य उड़ान के जरिए वडोदरा पहुंचा तो उसे रोक लिया गया और उसके बैग से 60 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग 50 लाख रुपये) बरामद किए गए।

### एसडीजी ने एलओसी पर सुरक्षा स्थिति का लिया जायजा

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की पश्चिमी कमान के विशेष महानिदेशक (एसडीजी) योगेश बहादुर खुरानिया ने कश्मीर घाटी की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान नियंत्रण रेखा (एलओसी) की सुरक्षा स्थिति और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिमी कमान चंडीगढ़ के एसडीजी ने 18 से 22 मार्च तक कश्मीर घाटी के अग्रिम इलाकों का पांच दिवसीय दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बीएसएफ की परिचालन तैयारियों का आकलन करना था।

### चुनौतियों से निपटने को मिलकर काम करें राजनीतिक दल : जरदारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को सभी राजनीतिक दलों से आर्थिक संकट से जूझ रहे देश के समक्ष मौजूद समस्याओं से निपटने के लिए मतभेदों को दरकिनार करने का आग्रह किया। जरदारी परेड ग्राउंड क्षेत्र में आयोजित 84वें पाकिस्तान दिवस समारोह और सेना परेड को संबोधित कर रहे थे। 23 मार्च का दिन 1940 में ऐतिहासिक लाहौर संकल्प को अपनाने का प्रतीक है, जिसने दक्षिण एशिया के मुसलमानों के लिए एक अलग देश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक रूपरेखा प्रदान की थी।

# दूसरों को ठीक करने से पहले खुद को ठीक करना होगा : सीजेआई

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले- तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण, चंद्रचूड़ ने याद किया पुराना किस्सा


कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित 'भविष्यवादी न्यायपालिका के लिए समानता और उत्कृष्टता' शीर्षक से न्यायिक अधिकारियों के 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने असुविधा के कारण सुनवाई के दौरान अपने बैठने की स्थिति को बदलने के बाद ट्रोलिंग का सामना करने की एक हालिया घटना को याद किया।

कार्य-जीवन संतुलन और तनाव प्रबंधन पर बोलते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण है, खासकर जिला न्यायाधीशों के लिए। न्यायिक अधिकारियों के रूप में वे नियमित रूप से कमजोर वादियों से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कहा, अदालतों में आने वाले बहुत से लोग अपने साथ हुए अन्याय को लेकर तनाव में रहते हैं। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि कभी-कभी न्यायाधीश के रूप में हमारे साथ व्यवहार में वे सीमा लांघ जाते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में मैंने बहुत से वकीलों और वादियों को देखा है, जब वे अदालत में हमसे बात करते समय सीमा लांघते हैं। कार्यक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने न्यायिक अधिकारियों को सलाह दी। उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी बहुत बड़ी है, जिसके लिए शांत और दयालु दृष्टिकोण की आवश्यकता है। कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखना इन कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए अभिन्न अंग है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि तनाव को प्रबंधित करने और कार्य-जीवन में संतुलन हासिल करने की क्षमता अलग नहीं है, बल्कि न्याय देने के साथ जुड़ी हुई है। दूसरों को ठीक करने से पहले, आपको सीखना चाहिए कि खुद को कैसे ठीक किया जाए। वही न्यायाधीशों के बारे में भी यह सच है।

# एआई के खतरे से निपटेंगे हाई टेक टूल, शक्ति प्लेटफॉर्म लॉन्च

*चुनाव के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से बनने वाले फेक ऑडियो, वीडियो और फोटो से निपटने के लिए टेक कंपनियों ने रणनीति बनाई है। गूगल और मेटा ने केंद्र सरकार को बताया है कि उन्होंने चुनावों को प्रभावित करने के लिए एआई तकनीक युक्त संभावित खतरों से निपटने के लिए अपनी कमर कस ली है और इसके लिए एडवांस्ड टूल भी बना लिए हैं।*

- कुछ हफ्ते पहले केंद्र सरकार ने गूगल व मेटा को निर्देश दिए थे कि चुनाव के दौरान एआई तकनीक से तैयार ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर न आने दें। ताकि इनका गलत इस्तेमाल न हो सके। गूगल ने इसके लिए 'शक्ति' प्लेटफॉर्म बनाया है, वहीं मेटा ने फैक्ट चेकिंग पार्टनर्स के साथ करार किया है।



### मेटा का फैक्ट चेकर्स से करार



मेटा ने 15 भारतीय भाषाओं में 11 स्वतंत्र फैक्ट चेकिंग पार्टनर से करार किया है। कंपनी उन्हें मेटा कंटेंट लायब्रेरी का एक्सेस देगी। जिससे एआई जेनरेटेड कंटेंट से निपटा जा सके। फैक्ट चेकिंग पार्टनर चुनाव के दौरान एआई से जनरेट हुए ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो व अन्य कंटेंट को चेक करेंगे और फिर उनका रिव्यू कर उन्हें रेटिंग देंगे। एआई से बने फोटो व वीडियो पर मेटा एक खास तरह का मार्कर लगाएगी, जिससे पता चल जाएगा कि वह असली है या नकली ? मेटा चुनाव के लिए कुछ स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाएगी, जो रियल टाइम काम करेंगे। व्हाट्सएप पर एआई से जुड़ी हेल्पलाइन भी शुरू की गई है।

### एआई से बने वीडियो फोटो पर मार्क, कंटेंट की असलियत भी जांच सकेगा गूगल

इंडिया ने एआई तकनीक से तैयार होने वाले फर्जी कंटेंट को रोकने के लिए शक्ति प्लेटफार्म लांच किया है। इसकी मदद से किसी भी कंटेंट का फैक्ट चैक कर उसकी वास्तविकता का पता लगा सकते हैं। इतना ही नहीं कंपनी की एक टीम फर्जी व आपत्तिजनक कंटेंट को हटाने का काम भी करेगी। गूगल अपने प्लेफार्म पर चुनाव से जुड़े सभी विज्ञापनों को सार्वजनिक करेगा, चाहे वह किसी भी फार्म में दिए गए हों। हर विज्ञापन पर उसकी हकीकत बताने वाला टैग होगा, जिससे कि पता चल सके कि वह विज्ञापन है।

# पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा उजागर, पाकिस्तानी नीतियां बेअसर

## पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की हालत पर यूएनएचआरसी में उठे सवाल

जिनेवा, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों की जमकर आलोचनाएं की गई। शुक्रवार को एनईपी-जेकेजीबीएल (राष्ट्रीय समानता पार्टी जम्मू कश्मीर, गिलगित बाल्टिस्तान और लद्दाख) द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया था।

यूएनएचआरसी में ग्रीक के पूर्व सांसद बोगडानोस ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिमी देशो के नागरिकों को भी इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए, भले ही ये क्षेत्र हमारे सीमाओं से दूर क्यों न हो। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने पाकिस्तान सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए अपनाई गई नीतियों और क्षेत्र के सैन्यीकरण, समृद्ध क्षेत्रों को शत्रुतापूर्ण स्थानों में बदलने की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि हमारा देश इस तरह के उत्पीड़न के हमेशा खिलाफ रहा है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा पर चर्चा के दौरान इस क्षेत्र के मूल निवासी त्सेंज त्सेरिंग ने कहा कि यह क्षेत्र समृद्ध होने के बावजूद यहां की आबादी गरीबी में जी रही है, जिनके पास किसी भी तरह की चिकित्सा बुनियादी ढांचे, खाद्य सुरक्षा तक नहीं है। पाकिस्तान की ओर से किसी भी ठोस कदम न उठाए जाने की उन्होंने आलोचना की है। लोकतांत्रिक मंच के एक सदस्य ने निंदा की कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक नरसंहार का शिकार हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस स्थिति को नजरअंदाज करता है। यही कारण है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ती रही है।

### अनुच्छेद 370 हटाना ऐतिहासिक कदम, यूएन में बोले अजातशत्रु



**जिनेवा (स्विट्जरलैंड)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एमके अजातशत्रु सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के भारत सरकार के साहसिक फैसले की सराहना की है। महाराजा हरि सिंह के पोते अजातशत्रु ने 1947 में भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए थे। यूएन में अपने संबोधन में अजातशत्रु ने पाकिस्तान के कब्जे में रहने वाले लोगों की दुर्दशा के लिए अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और उन्हें सुधारने के लिए संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप की मांग की है। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 2019 में संवैधानिक सुधारों के बाद से क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2004 से 2014 तक जम्मू और कश्मीर में कुल 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुए। हालांकि, सुधारों के कारण आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। यह सुधार क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में सरकार के कार्यों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। भाजपा नेता ने अपने संबोधन में कहा, सामाजिक-आर्थिक मोर्चे पर जम्मू-कश्मीर में गरीबी का 2005-2006 में 40 .45 प्रतिशत से घटकर 2022-2023 में मात्र 2 .81 प्रतिशत होना विकास निधि के इष्टतम उपयोग का एक प्रमाण है। हालिया अंतरिम 2024 के बजट में जम्मू-कश्मीर के लिए 14 अरब अमेरिकी डॉलर का पर्याप्त आवंटन किया गया, जो क्षेत्र की समृद्धि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सरहद पर जवानों के साथ होली खेलेंगे राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** सियाचिन में इसबार होली का त्योहार बहुत खास होने वाला है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सियाचिन जाएंगे और वहां तैनात सुरक्षा बलों के जवान से मुलाकात करेंगे। राजनाथ उनके साथ रंगो का त्योहार होली भी मनाएंगे। इससे पहले 2019 में रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह ने सियाचिन का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कई अधिकारियों के साथ ही फील्ड कमांडरों और जवानों से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ तत्कालीन सेना प्रमुख बिपिन रावत भी मौजूद थे।

### जर्मनी के राजदूत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की टिप्पणी, विदेश मंत्रालय ने किया तलब

**नई दिल्ली।** जर्मनी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बयान दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा इस मामले में जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। भारत ने इसे देश की आंतरिक घटना बताया और जर्मन पक्ष की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध दर्ज किया। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आज जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। उन्हें जर्मनी के विदेश कार्यालय प्रवक्ता की टिप्पणियों पर भारत के कड़े विरोध से अवगत कराया गया। आगे कहा गया है कि जर्मनी द्वारा की गई टिप्पणी को हम भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत एक मजबूत कानून व्यवस्था वाला देश है और इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। जर्मनी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता, बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा।

# शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं चीन के दावे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर बोले- भारत अब बिल्कुल सहन नहीं करेगा, तीन दिवसीय यात्रा पर सिंगापुर पहुंचे विदेश मंत्री



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर बार-बार किए जा रहे दावे को हस्यास्पद करार देते हुए खारिज कर दिया। साथ ही ड्रैगन को खरी-खरी भी सुना दी। जयशंकर ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का स्वाभाविक हिस्सा है।

इन दिनों जयशंकर तीन दिवसीय सिंगापुर दौरे पर हैं और उन्होंने एक कार्यक्रम में अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने अपने दावे को दोहराया है और यह नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं और अभी भी हास्यास्पद ही बने हुए हैं। एस जयशंकर, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के प्रतिष्ठित दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान (आईएसएएस) में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देने पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने सवालों के जवाब में चीन को लेकर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट, बहुत सुसंगत रहे हैं। आप जानते हैं कि यह कुछ ऐसा है, जो होने वाली सीमा चर्चा का हिस्सा होगा।

एक अन्य सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि "आज भारत के लिए चुनौती है कि वह दो उभरती शक्तियों के बीच स्थायी संतुलन कैसे बनाए, जो पड़ोसी भी हैं और जिनका एक इतिहास और आबादी है, जो उन्हें बाकी दुनिया से अलग करती है। जिनके पास क्षमताएं भी हैं। यह एक बहुत ही जटिल चुनौती है।

# रूस में हुए आतंकी हमले की साजिश यूक्रेन की नहीं

कीव, एजेंसी

- हमले के बाद यूक्रेन के सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने दी प्रतिक्रिया

रूस की राजधानी मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में हुए आतंकी हमले में यूक्रेन ने प्रतिक्रिया दी है। शनिवार को यूक्रेन के एक सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि मॉस्कों में शुक्रवार को हुई गोलबारी में यूक्रेन शामिल नहीं है।

वहीं यूक्रेनी लिंक का भी वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। रूस की एफएसबी सुरक्षा सेवा ने कहा कि मॉस्कों के पास कॉन्सर्ट हॉल में आतंकी हमले में शामिल सभी चारों आतंकवादियों को यूक्रेन सीमा की ओर जाते वक्त गिरफ्तार किया गया है। ये सभी यूक्रेन के संपर्क में थे। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय के एंड्री युसोव ने कहा कि निश्चित रूप से यह रूसी विशेष सेवा एफएसबी का एक और झूठ हैं। इसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। यूक्रेन इस आतंकी हमले में शामिल नहीं है।

### राष्ट्रीय शोक की घोषणा

मॉस्को की गोलीबारी पर निराशा और दुख का इजहार करते हुए हाल ही में पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने गए पुतिन ने देशवासियों से मुखातिब होकर कहा, 'मैं आज आपसे उस खूनी, बर्बर आतंकवादी कृत्य के संबंध में बात कर रहा हूं, जिसमें दर्जनों निर्दोष, शांतिपूर्ण लोग शिकार बने। मैं 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित करता हूं।

### ट्यूलिप गार्डन के खुले द्वार...



**श्रीनगर :** इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन, जिसे पहले सिराज बाग के नाम से जाना जाता था, इस सप्ताहांत आगंतुकों के स्वागत के लिए खोल दिया गया और रंगों की जीवंत श्रृंखला प्रदर्शित कर रहा है। कश्मीर के श्रीनगर में डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच स्थित, उद्यान ने शनिवार को जनता के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं, फूलों की खेती उद्यान में ट्यूलिप की अधिक किस्में देखने को मिलेंगी। बगीचे में पांच नई ट्यूलिप किस्मों को शामिल किया गया है, जिससे कुल मिलाकर 68 किस्में हो गई हैं।

### 20 साल से फरार गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को क्राइम ब्रांच ने चीन से किया प्रत्यर्पित

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की क्राइम ब्रांच ने मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई प्रत्यर्पित कर लिया है। पुजारी 20 साल से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस तक जारी किया हुआ था।

एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी शुक्रवार को गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई लाए हैं। 2020 में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर प्रसाद पुजारी की मां इंदिरा विट्ठल पुजारी को जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया था। गैंगस्टर पुजारी पर मुंबई में हत्या और लोगों को धमकाने के कई आरोप दर्ज हैं। इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। पुलिस के मुताबिक, 62 वर्ष की इंदिरा और दो अन्य पर मुंबई के एक बिल्डर से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने का आरोप लगा था। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान सुनील अंगने (56) और सुकेश कुमार (28) के रूप में हुई।

# श्रीलंका को 15 करोड़ की आर्थिक मदद देगा भारत

कोलंबो, एजेंसी

- बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी धनराशि

भारत ने एक बार फिर से श्रीलंका की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। दरअसल श्रीलंका के बौद्ध शहर अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं को तैयार किया जाना है। इस वजह से श्रीलंका ने भारत से अतिरिक्त आर्थिक मदद की मांग की थी। भारत ने भी श्रीलंका की इस मांग को समझा और आर्थिक सहयोग किया।

भारतीय उच्चायोग ने कहा है कि भारत ने श्रीलंका के अनुराधापुरा के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने 21 मार्च को अपने समकक्ष श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ पत्रों का आदान-प्रदान किया। आपस में बातचीत के बाद अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए गए। 15 करोड़ रुपये की यह धनराशि अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी।

भारतीय उच्चायोग का कहना है कि श्रीलंका के आर्थिक परिदृश्य में भारी बदलाव को देखते हुए भारत सरकार ने नौ परियोजनाओं में अतिरिक्त धनराशि डालने का फैसला लिया है। भारत सरकार चाहती है के इन परियोजनाओं को जल्दी से जल्दी से पूरा किया जाए। भारत द्वारा इन नौ परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत धनराशि दी जा रही है, जबकि 50 प्रतिशत धनराशि श्रीलंका सरकार के खजाने से खर्च होगी।

विज्ञान | शिकागो विवि के वैज्ञानिकों ने की हमारे शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्वों की खोज

# प्रारंभिक तारे हैं कैल्शियम, लोहा व सोडियम का स्रोत

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** हमारे शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्व कहां से आए ? आधुनिक खगोल विज्ञान के वैज्ञानिकों के मन मे यह प्रश्न अक्सर आता रहा है। लंबे समय बाद यह उत्तर सामने आया है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद मरने वाले प्रारंभिक तारों से हमारे शरीर मे मौजूद तत्वों का जन्म हुआ है।

यह जानकारी हाल की खोज में सामने आई है। शिकागो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार सितारों की पहली पीढ़ी ने ब्रह्मांड को बदल दिया। उनके कोर के अंदर सरल हाइड्रोजन और हीलियम के तत्व एक जैसे इंद्रधनुष में विलीन हो गए। जब ये तारे मर गए, तो उनमें विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद तारों के नए तत्वों को ब्रह्मांड में फैला दिया गया। इन तत्वों में हमारी नसों में दौड़ने वाला लोहा, दांतों का कैल्शियम और हमारे विचारों को शक्ति देने वाला सोडियम आदि शामिल थे। ये सभी तत्व लंबे समय से मृत तारे के हृदय में पैदा हुए थे। ब्रह्मांड को नया रंग देने में मृत तारों की विशेष भूमिका रही थी। वैज्ञानिक इसे अनोखी खोज मान रहे हैं। यह सर्वविदित है कि लोहे से हल्के अधिकांश तत्व तारों के कोर में बने होते हैं। भले ही पृथ्वी पर रहते हैं, लेकिन अधिकांश तत्व अंतरिक्ष से ही आए हैं। रासायनिक तत्व के स्रोत अपने आप में बड़ी खोज है। इसकी खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन मृत तारों का अध्ययन करना पड़ा। प्रारंभिक तारों के बाद दूसरी पीढ़ी की तारे अस्तित्व में आने के बाद मूल रूप से अलग आकाशगंगा का निर्माण हुआ। खोजकर्ता वैज्ञानिक अनिरुद्ध चिति कहते हैं कि हमारी आकाशगंगा के अलावा अन्य आकाशगंगाओं में बहुत प्रारंभिक तत्वों के निर्माण की प्रक्रिया एक अनूठी खिड़की प्रदान करता है। यह खोज 20 मार्च को नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है।



प्राचीन ब्लैक होल की तस्वीर।

### शुरुआती तारों में छिपे हैं अनेक रहस्य

शुरुआती तारों में बेशुमार रहस्य छिपे हुए हैं। मगर उन तारों की ढूंढ कर पाना आसान नही है। यदि बहुत पुराना तारा ढूंढ सकते हैं, तो निश्चित ही उसकी रासायनिक संरचना प्राप्त कर सकते हैं। जिससे समझ सकते हैं कि ब्रह्मांड में अरबों साल पहले के तारे की रासायनिक संरचना कैसी थी। इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का एक वर्ग प्राचीन तारों को तलाश कर खोज को नई दिशा देंगे।

### शटडाउन से बचा अमेरिका, सीनेट ने दी फैसले को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने आंशिक शटडाउन को टालने के लिए 1.2 ट्रिलियन डालर के पैकेज वाले बिल को मंजूरी दे दी है। अब इसे राष्ट्रपति जो बाइडन के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान 24 के मुकाबले 74 वोट पड़े।

व्हाइट हाउस ने कहा कि चूंकि संघीय निधि के दायित्वों को दैनिक आधार पर खर्च किया जाता है और ट्रैक किया जाता है, इसलिए एजेंसियां बंद नहीं होंगी और अपना संचालन सामान्य रूप से जारी रख सकती हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स की ओर से बिल में प्रस्तावित संशोधनों पर तनातनी के बाद शुक्रवार शाम को एक अल्पकालिक सरकारी शटडाउन की संभावनाएं बढ़ गई थीं। आधी रात से ठीक पहले सीनेट के बहुमत नेता चक शूमर ने इसे लेकर सहमति की घोषणा की।

# सोमालिया के 35 समुद्री लुटेरों को लेकर लौटा आईएनएस कोलकाता, मुंबई पुलिस को सौंपा




मुंबई, एजेंसी

अरब सागर और अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना ने बड़ा ऑपरेशन चलाया था। जिसमें नौसेना ने समुद्री डकैती रोधी अभियान के तहत सोमालिया के तट से 35 समुद्री लुटेरों को पकड़ा था। पकड़े गए लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा। इसके बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया।

यह अभ्यास चल रहे ऑपरेशन संकल्प के हिस्से के रूप में किया गया था, जिसमें भारतीय नौसेना के जहाजों को क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और व्यापार सुरक्षा के लिए अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। नौसेना ने सीमा शुल्क और अप्रवासन की औपचारिकताओं के बाद 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। 16 मार्च को एक एंटी पाइरेट्स ऑपरेशन के बाद भारतीय नौसेना के आईएनएस कोलकाता ने समुद्री लुटेरों को पकड़ाथा।

### अरब सागर में 10 युद्धपोत तैनात: एडमिरल आर हरि

भारतीय नौसेना के अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर में चल रहे 100 दिन के अभियान पर एडमिरल आर हरि कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में अव्यवस्था का लाभ उठाने के लिए लुटेरे फिर से सक्रिय हो गए हैं। वह लूटपाट को उद्योग की तरह देख रहे हैं। इसे रोकने के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि नौसेना ने ऑपरेशन संकल्प और अन्य अभियान चलाकर 110 लोगों की जान बचाई है, जिसमें 45 भारतीय और 65 अंतर्राष्ट्रीय नागरिक शामिल हैं। इतना ही नहीं उसने 13 हमले की घटनाओं का भी जवाब दिया है। उन्होंने कहा- अरब सागर में एंटी-पायरेसी और एंटी-ड्रोन ऑपरेशन के लिए पी-8आई निगरानी विमान, सी गार्जियन ड्रोन और बड़ी संख्या में कर्मियों के साथ 10 युद्धपोतों को तैनात किया है।